सूर्योदय 6:17 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.2 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 15.0 न्यू | 29.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81688.45 |
| निफ्टी | 25014.60 |
| सोना 78,200 | चांदी 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सचिन अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग के स्वामित्व ग्रुप में शामिल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 7 अक्तूबर 2024 | 22 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 291, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# 30 से ज्यादा हस्तियों को अनंत शिखर सम्मान

## ऊना की रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में हुआ पहला समारोह, विधायक सुदर्शन बबलू और विवेक शर्मा ने किए सम्मानित

**राजेश शर्मा, ऊना**

**हिमाचल** प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र का पहला शिखर सम्मान 2024 समारोह ऊना की रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में रविवार को आयोजित हुआ। समारोह के मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति में उनके बड़े भाई डॉ. राकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विशिष्ट अतिथि चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, उद्यमी एवं खेलों के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली 30 से ज्यादा हस्तियों को सम्मानित किया। समारोह में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, ऊना जिले के डीसी जतिन लाल, एसपी राकेश सिंह, एएसपी सुरेंद्र शर्मा, बाथू बाथड़ी तथा टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष पवन ठाकुर, इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री जगत राम शर्मा, कांग्रेस के प्रदेश कमेटी के प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा को अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ ने टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, लीड स्पांसर्स वेम्बली पेंट्स एंड कैमिकल्स के एमडी एवं स्टार उद्यमी मनदीप लांबा को अनंत ज्ञान के डायरेक्टर हिमांशु व्यास ने टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनंत ज्ञान के सीईओ विशाल धीमान, एडमिनिस्ट्रेशन हेड प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद व मार्केटिंग मैनेजर संजीव डोगरा समेत अनंत ज्ञान परिवार के अन्य सदस्य नेहा, आशीष कुमार, प्रवीण कुमार, मनु कुमार, पन्ना लाल, जिलों के ब्यूरो चीफ विक्रम डढवालिया, राजेश शर्मा, अनिल शर्मा, कमलेश वर्मा, पुनीत शर्मा, शुभम राही, आर मोहन चौहान भी मौजूद रहे। स्टेज संचालन रीत वशिष्ट ने किया। समारोह का आगाज मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जोगिंद्रनगर की नन्ही कलाकार आश्वी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। वहीं, हिमाचल के लोक गायक तथा बॉलीवुड गायक धीरज शर्मा ने शिव कैलाशों के वासी से लेकर मोहम्मद रफी के पुराने गाने गाकर समां बांधा और खूब वाहवाही लूटी। इससे पहले शिक्षाविद् नवीन वशिष्ट, सन्नी ने भी पहाड़ी नाटियों और गीतों से रोमांचित किया। इसके अलावा लोक संपर्क विभाग ऊना के बांसुरी वादक संजीव माथुर ने मधुर धुनों से आश्चर्य चकित किया। (अनंत ज्ञान)

**धीरज शर्मा, नवीन वशिष्ट व नन्ही कलाकार आश्वी ने मचाई धूम**





**इन्हें किया सम्मानित**

**कांगड़ा** के लोक गायक कश्मीरी लाल, धीरज शर्मा, कलाकार मुकेश थापा, चित्रकार मुकेश धीमान, पावर लिफ्टर रोहित कुमार, साहित्कार शक्ति चंद राणा, धेनुम आश्रय सदनम ट्रस्ट, एनजीओ जनकल्याण संस्था तलवाड़, लोक गायक इशांत भारद्वाज, मंडी जिले के ठेकेदार विजय कपूर, समाजसेवी अनिल शर्मा, श्रीमति नीरज शर्मा, समाजसेवी ललित कुमार जम्वाल, बिलासपुर जिले के समाजसेवी केडी लखनपाल, सीमा संख्यान, हमीरपुर जिले की योग ब्रांड एंबेसडर निधि डोगरा, शिक्षाविद् डॉ. आरसी शर्मा, योग प्रशिक्षक यशोवर्धन अत्री, सोलन जिले के समाजसेवक एवं उद्यमी राजपाल चौहान, समाजसेवी एवं उद्यमी कश्मीर कपिल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार भावना ओवराय, कुल्लू जिले के एथलीट धावक द्वारिका ठाकुर, कला एवं संस्कृति कलाकार ऋषिता कौंडल, समाजसेवी सुदर्शना ठाकुर, ऊना जिले के समाजसेवक एवं उद्यमी राजेंद्र वशिष्ट, अथर्व चड्ढा, समाजसेवी सुरेंद्र ठाकुर, हमीरपुर जिले के डॉ. वैभव, बिलासपुर जिले के जिला खेल अधिकारी रवि शंकर, मंडी जिले की नर्तकी आश्वी को सम्मानित किया गया।

### आयोजन के स्पांसर्स

**आयोजन** के लीड स्पांसर्स वेम्बली पेंट्स एंड कैमिकल्स हैं। इसके अलावा बेस्ट कैब्स, लूण सॉल्ट, धाकड़ फाउंडेशन, अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़, श्री साई यूनिवर्सिटी पालमपुर, योगिता एग्रो सर्विस चंबा, मदर क्राफ्ट हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा), लॉरेट इंस्टीट्यट ऑफ फार्मेसी कथोग (ज्वालामुखी), भूषण ज्वेलर्स सोलन, हिम अकादमी हमीरपुर, भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पालमपुर, लॉरेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर (कुल्लू), सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग लंजोत (शाहपुर), पंचशील हॉस्पिटल नगरोटा बगवां, शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन हमीरपुर, शिवांबू इंटरनेशनल गगरेट (ऊना), इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी हरोली (ऊना), कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल, कौशल रोलर फ्लोर मिल टाहलीवाल (ऊना), ललित एंड बदर्स सरकाघाट (मंडी), रत्न ज्वेलर्स भवारना (पालमपुर), जेपी आचार्य सगूर (बैजनाथ), एमएस कतना ट्रेडर्स नादौन, न्यू गुरुकुल हमीरपुर, बुड्ढा मल एंड संस ज्वेलर्स पालमपुर, न्यू नंदा ज्वेलर्स पालमपुर और एसएम आई हास्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा) भी अनंत ज्ञान के शिखर सम्मान समारोह के प्रायोजक हैं।

### पंचम मां स्कंदमाता

**पांचवें** नवरात्र पर मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने से मंदबुद्धि भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार यानी स्वामी कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। स्कंदमाता की गोद में उनके पुत्र स्कंद शोभायमान हैं। स्कंदमाता को मां दुर्गा का ममतामयी रूप माना गया है। ऐसा माना जाता है नवरात्र में मां इस का रूप की पूजा करने से मां संतान सुख का आशीर्वाद देती हैं।



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रित करद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंद माता यशस्विनी॥
या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

# 1,545 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का रिकॉर्ड उत्पादन

## सीएम ने कहा- एचपीएमसी के 206 खरीद केंद्रों से खरीदा 19,437 मीट्रिक टन सेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) ने 4 अक्तूबर तक तीन संयंत्रों के माध्यम से रिकॉर्ड 1,545 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का प्रसंस्करण किया है।



शिमला जिले के पराला संयंत्र से 814 मीट्रिक टन, सोलन जिले के परवाणू संयंत्र से 653 मीट्रिक टन और मंडी के जरोल संयंत्र से 78 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का प्रसंस्करण किया गया है।

उन्होंने कहा कि एचपीएमसी खरीदे गए लगभग सभी सेबों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित कर रहा है और बहुत कम फलों को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है। खरीद मानकों की अनुपालना करते हुए इस सीजन में खरीदे गए 92 प्रतिशत सेबों का प्रसंस्करण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष एमआईएस के तहत हिमाचल प्रदेश में कुल 29,200 मीट्रिक टन सेब खरीदे गए हैं। इसमें से एचपीएमसी के 206 खरीद केंद्रों से 19,437 और हिमफेड के 109 केंद्रों से 9,764 मीट्रिक टन सेब खरीदे गए।

### सीए स्टोर के लिए किराया शुल्क घटाया

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सरकार ने सीए स्टोर के लिए किराया शुल्क 1.90 रुपए से घटाकर 1.60 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया है। बागवानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एचपीएमसी ने सेब उत्पादकों को प्रदान किए जाने वाले कीटनाशकों और उर्वरकों के लाभ मार्जिन को 15 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार किन्नौर जिला के टापरी में जियोथर्मल कोल्ड स्टोर बनाने की योजना बना रही है। इस कोल्ड स्टोर की अगले वर्ष शुरू होने की संभावना है।

# निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को पद से हटाने के कदम को हल्के में नहीं ले सकते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक गांव की महिला सरपंच को पद से हटाने का आदेश रद्द करते हुए कहा कि निर्वाचित जन प्रतिनिधि को हटाने के फैसले को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

खासतौर पर तब, जब मामला ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जुड़ा हो। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए 27 सितंबर को कोर्ट ने कार्यकाल पूरा होने तक सरपंच की बहाली के आदेश दिए। महाराष्ट्र के जलगांव में विचखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच मनीष रवींद्र पानपाटिल ने अपने खिलाफ हुए एक्शन पर याचिका लगाई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद उन्हें उनके पद से हटाने का आदेश दिया गया था। आरोप था कि वह सरकारी जमीन पर बने घर में अपनी सास के साथ रह रही थीं। पानपाटिल ने इस आरोप का खंडन किया। उन्होंने बताया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ किराए के घर में अलग रहती हैं।

**बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटा**





# महाराष्ट्र में दो मंजिला इमारत में लगी आग, एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**एजेंसी, मुंबई**

**मुंबई** के चेंबूर इलाके के सिद्धार्थ कॉलोनी में रविवार सुबह दो मंजिला दुकान-सह-आवासीय इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई।

रविवार सुबह 5:20 बजे ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ऊपर की मंजिल तक पहुंची, लेकिन कोई भी बाहर नहीं निकल पाया। फायर



ब्रिगेड ने करीब 9 बजे तक आग पर काबू पाया, जिसके बाद अंदर फंसे सभी 7 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इमारत के भूतल का इस्तेमाल दुकान के रूप में और ऊपरी मंजिल का इस्तेमाल आवास के रूप में किया जाता था। दुकान में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

### बिल्डिंग में अंदर जाने का था एक ही रास्ता

**मकान** में अंदर जाने का एक ही रास्ता था। आग की ऊंची लपटें देखकर पड़ोसी अंदर फंसे परिवार को रेस्क्यू नहीं कर पाया। फायर ब्रिगेड टीम भी घर के बाहर से ही आग बुझा पाई। इस वजह से समय रहते परिवार को रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

## ऊना में वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**ऊना।** हिमाचल के ऊना जिले में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव किया गया। इस पथराव में ट्रेन के 2 कोच के शीशे टूट गए। ट्रेन दोपहर को अंब-अंदौरा से नई दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान ऊना से चुरूड़ू टकारला के बीच ट्रेन पर पथराव हुआ है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस हरकत में आ गई है। इस घटना की जांच जारी है।

## उमर खालिद की जमानत याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।

## 'आप' विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** बस मार्शलों के मुद्दे पर शनिवार को दिल्ली सचिवालय से लेकर राजनिवास में हुए हंगामे पर दिल्ली पुलिस ने रविवार को 'आप' विधायकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के विधायकों ने सीएम आतिशी की मौजूदगी में अभद्र व्यवहार और हाथापाई करने की शिकायत की है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- ब्रह्मपुखर-बरमाणा वाया जुखाला हाईवे को बनाएं फोरलेन -पेज 2
- बज्रेश्वरी मंदिर में चौथे नवरात्र पर चढ़ा 6.24 लाख चढ़ावा -पेज 5
- हरोली बीडीसी सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार -पेज 10
- डबल इंजन मतलब है दोहरा भ्रष्टाचार: अरविंद केजरीवाल -पेज 13
- सुल्तान जोहोर कप में भारतीय जूनियर टीम की कमान संभालेंगे आमिर अली -पेज 14

### एनसीबी और एटीएस टीम की बड़ी कार्रवाई

# भोपाल में फैक्टरी से 1,814 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**एजेंसी, भोपाल**

**नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की संयुक्त टीम ने मध्य प्रदेश के भोपाल में एक फैक्टरी में छापेमारी कर 1,814 करोड़ रुपए की ड्रग्स व कच्चा माल पकड़ा है। पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट किया है।

फैक्टरी से कुल 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया। यह जानकारी गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने 'एक्स' पर दी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने 'ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई' के लिए टीम की प्रशंसा की।

## अमृतसर में 10 करोड़ की कोकीन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल ने 5600 करोड़ की ड्रग्स सिंडिकेट मामले में 10 करोड़ की कोकीन पंजाब के अमृतसर से बरामद की। तीन अक्तूबर को गिरफ्तार अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के प्रमुख सदस्य जितेंद्र उर्फ जस्सी की निशानदेही पर अमृतसर में यह कार्रवाई की। पुलिस ने यह खेप अमृतसर के नेपाल नाम के गांव से मुख्य आरोपी जितेंद्र गिल के चाचा के घर से गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो विदेश भागने की फिराक में था।



## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेसी जेपी नड्डा के दौरे से बौखलाए : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की कांग्रेस के सभी नेता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हिमाचल दौरे से पूरी तरह जेपी बौखला गए है। ऐसा क्या हो गया की कांग्रेस ने मंत्री और नेता जेपी नड्डा के दो दिविसीय दौरे से घबरा गए ? संदीपनी ने कहा की हिमाचल में बाढ आई, तब मोदी सरकार ने 1190 करोड़ रुपए दिए लेकिन सीएम सुक्खू ने कभी इसका जिक्र नहीं किया। मोदी सरकार ने 1 लाख से अधिक घर और करोड़ों रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने के लिए दिए लेकिन यहां मकान नहीं बने, सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। कांग्रेस के नेताओं में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सिर्फ अपने लोगों को पहुंचाया न कि हिमाचल के गरीबों को दिया। कांग्रेस सत्ता लोलुपता में इस कदर अंधी हो चुकी है कि उसे हिमाचल की जनता की कोई फिक्र ही नहीं है।

### कैंप में करवाई 700 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच



**अनंत ज्ञान, चौपाल,नेरवा।** हिमाचल ठोडा खेल एवं संस्कृतिक संघ के तत्वावधान व चूडेश्वर सेवा समिति के सहयोग से चौपाल स्थित तहसील मैदान में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ पूर्व जिला परिषद सदस्य अनीता किमटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस शिविर में बहुप्रतिष्ठित एव शीर्ष संस्थान महर्षि मारकंडेश्वर चिकित्सा विश्व विद्यालय (सुलतानपूर) सोलन के नेत्र रोग, आंख, नाक, कान, गला रोग, आंतरिक चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, हड्डी रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा करीब 700 रोगियों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। इस शिविर में भारत के प्रतिष्ठित महर्षि मारकंडेश्वर चिकित्सा विश्व विद्यालय (सुलतानपूर) सोलन के प्रिंसिपल आरसी शर्मा, एमएस डॉ. मनप्रीत सिंह नंढा, हिमाचल ठोडा एंव सांस्कृतिक संघ के महासचिव ओपी मेहता, रविन्द्र चौहान, नरवीर दिलाइक, जगदीश जिंटा, प्रताप नेगी आदि गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट कर हरोली विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क की प्रगति के बारे में चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बल्क ड्रग पार्क के लिए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता के सम्बंध में अवगत करवाया। उप-मुख्यमंत्री ने ऊना में प्रस्तावित पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के निर्माण को गति देने का भी आग्रह किया और प्रदेश सरकार द्वारा हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से ऊना जिला में मेडिकल कालेज खोलने का भी आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विकास खंड मशोबरा की ग्राम पंचायत बल्देयां के गांव कमाल्टू में उचित मूल्य की दुकान आवंटित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसे जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर निर्धारित की गई है। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले श्रवण कुमार ने दी। इच्छुक उम्मीदवार, संस्था, ग्राम पंचायत या सहकारी सभा बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र के साथ मैट्रिक प्रमाण-पत्र तथा अन्य उच्च शिक्षा प्रमाण-पत्र, यदि शिक्षित बेरोजगार है, तो तहसीलदार द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

विक्रमादित्य ने सुन्नी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता किया शुभारंभ, कहा-

# सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन द्वारा आयोजित अंडर-14 छात्राओं की चार दिवसीय 39वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 12 जिलों से कनिष्ठ वर्ग की 850 स्कूली छात्राओं तथा उनके खेल कोचों को शुभकामनाएं दी।

### राष्ट्रीय स्तर के लिए होगा चयन

**शुभारंभ** समारोह में उप निदेशक एवं खेल प्रभारी महेंद्र सिंह टेकटा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि अंडर-14 कनिष्ठ वर्ग की इस राज्य स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 850 छात्राएं भाग ले रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा।

### सुन्नी क्षेत्र में विकासकार्यों पर व्यय किए जा रहे करोड़ों रुपए

**शिमला** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सलापड-तातापानी सुन्नी-लुहरी सड़क सुरक्षा की दृष्टी से एक महत्वपूर्ण सड़क है। इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित करने के लिए केंद्र सरकार से वार्तालाप जारी है और शीघ्र ही इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित करने में सफलता हासिल होगी। सुन्नी से लुहरी तक सड़क को चौड़ा व पक्का करने के लिए 68 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी जबकि खैरा तक डबल लेन सड़क निर्माण के प्रथम किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके लिए एसजेवीएन के साथ एमओयू हस्ताक्षर कर डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी। 7.6 करोड़ की राशि से सुन्नी के नए मॉडल स्कूल का भवन निर्मित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें। उन्होंने कहा कि सुन्नी अस्पताल को 100 बिस्तरों का करने तथा 8 डॉक्टरों के पद सृजित करने के लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है जिसके अपग्रेड होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।हनुमान मंदिर के नजदीक सामुदायिक भवन निर्माण कर लोगों को समर्पित कर दिया गया है जबकि आने वाले समय में एक लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जाएगा ।

# 26 को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर किए जाएंगे प्रदेशव्यापी प्रदर्शन : सीटू



बैठक के दौरान मौजूद सीटू के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश की बैठक प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा की अध्यक्षता में शिमला में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मिनी व अन्य आंगनबाड़ी कर्मियों तथा रेहड़ी-फड़ी तहबाजारी के मुद्दों पर जल्द ही सीटू का प्रतिनिधिमंडल दोनों विभागों के मंत्रियों एवं श्रम मंत्री से मिलेगा।

केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू राज्य कमेटी द्वारा 26 नवंबर को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर विशाल प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किए जाएंगे। सीटू राज्य कमेटी द्वारा मजदूरों के मुद्दों पर 21 -22 दिसंबर को मंडी में दो दिवसीय राज्य अधिवेशन किया जाएगा।

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी मजदूरों व जनता में जाएगी तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान करेगी।

# हिमाचली होने का धर्म निभाएं नड्डा : शांडिल,धर्माणी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को झूठ बोलना छोड़कर उन्हें हिमाचली होने का धर्म निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा जगत प्रकाश नड्डा को झूठ बोल कर देवभूमि हिमाचल प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास नहीं करना चाहिए क्योंकि पिछले बीस माह के कार्यकाल में वर्तमान कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है और यह सच प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है।

दोनों ने कहा कि बेशक जगत प्रकाश नड्डा राज्यसभा में गुजरात का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन हिमाचल उनका घर है। दोनों मंत्रियों ने कहा कि पिछले वर्ष आपदा से राहत के प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज देकर फिर से बसाया है, जबकि अभी भी आपदा के केंद्र सरकार के पास राज्य के लगभग 10 हजार करोड़ रुपए के क्लेम लंबित है।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के पास एनपीएस के फंसे 9200 करोड़ रुपए और बीबीएमबी एरियर के 4500 करोड़ रुपए हिमाचल को दिलाने में भी उन्हें हिमाचल प्रदेश की मदद करनी चाहिए। शांडिल और धर्माणी ने कहा कि आपदा में केंद्र सरकार से हिमाचल को एक पैसे की भी विशेष मदद नहीं मिली ।

# खेल-खिलाड़ी टैक्स योजना लाई है सुक्खू सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि खेल के मैदानों और खेल के समानों के इस्तेमाल के लिए सरकार द्वारा पैसे की मांग को शर्मनाक बताया। सरकार अब खेल-खिलाड़ी टैक्स योजना' लेकर आई है जिससे खेल और खिलाड़ियों के ऊपर टैक्स लगा रही है। सीएम 'जनकल्याणकारी राज्य' की परिभाषा भूल चुके हैं। एक-एक कर हर वर्ग को परेशान करने के बाद अब मुख्यमंत्री की सुई अब प्रदेश के खेल और खिलाड़ियों पर आकर रुक गई है। एक तरफ केंद्र सरकार 'खेलो इंडिया' के तहत खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल हजारों करोड़ का अतिरिक्त बजट खर्च कर रही है, दूसरी तरफ सुक्खू सरकार खिलाड़ियों पर टैक्स लगा रही है। उन्होंने कहा कि संजौली के विवादित मस्जिद प्रकरण में न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को जल्द अमल में लाया जाना चाहिए।

### पांच वार्डों में चार दिन बाद भी नहीं आया पानी

**शिमला।** राजधानी शिमला के पांच वार्ड टुटू, मज्याठ, विकासनगर, भट्ठाकुफर और पटयोग में पेयजल सप्लाई न मिलने से लोग परेशान हैं।

शिमला जल प्रबंधन निगम का दावा था कि शहरवासियों को दिन पेयजल सप्लाई दी जा रही है, लेकिन इन पांच वार्डों के कुछ क्षेत्रों में चौथे दिन भी पर्याप्त पेयजल सप्लाई नहीं मिल रही है। आलम यह है कि लोगों को बार-बार शिकायत करने पर पेयजल सप्लाई मिल रही है।

### नेरवा में 27 से 29 अक्तूबर तक रहेगी 'नेरवा-उत्सव' की धूम

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल**

नेरवा में 27 से 29 अक्तूबर तक 'नेरवा-उत्सव' की धूम रहेगी, जिसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। आयोजक अभी से इस आयोजन को सफल बनाने की तैयारियों में जुट गए है तथा इसके लिए बैठकें आयोजित कर रणनीति तैयार की जा रही है।'नेरवा उत्सव' में पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल व ओपन कबड्डी स्पर्धाएं मुख्य आकर्षण रहेगी। वॉलीबॉल स्पर्धाओं में केवल पंचायत स्तर के खिलाड़ी ही भाग ले पाएंगे, जबकि कबड्डी में किसी भी क्षेत्र अथवा राज्य के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है। कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धाओं के लिए 2100 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। दोनों स्पर्धाओं की विजेता टीमों को आयोजन समिति की तरफ से ट्रॉफी के साथ 51-51 हजार रुपए नकद पुरस्कार तथा उप विजेता टीमों को रनर-अप ट्रॉफी के साथ 25-25 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### शिमला की सड़कें दिवाली से पहले होंगी चकाचक

**शिमला।** राजधानी शिमला की सड़कों की टायरिंग का काम शुरू हो गया है। दिवाली से पहले शहर की सभी सड़कें चकाचक हो जाएंगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए हैं।

आईजीएमसी-संजौली, समरहिल-सांगटी, खलीणी-नया बस अड्डा और घोड़ा चौकी-जिला कचहरी मार्गों की मेटलिंग और टायरिंग के लिए करीब 50 लाख रुपए आबंटित किए गए हैं।

# बागवानों को इस बार दिए जाएंगे ए ग्रेड के पौधे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

बागवानी विकास के क्षेत्र में हिमाचल ने अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान में राज्य में लगभग 234.00 लाख हेक्टेयर भूमि बागवानी के लिए समर्पित है, जिससे लगभग 5,000 करोड़ रुपए की औसत वार्षिक आय होती है। यह क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नौ लाख लोगों को रोजगार देता है,जो आजीविका के एक महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है।



प्रदेश में बागवानी विभाग की योजनाएं मिसाल कायम कर रही हैं। उद्यान विभाग ने इस बार बागवानों के लिए आठ नई सेब की किस्मों के पौधे तैयार किए हैं। नर्सरियों में तैयार किए गए पौधे आगामी दिसंबर से अप्रैल माह तक बागवानों को दिए जाएंगे। नर्सरी मैनेजमेंट सोसायटी ने विभाग की 93 पौधशालाओं में 76 किस्मों के लगभग छह लाख पौधे तैयार किए हैं। इसमें 32 किस्में सेब की हैं। बीते वर्ष विभाग ने चार लाख पौधे तैयार किए थे।

उद्यान विभाग ने ग्रेडिंग सिस्टम खत्म कर केवल ए ग्रेड के ही पौधे बेचने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु एवं सीमांत बागवानों को लाभ पहुंचाने तथा उनकी आय में वृद्धि करने के मद्देनजर यूनिवर्सल कार्टन और सेब को प्रति रुपए किलो की दर से खरीदने की व्यवस्था लागू की गई है।

# क्रूज रिश्वतकांड में मंत्री का नाम आना दुर्भाग्यपूर्ण : गर्ग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

### पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री ने सीबीआई से जांच करने की उठाई मांग

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि पिछले दिनो गोबिंदसागर झील में क्रूज उतारने को लेकर कथित तौर पर जो रिश्वतकांड का मामला सामने आया है, उसमें घुमारवीं के मंत्री का नाम आना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मंत्री राजेश धर्माणी का नाम आना उनकी कार्यशैली पर बहुत बड़ा आरोप है।

गर्ग ने कहा कि जिस एमजे एडवेंचर कंपनी के व्यक्ति ने आरोप लगाया है उसने खुलेआम प्रेसवार्ता में कहा कि मैंने 5 लाख रुपए 11 मई को मोरनी हिल्स में रिश्वत के तौर पर दिए हैं और घुमारवीं में भी मंत्री के साथ बैठक होने के बाद पैसे दिए। गर्ग ने कहा कि यह बहुत बड़ा जांच का विषय है। उन्होंने इस बात की भी हैरानी जताई कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी मंत्री की तरफ कोई बयान नहीं आया है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि मंत्री ने सच्चाई को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर क्रूज घोटाले में लेनदेन के जो तथ्य आरोप सामने आए हैं उनकी सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके।

इस मौके पर उनके साथ मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान, महासचिव पंकज शर्मा, भाजपा मंडल प्रवक्ता चंद्रशील, मंडल सचिव राकेश, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकुश चंदेल व महामंत्री युवा मोर्चा ओंकार मौजूद रहे।

# मां दुर्गा की रंगोली ने किया सबको मोहित

### दुर्गा पूजा उत्सव में बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाकर भरे भक्ति के रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के धौलरा मंदिर में चल रहे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान चौथे दिन बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने गणेश भगवान, मां दुर्गा, मां भगवती और अन्य देवी देवताओं के चित्र बनाकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने बहुत ही खूबसूरती से अपनी अपनी अपनी रंगोली में रंग भरे और उन्हें जीवंत रूप देकर वाहवाही बटोरी।

इस दौरान दुर्गा पूजा की संस्थापक का डॉ. मल्लिका नड्डा विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि




दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान आने वाले दिनों में बहुत ही खूबसूरत कई तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी और अंतिम दिनों में संस्कृति की झलक को बिखेरती हुई बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नवरात्रों के अवसर पर प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और सभी के सहयोग से आज यह दुर्गा पूजा उत्सव अपनी विशेष पहचान बना चुका है। वहीं, दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान दिन में महिलाओं ने भजन-कीर्तन से जहां पूरा दिन समां बांध कर रखा। वहीं नाच गाकर उत्सव की शोभा को बढ़ाया।

वहीं, मंदिर में दुर्गा पूजा समिति की ओर से सभी के लिए स्वादिष्ट बिलासपुरी धाम का भी प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है और व्रत वालों के लिए फलाहार का विशेष प्रबंध किया गया है। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी बच्चों को बिलासपुर के व्यवसाई मनोहर लाल, आशीष और सतीश सोनी ने पारितोषिक वितरित किए, जबकि रंगोली प्रतियोगिता का बखूबी संचालन अभिलाषा शर्मा, नीतू सोनी, प्रतिभा मिश्रा, आरती सोनी, महेश, वरुण, प्रवीण, प्रिंस, करण, अर्जुन और अभिषेक मिश्रा ने किया।

# 2.71 करोड़ से होगा शाहतलाई मंदिर का जीर्णोद्धार : डॉ. निधि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ के शाह तलाई मंदिर परिसर को 2 करोड़ 71 लाख रुपए व्यय कर जीर्णोद्धार किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं अध्यक्ष मंदिर न्यास डॉ. निधि पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास के फंड से मुख्य मंदिर में 60 मीटर का आलीशान गुंबद बनाया जाएगा, जो कि मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगाने का काम करेगा।



इसके अतिरिक्त मंदिर के 1 बीघा 19 बिस्वा जमीन पर बने पुरानी चार दिवारी को ऊंचा कर बाबा बालक नाथ जी की कहानियों से जुड़े भींति चित्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर में आधुनिक सोलर लाइटों से सौंदर्य करण किया जाएगा। मंदिर परिसर में दो भव्य गेट बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में मंदिर तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क को संवारा जाएगा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर और अस्पताल के मध्य विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं सहित अस्पताल आने वाले मरीजों को भी विश्राम गृह की सुविधा मिल सके। एडीसी निधि पटेल ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करते समय मंदिर के मूल स्वरूप और बाबा बालक नाथ से जुड़े पौराणिक चीजों से छेड़छाड़ नहीं होगी। इस अवसर पर मनोनीत सदस्य विवेक कुमार, उपमंडल अधिकारी योगराज धीमान, तहसीलदार कुनिका अरकश, एसडीओ विजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# ब्रह्मपुखर-बरमाणा वाया जुखाला हाईवे को बनाएं फोरलेन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

दावीं घाटी क्षेत्र की पंचायतों के प्रतिनिधियों ने ब्रह्मपुखर-बरमाणा वाया जुखाला और घागस हाईवे को फोरलेन बनाने की मांग उठाई है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को मांग पत्र सौंपा।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शिमला-मटौर वाया जुखाला राष्ट्रीय राजमार्ग-88 के नाम से बनाया गया। इसे बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग-103 किया गया। शिमला-मटौर फोरलेन पहले वाया जुखाला बनाया जाना प्रस्तावित था। 2020 में एम्स बिलासपुर को ध्यान में रखते हुए इसे वाया एम्स किया गया।

इसके बाद मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश ने राजमार्ग व परिवहन मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों ने लिखित में दिया गया था कि शिमला-मटौर सड़क को ब्रह्मपुखर से वाया जुखाला, घागस, कंदरौर, भगेड़ तक थ्रीलेन किया जाएगा। आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस सड़क पर पर तीन सीमेंट कंपनियों के मालवाहक ट्रक चलते हैं। साथ ही शिमला, मंडी, धर्मशाला,कुल्लू, मनाली के लिए पर्यटक भी यहां से गुजरते हैं। इस भाग को अगर फोरलेन बनाया जाता है तो यातायात सुविधा बेहतर होगी। साथ ही इसका सबसे बड़ा लाभ यहां के लोगों को होगा। क्योंकि दूसरी ओर से फोरलेन बनने के बाद यह क्षेत्र पिछड़ जाएगा। अगर इस हिस्से का फोरलेन किया जाता है तो लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

# बिलासपुर कॉलेज में नईम मोहम्मद बने पीटीए प्रधान




राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में पीटीए की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में को अभिभावक-अध्यापक संघ की आम बैठक हुई। पीटीए सचिव डॉ. भूमेंद्र जसवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया व उन्होंने महाविद्यालय में हुए समस्त वित्तीय खर्चा का ब्यौरा दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पीएस कटवाल ने महाविद्यालय में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और सत्र 2023-24 की कार्यकारिणी को महाविद्यालय में रिकॉर्ड रूम, स्टोर रूम व पेनटरी बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

डॉक्टर कटवाल ने 2023-24 की कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी 2024-25 के गठन के लिए प्रस्ताव रखा। नई कार्यकारिणी में पूर्व प्रधान नईम मोहम्मद को दोबारा से सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया। उपप्रधान पद के लिए मंजीत सिंह, सह सचिव पद के लिएपवन कुमार व कोषाध्यक्ष पद के लिए संजीव ढिल्लों और सदस्यों में विवेक बहल, आरिफ हुसैन, अमरनाथ गर्ग व सरिता को चुना गया। वहीं, महाविद्यालय से डॉ. भूमेंद्र जसवाल को सचिव, डॉ. रंजीत कौशल, डॉ. प्रवीण संख्यान एवं डॉ. नम्रता पठानिया को सदस्य और डॉ. सुरेंदर व डॉ. रितु शर्मा को ऑडिटर चुना गया। अंत में महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पीएस कटवाल ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं व अभिभावक व शिक्षक वर्ग का धन्यवाद किया।

**मनोरंजन**

रामलीला के तीसरे दिन राजा जनक की पुत्री के स्वयंवर के दृश्य का किया गया मंचन

# सीता स्वयंवर में राम ने तोड़ा शिवधनुष, परशुराम हुए क्रोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन एक दृश्य में राजा जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर का आयोजन करते हैं। इसमें सुदूर देशों के राजकुमार भाग लेने पहुंचे। भगवान श्री राम भी गुरु विश्वामित्र और अनुज लक्ष्मण के साथ वहां पहुंचते हैं। रावण भी स्वयंवर में भाग लेने पहुंचता है। स्वयंवर शुरू होने से पहले जनक भगवान शिव की आराधना करते हैं और सीता के लिए सुंदर वर की कामना करते हैं। विभिन्न देशों से आए राजकुमारों ने शिवधनुष उठाने का प्रयास करते हैं लेकिन वे उसे हिला तक नहीं पाते। इसके बाद रावण जब धनुष उठाने



के लिए बढ़ता है तभी आकाशवाणी होती है कि रावण स्वयंवर से चला जा नहीं तो तेरी जग हंसाई होगी, क्योंकि रावण को एक ही बार शिवधनुष को उठा पाने का वरदान था व रावण ने वरदान की सत्यता को परखने के लिए रात्रि में ही रंगशाला में धनुष उठा लिया था। अपमानित होने से बचने के लिए रावण स्वयंवर को छोड़कर चला जाता है। राजा जनक यह सब देखकर चिंतित हो जाते हैं और आवेश में आकर सभी राजाओं को वहां से चले जाने का आदेश देते हैं। इस पर लक्ष्मण को क्रोध आ जाता है और वह राजा जनक को कहते हैं कि सूर्यवंशी राजसभा में उपस्थित हैं जो धनुष क्या ब्रह्मांड को हिलाने की क्षमता रखते हैं। इस पर विश्वामित्र राम को शिवधनुष तोड़ने की आज्ञा देते हैं। श्रीराम ने जनक को प्रणाम किया और शिवधनुष को उठाकर ज्यों ही उस की प्रत्यंचा चढ़ाई त्यों ही उसके दो टुकड़े हो गए। सीता श्री राम को वरमाला पहनाती हैं। तभी ऋषि परशुराम वहां आकर शिवधनुष के टूटने पर गुस्सा होते हैं। इस पर लक्ष्मण और परशुराम का विवाद हो जाता है। श्री राम कहते हैं कि यह धनुष उन्होंने तोड़ा है। तभी परशुराम ने उन्हें उनके धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं और राम द्वारा प्रत्यंचा चढ़ा दिए जाने पर परशुराम बहुत खुश होते हैं व भगवान राम और सीता को आशीर्वाद देते हैं।

# अध्यापकों और एसएमसी सदस्यों को आपदाओं बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

श्री नयना देवी जी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टोबा में अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को आपदाओं के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन डाइट के उप प्रधानाचार्य संजय सामा ने किया। आपदा प्रबंधन के जिला समन्वयक राकेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में आपदा से पूर्व तैयारी, बचाव और आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। हृदय के आघात एवं अचेतन अवस्था में लोगों को सीपीआर देने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों से आपदाओं से बचाव के लिए स्कूली और गांव स्तर पर प्रबंधन योजना बनाने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक दिग्विजय मल्होत्रा ने लोगों को प्राथमिक चिकित्सा देने की बारीकियों के बारे में अवगत करवाया। मुख्यातिथि संजय सामा ने सभी प्रतिभागियों को बैग और प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी से समय-समय पर मॉकड्रिल करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आपदाओं के बारे में जागरूक एवं सचेत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय मुख्य शिक्षक दिनेश राणा, भाग सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# साधना और अनीश दौड़े सबसे तेज

## वन्य प्राणी सप्ताह के तहत धर्मशाला में किया गया मिनी मैराथन का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत रविवार को धर्मशाला में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के सिंथेटिक ट्रैक से शुरू हुई इस मैराथन में प्रतिभागी वाया चीलगाड़ी कुनाल पत्थरी माता होते हुए वापस सिंथेटिक ट्रैक पहुंचे।

महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर व पुरुषों के लिए 8 किलोमीटर की इस मिनी मैराथन दौड़ में 100 के करीब प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ धर्मशाला वृत्त सरोज भाई पटेल ने जानकारी दी कि मैराथन दौड़ में महिला वर्ग में साधना चौधरी प्रथम, नैंसी चौधरी दूसरे तथा गार्गी शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरुष वर्ग में अनीश चौधरी प्रथम, सुरेंद्र द्वितीय तथा विक्रम सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

प्रथम पुरस्कार विजेता को सात हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार विजेता को पांच हजार तथा तृतीय स्थान पर आने वाले को तीन हजार रुपए दिए गए। मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया। वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इस वर्ष 2 से 8 अक्तूबर तक 73वां वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इस दौरान वन मंडलाधिकारी मुख्यालय संजीव सिंह, वन मंडलाधिकारी मुख्यालय राहुल शर्मा, सहायक आरण्यपाल दौलत राम तथा वन्य प्राणी वृत्त धर्मशाला तथा वन वृत्त धर्मशाला के अधिकारी, कर्मचारियों सहित मैराथन के प्रतिभागी उपस्थित रहे।



धर्मशाला में आयोजित मिनी मैराथन दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।



मिनी मैराथन के महिला वर्ग में विजेता रहे प्रतिभागी।

### वन्य प्राणियों का संरक्षण बेहद जरूरी

**सीसीएफ** वन्य प्राणी ने बताया कि धर्मशाला वन्य प्राणी वृत्त के अंतर्गत वन्य प्राणी मंडल चंबा व हमीरपुर के सभी वन्य प्राणी अभ्यारण्य तथा चिड़ियाघरों में भी भिन्न-भिन्न प्रकार के आयोजन प्रतिदिन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आज वन्य प्राणी वृत्त धर्मशाला द्वारा धर्मशाला में लड़के और लड़कियों के लिए मैराथन दौड़ करवाई गई। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन और प्रकृति के संचालन के लिए वन्य प्राणियों का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि वन्य प्राणियों के जीवन पर ही हमारा जीवन निर्भर है, इसलिए उनकी आवश्यकताओं के प्रति सजग रहना जरूरी है।



मिनी मैराथन के पुरुष वर्ग में विजेता रहे प्रतिभागी।

# डॉ. मुनिश ने सीएम को मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों की समस्याओं से करवाया अवगत

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ मेडिकल कॉलेज टांडा के अध्यक्ष डॉक्टर मुनिश सरोच ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को आरपीजीएमसी कांगड़ा, टांडा और प्रदेश के अन्य पांच राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के शिक्षकों को अवकाश की संख्या में कटौती को लेकर आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने सरकार द्वारा हाल ही में चिकित्सा शिक्षकों के लिए अवकाश की संख्या में कटौती के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा की वे इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हैं। यह निर्णय न केवल अर्जित अवकाशों को घटाता है, बल्कि चिकित्सा संकाय पर तृतीयक स्तर की रोगी देखभाल और भविष्य के चिकित्सकों को सिखाने और प्रशिक्षित करने की विशिष्ट मांग को भी नजरअंदाज करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नियुक्तियां एनएमसी द्वारा एमबीबीएस और एमडी छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार की जा रही हैं, जो तृतीयक स्तर की रोगी देखभाल के पहलू को पूरी तरह से नजरअंदाज करती हैं, जिसके लिए वास्तव में अधिक कार्यबल की आवश्यकता होती है। इसने मौजूदा संकाय पर अत्यधिक दबाव डाल दिया है, जिसके कारण कुछ मामलों में संकाय को सप्ताह में 70-100 घंटे तक काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब राज्य में 6 चिकित्सा महाविद्यालय, 1 निजी चिकित्सा महाविद्यालय, 1 एम्स और कई निजी अस्पताल हैं, तो चिकित्सा महाविद्यालयों में वार्षिक अवकाश रोगी देखभाल को कैसे प्रभावित कर सकते हैं? यह बात सरासर गलत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे चिकित्सा महाविद्यालयों में अवकाशों की कटौती के इस निर्णय पर पुनर्विचार करें। (अनंत ज्ञान)



# नगरोटा में घर-घर जाकर की जा रही बिजली उपभोक्ताओं की केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विद्युत मंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों को आधार कार्ड व परिवार नकल से जोड़ने की प्रक्रिया 1 अक्तूबर से शुरू कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। जब बिजली कर्मचारी बिल जारी करने अथवा आधार कार्ड लिंक करने के लिए उपभोक्ताओं के घर जाएगा, उस समय केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर, जोकि आधार कार्ड से जुड़ा हो को पहले से ही उपलब्ध रखें, ताकि केवाईसी के काम को समय पर किया जा सके। अगर कोई उपभोक्ता किसी कारणवश घर पर उपलब्ध नहीं होता है, तो वह उपरोक्त लिखित दस्तावेजों के साथ 20 अक्तूबर से लेकर 31 अक्तूबर तक विद्युत उपमंडल बड़ोह, टांडा एवं नगरोटा बगवां में आकर अपना आधार कार्ड लिंक करवा सकता है। अगर कोई उपभोक्ता अपना आधार कार्ड या राशन कार्ड को विद्युत बिल से लिंक नहीं करवाता है तो भविष्य में बिल में आने वाली सभी सुविधाओं से वंचित रह सकता है। यह जानकारी विद्युत मंडल नगरोटा बगवां के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता कमल चौधरी ने दी है।




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें।

सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# औहर में पांडव छोड़ गए दुर्लभ निशानियां

'इतिहास अपने गर्भ में कई ऐसी रहस्यमयी जगहों को दबाए बैठा है, जो आज भी रहस्य बनकर ही रह गई हैं। आज हम आपको ऐसे ही एक रहस्यमयी जगह से रू-ब-रू करवाएंगे, जहां न केवल पांडवों ने शरण ली थी, बल्कि कई मूर्तियां व शिलाएं भी बनाई थीं। यह जगह है बिलासपुर जिले के औहर गांव में। पांडवों ने अज्ञातवास का कुछ समय औहर में भी गुजारा था। इस दौरान उन्होंने देवी-देवताओं की पूजा करने के लिए अपने हाथों से मूर्तियों का निर्माण कर शिलाएं भी स्थापित की थीं।



नीरज शर्मा
घुमारवीं



### अज्ञातवास भंग होने के भय से नहीं बनी पूरी पौड़ियां

**सतीश कुमार** ने बताया कि पांडवों ने पहले यहां शिवलिंग तथा उसके बाद हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की। कुछ ही दूरी पर शीतला माता की पिंडी भी स्थापित की है। पांडव इस जगह से इतने प्रभावित थे कि वे इस स्थान को हरिद्वार का रूप देना चाहते थे जिसको लेकर उन्होंने अढ़ाई पौड़ियों का निर्माण भी किया था, मगर सुबह करीब अढ़ाई बजे जब उन्हें एक स्थानीय महिला की आवाज सुनाई दी तो वे अज्ञातवास भंग होने के भय से औहर से आगे की यात्रा के लिए निकल गए। इस कारण यहां पूरी पौड़ियों का निर्माण नहीं हो पाया। इस ऐतिहासिक धरोहर की जानकारी भले ही कुछ लोगों तक सीमित हो, मगर कुल देवी शीतला माता मंदिर आने वाले श्रद्धालु माथा टेकते के बाद इस स्थान पर भी अपनी हाजिरी लगाना नहीं भूलते।



सतीश कुमार

### मिनी हरिद्वार के नाम से मशहूर है औहर

**औहर** के इस क्षेत्र को मिनी हरिद्वार के नाम से भी जाना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मिनी हरिद्वार है। पुराने समय में ग्रामीण हरिद्वार जाने से पहले यहां पर माथा टेककर आगे हरिद्वार के लिए निकलते थे। आज भी यह प्रथा कायम है।

### शादियों के बाद नवविवाहित जोड़ा जरूर पहुंचता है यहां

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि अगर इस क्षेत्र में किसी भी नवविवाहित जोड़ी की शादी होती है तो वह इस स्थान पर माथा टेकने के लिए अवश्य आते हैं। मान्यता है कि अगर इस स्थान पर सच्ची श्रद्धा के साथ कुछ भी मांगा जाए तो वह जरूर पूरा होता है।

### फोरलेन पर लगे ऐतिहासिक स्थल का बोर्ड

**सुरेश नड्डा** का कहना है कि उन्होंने अपने बुजुर्गों से इस ऐतिहासिक स्थल की कहानियां सुनी हैं और उन्हें यहां स्थापित शिलाओं व मूर्तियां से पूर्ण विश्वास है कि पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान इस पवित्र स्थान को चुना था और यहीं पर देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित कर पूजा-आराधना भी की थी। औहर लोगों की आस्था का केंद्र है। भक्तों का कहना है कि इस स्थान पर आकर श्रद्धालु जो भी कामना करता है वह अवश्य ही पूरी होती है। इस ऐतिहासिक धरोहर की देखरेख न होने के कारण यहां की पौड़ियां अब नाममात्र ही रह गई हैं। यहां बना मंदिर भी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। प्रशासन को चाहिए कि इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए और यहां से गुजरने वाले किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर इसका एक बोर्ड लगाया जाए, जिससे लोगों को भी इस ऐतिहासिक स्थल की जानकारी मिल सके।



सुरेश नड्डा



# हेल्थ इज वेल्थ

# पैरालिसिस होने पर साढ़े चार घंटे के भीतर मरीज का उपचार संभव



"चिकित्सकीय परामर्श से तीन से छह माह तक फिजियोथैरेपी की आवश्यकता"

*आज की तनाव भरी जिंदगी में पैरालिसिस यानी लकवा बीमारी आम बात हो गई है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ.एनके गुप्ता के मुताबिक पैरालिसिस (लकवा) होने पर साढ़े चार घंटे के भीतर मरीज को चिकित्सकीय उपचार देना जरूरी होता है। इसलिए जैसे ही पैरालिसिस के लक्षण दिखने लगे, वैसे ही मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना बेहतर रहता है। इस अवधि में पहुंचने पर मरीज के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। अक्सर देखा गया है कि पैरालिसिस अटैक आने के बाद अस्पताल ले जाने में देरी कर देते हैं, इस वजह से मरीज को समय पर इलाज न मिलने से वह आजीवन पैरालिसिस से ग्रस्त रहता है, इसलिए जागरूकता की जरूरत है। स्ट्रोक आमतौर पर दिमाग के एक हिस्से को प्रभावित करता है।*




### दो तरह से आते हैं पैरालिसिस

**डॉ. गुप्ता** का कहना है कि पैरालिसिस दो तरह से आते हैं। एक स्ट्रोक, जिसमें मस्तिष्क में खून पहुंचना बंद हो जाता है। दूसरा हेमरेज, जिसमें मस्तिष्क की नसें फट जाती हैं। हम स्ट्रोक की बात करें तो इसमें टीआइए (ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक) होता है, जो 24 से 48 घंटें में आता है। कई मरीजों में इसकी शिकायतें देखने को मिलती हैं। इसलिए अटैक के बाद शरीर में आने वाले बदलाव और लक्षण का समझना जरूरी होता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि साढ़े चार घंटे के भीतर चिकित्सकीय उपचार मिलने के बाद चिकित्सकीय परामर्श से तीन से छह माह तक लगातार फिजियोथेरेपी की आवश्यकता होती है। इससे परिणाम अच्छे आते हैं। अधिकतर केस में इलाज के एक वर्ष बाद फिजियोथेरेपी शुरू करते हैं। ऐसे में इसका कोई मतलब नहीं रह जाता है।

### ऐसे पहचाने लकवा को

डॉ. गुप्ता ने बताया कि लकवा आने पर कुछ लक्षण उभर कर सामने आने लगते हैं। इसमें हाथ सही तरीके से काम करना बंद कर देता है। कुछ हटाने में दिक्कत महसूस होने लगती है। आवाज लड़खड़ाने लगती है। चेहरा थोड़ा तिरछा देखने लगता है। वहीं मुस्कुराने पर मुंह एक ओर खींचने लगता है। पानी पीने पर मुंह की एक ओर से पानी गिरने लगता है। यदि कुछ ऐसा प्रतीत हो रहा है, तो तत्काल हास्पिटल पहुंचना चाहिए और उस अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआइ की जांच की सुविधा होनी चाहिए।

### लाइफ सिंपल सेवन अपनाएं

ब्रेन और हार्ट को अच्छा रखना के लिए हर व्यक्ति को लाइफ सिंपल सेवन के सिद्धांत को अपनाना चाहिए। इसमें पहला धूम्रपान नहीं करना चाहिए, दूसरा रोजाना फिजिकल एक्टिविटी करना चाहिए, इसमे वाक, कसरत और योगा शामिल हैं। तीसरा खान-पान संतुलित होना चाहिए। घर का बना खाना ही खाना चाहिए। चौथा वजन को नियंत्रण में रखना चाहिए। पांचवा कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखना चाहिए।



*डॉ. एनके गुप्ता*
*हेल्थ एक्सपर्ट*

- **भाप स्नान:** एक अन्य उपाय के अनुसार लकवा रोग से पीड़ित रोगी को प्रतिदिन भापस्नान करना चाहिए। स्नान के बाद उसे गर्म गीली चादर से अपने शरीर के रोगग्रस्त भाग को, यानि कि जिस भाग को लकवा हुआ है केवल उसी भाग को ढकना चाहिए। यह करने के बाद अंत में कुछ देर के बाद उसे धूप में बैठना चाहिए। उसके रोगग्रस्त भाग पर धूप पड़ना बेहद जरूरी है।
- **गर्म चीजों का सेवन:** लकवा रोग से पीड़ित रोगी यदि बहुत अधिक कमजोर हो तो रोगी को गर्म चीजों का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उसे रोग से लड़ने की शक्ति मिलेगी। लेकिन पैरालिसिस के जिन रोगियों को उच्च रक्तचाप की समस्या है, वे गर्म चीजों से पूरी तरह से परहेज करें।
- **रीढ़ की हड्डी को दुरुस्त रखें:** लकवा रोग से पीड़ित व्यक्ति को अपनी रीढ़ की हड्डी को दुरुस्त बनाए रखने की भी कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि मस्तिष्क की इंद्रियां यहीं से हो गुजरती हैं। यहां रोजाना गर्म या ठंडे पानी से सिकाई करनी चाहिए। जरूरी नहीं है कि गर्म पानी से ही सिकाई हो, यदि रोगी को ठंड़ा पानी सही लगे तो वह उससे भी सिकाई कर सकता है।
- **गीली मिट्टी का लेप:** लकवा रोग को काटने के लिए लकवा रोग से पीड़ित रोगी के पेट पर गीली मिट्टी का लेप करना चाहिए। यदि रोजाना ना हो सके, तो एक दिन छोड़ कर यह उपाय जरूर करना चाहिए। इसके उसके बाद रोगी को कटिस्नान कराना चाहिए। यदि यह इलाज प्रतिदिन किया जाए, तो कुछ ही दिनों में लकवा रोग ठीक हो जाता है।
- **ये खास उपाय भी अपनाएं :** हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सबसे पहले रोगी को जितना हो सके फलों का रस पिलाएं। कम से कम 10 दिनों तक फलों का रस, नींबू का रस, नारियल पानी, सब्जियों के रस या आंवले के रस में शहद मिलाकर पीना चाहिए। इसका अलावा एक और खास प्रकार का रस है जिसमें अंगूर, नाशपाती तथा सेब के रस को बराबर मात्रा में मिलाकर रोगी को पिलाना है। इसके अलावा रोगी को क्या नहीं खाना चाहिए यह भी जानना जरूरी है। रोगी को बाहर का तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा जब तक उसका उपचार चल रहा है और इलाज में कोई उन्नति ना दिखी हो, तब तक उसे पका हुआ भोजन बिलकुल न दें। डॉ. गुप्ता का कहना है कि लकवे रोग के कारण मस्तिष्क का चाहे कोई भी भाग नष्ट हुआ है तो रोग के बढ़ने की संभावना बनी रहती है। इसलिए उपचार के दौरान रोगी के दिमाग को किसी प्रकार की कोई चोट ना पहुंचे, इस बात का खास ख्याल रखा जाना चाहिए। रोगी को किसी प्रकार का कोई मानसिक तनाव ना होने पाए, यह भी ध्यान रखें। यदि वह मानसिक रूप से स्वस्थ होगा, तो जल्द ही उसके ठीक होने की संभावना बनेगी। नहीं तो उपरोक्त बताए सही उपाय एक के बाद एक असफल होते चले जाएंगे।

**-प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन**





# बुढ़ापे में भी नहीं सताएगा जोड़ों का दर्द

## अर्थराइटिस से छुटकारे को अपनाएं ये उपाय

**बढ़ती उम्र के साथ-साथ अर्थराइटिस का खतरा भी बढ़ता जाता है। अगर आप गठिया के दर्द से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आपको कुछ आयुर्वेदिक उपाय जरूर फॉलो करने चाहिए। शरीर 650 मांसपेशियों, 72 हजार नस-नाड़ियों, 360 जॉइंट्स और 206 हड्डियों से बना है जिसमें 37 ट्रिलियन सेल्स हैं और हर किसी का एक-दूसरे से तालमेल है। लेकिन सीढ़ियां चढ़ने से लेकर, घर का सामान उठाने तक शरीर झुकता, मुड़ता या फिर नीचे की ओर आता है लेकिन हम इनके सही मूवमेंट पर ध्यान नहीं देते। बार-बार गलत पॉश्चर से अक्सर कान, गर्दन, कंधे, कोहनी, स्पाइन, घुटने और एड़ी जैसे जोड़ों में बैलेंस बिगड़ जाता है। असंतुलन सर्वाइकल-स्पॉन्डिलाइटिस के साथ-साथ पार्किंसन-इनडाइजेशन जैसी तमाम तरह की प्रॉब्लम्स देता है। ऐसे में कुछ अभ्यास सेहत के लिए जरूरी हो जाते हैं। कुछ एक्सरसाइज से थाई-हिप और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। वहीं कुछ एक्सरसाइज से घुटने मजबूत होते हैं और बुढ़ापे में भी उठना-बैठना आसान होता है।**

### गठिया के रोग की वजह

**खराब** लाइफस्टाइल, गलत खानपान, बढ़ा हुआ वजन, मिनरल्स की कमी, विटामिन की कमी, हॉर्मोन्स इंबैलेंस

### अर्थराइटिस के लक्षण

जॉइंट्स पेन-अकड़न, घुटनों में सूजन, हड्डियों का टूटना, स्किन लाल होना, चलने-फिरने में तकलीफ

### गठिया के दर्द से ऐसे मिलेगा आराम

**सरसों** तेल की मालिश, दर्द की जगह गर्म पट्टी, गर्म पानी-सेंधा नमक की सिकाई, हल्दी-दूध जरूर पिएं, सेब का सिरका पिएं, लहसुन-अदरक खाएं, दालचीनी-शहद पिएं, 40 मिनट योग-प्राणायाम करें।

# जानलेवा हो सकता है हाई कोलेस्ट्रॉल

## इसे कंट्रोल रखना बेहद जरूरी

**शरीर** में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ना खतरनाक साबित हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रोल से जानलेवा समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। इसलिए कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। आजकल जिस तरह की लाइफस्टाइल हम जी रहे हैं, वो ठीक नहीं है। लंबे समय में ये खराब लाइफस्टाइल कई बीमारियों का कारण बन सकती है। लाइफस्टाइल खराब होने में सिर्फ डाइट ही शामिल नहीं है। आपका सोना, जागना, फिजिकली एक्टिव रहना और डाइट हर चीज शामिल है। खाने में ज्यादा तेल और मीठा भी आपको फिट रखने में अहम रोल प्ले करता है। इन चीजों में की गई लापरवाही आपको लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां जैसे हाई कोलेस्ट्रॉल, बीपी और शुगर की ओर धकेलती है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। खराब कोलेस्ट्रॉल आपके लिए ये 3 खतरनाक और जानलेवा स्थितियां पैदा कर सकता है।



### हार्ट अटैक का खतरा

**हाई** कोलेस्ट्रॉल को हार्ट अटैक की बड़ी वजह माना जाता है। कोलेस्ट्रॉल एक ऐसा चिपचिपा पदार्थ होता है जो हमारी धमनियों में जाकर चिपक जाता है। धीरे-धीरे लंबे समय में गंदे कोलेस्ट्रॉल के कारण धमनियां सिकुड़ने लगती हैं और हार्ट तक ब्लड और ऑक्सीजन ठीक से नहीं पहुंच पाता है। ऐसी स्थिति में हार्ट को ज्यादा पंप करके मेहनत करनी पड़ती है जो हार्ट अटैक का खतरा पैदा करता है। यानि हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण आपको हार्ट अटैक आ सकता है।

### स्ट्रोक का खतरा

**खराब** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण दूसरा सबसे बड़ा खतरा पैदा होता है स्ट्रोक का। ऐसी स्थिति में गंदा कोलेस्ट्रॉल दिमाग की नसों को भी जाम कर देता है। कई बार ये कोलेस्ट्रॉल खून में रुकावट का कारण बन सकता है। इससे ब्लड क्लॉटिंग होने का खतरा बढ़ जाता है। जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन और ब्लड नहीं मिल पाता तो इससे स्ट्रोक हो सकता है।

### पेरीफेरल वस्कुलर डिजीज

**हाई** कोलेस्ट्रॉल लेवल रक्त वाहिकाओं में फैट के रूप में जमा होने का कारण बन सकता है। जब ये कोलेस्ट्रॉल चिपक जाता है, तो धमनियों में ब्लड फ्लो सही तरीके से नहीं हो पाता है। इससे पैरों में भी परेशानी होने लगती है। इससे पैरों और पंजों में खून पहुंचाने वाली धमनियों पर असर पड़ता है। जिसके कारण चलने पर पैरों में दर्द होता है यहां तक कि कई बार आराम करते समय भी पैरों में दर्द होता है। इसका बड़ा कारण ब्लड सर्कुलेशन है।

# बज्रेश्वरी मंदिर में चौथे नवरात्र पर चढ़ा 6.24 लाख चढ़ावा

## गुप्त गंगा से लेकर तहसील चौक से होते हुए माता रानी का गुणगान करते मां के दरबार पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह 5 बजे ही मां के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लग गया। मंदिर में उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु, जो कि बज्रेश्वरी देवी को कुलदेवी मानते हैं भारी संख्या में पहुंचे। इनके अलावा पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा।

गुप्त गंगा से लेकर तहसील चौक से होते हुए मां के दरबार तक नाचते-गाते और मां का गुणगान करते हुए श्रद्धालु पहुंचे। बड़े वाहनों के लिए कांगड़ा के बाईपास रोड पर पार्किंग की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है तो वहीं छोटे वाहनों के लिए गुप्त गंगा में विभिन्न पार्किंग की सुविधा दी गई है। उधर, मंदिर अधिकारी नीलम राणा से बात की तो उन्होंने बताया की



चौथे नवरात्र में मां भगवती के दर पर 6 लाख, 24 हजार 408 रुपए श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में बीआरसी सराय द्वारा श्रद्धालुओं को सुबह का नाश्ता दिया जा रहा है, जिसमें छोले-भटूरे, दही, ब्रेड पकौड़ा और मट्ठी के साथ चाय दी जा रही है।

वहीं, देहरा के एक दानी सज्जन द्वारा दिन में चावल, मटर पनीर, राजमाह, कड़ी पकौड़ा, रायता, सब्जी इत्यादि और मीठे में मीठे



चावल को भोजन के रूप में परोसा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन ने इस बार सफाई-व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा हुआ है। मंदिर में पीने के पानी की भी आपूर्ति हो रही है। साथ में सुरक्षा-व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सिहोटू में कृष्णा महिला मंडल ने की सफाई



**राकेश डोगरा, डरोह।** धीरा उपमंडल के साथ लगती सिहोटू पंचायत में कृष्णा महिला मंडल ने एक दिवसीय सफाई अभियान चलाया। इस दौरान महिला मंडल सदस्यों ने सिहोटू पंचायत के वार्ड नंबर एक में रास्तों की साफ-सफाई की। यह जानकारी महिला मंडल सचिव सुमना देवी ने दी। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई को लेकर जागरूक किया। इस दौरान महिला मंडल सचिव सुमना देवी, बेबी देवी, पिंकी देवी, पुष्पा, लता देवी, अनिता देवी, अनुवाला सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

### टियाले से सामान नहीं उठाया तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रावणेश्वर महादेव मंदिर बैजनाथ प्रबंध समिति के संरक्षण



बलदेव राज सूद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अस्पताल रोड बैजनाथ में प्राचीन बट वृक्ष के टियाले पर विद्युत विभाग बैजनाथ द्वारा वर्षों से बिजली का भारी सामान रखकर इसके चारों तरफ से घेर रखा हैं, जिसके कारण अटियाला चारों तरफ से गिर गया है। इस कारण इस वृक्ष के गिरने का खतरा है, जिससे अपूरणीय क्षति हो सकती है। इस सामान को हटाने के लिए कई बार विद्युत विभाग के कार्यालय में जाकर तथा फोन पर नगर पंचायत पार्षद अमित कपूर, व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर तथा अन्य जिम्मेदार नागरिकों ने निवेदन किया परंतु आश्वासन के अतिरिक्त कोई कार्रवाई नहीं होती। बलदेव राज सूद ने कहा कि बट वृक्ष धार्मिक आस्था का केंद्र है। स्थानीय लोग इस टियाले का जीर्णोद्धार करना चाहते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग को चेतावनी दी कि अगर टियाले से सामान शीघ्र न उठाया गया तो जनआंदोलन हो सकता है।

### केंद्रीय मंत्री नड्डा को भेंट की ऑर्गेनिक चाय

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कार्यक्रम वोकल फोर लोकल



से प्रेरणा लेते हुए बीड़-बिलिंग घाटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात के दौरान फूलों की जगह धौलाधार घाटी के सबसे ऊंचे क्षेत्र में उगने वाली स्थानीय ऑर्गेनिक चाय भेंट की जिसे केंद्रीय मंत्री ने बहुत ही बढ़िया बताया। बताते चलें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ने अपने पिछले राज्यसभा के कार्यकाल के दौरान घाटी की गुनेहड पंचायत को गोद लिया था, जिसका धन्यवाद करने प्रतिनिधिमंडल उनके हिमाचल आगमन पर पिछले कल उनके आवास पर गया था। गुनेहड पंचायत की तरफ से भेड़ की ऊन का हाथ से बनाया गया मोटा कंबल (जिसे गरडू कहा जाता है) भेंट करके केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया गया।

# नजारे लगे होये ने... भेंट पर खूब झूमे मां के भक्त



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

सब्जी मंडी कांगड़ा में आढ़ती एसोसिएशन द्वारा विशाल जागरण व मां भगवती की विशाल चौकी का आयोजन किया गया। इसमें नजारे लगे होये ने, तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, पहाड़ी हिंदी पंजाबी भेंटों से विख्यात गायक कुमार सागर पठानकोट वाले के भजनों ने ऐसा समां बांधा कि भक्त मंत्र मुग्ध हो गए। विक्रांत भंडाल ने मेले जाणा कालका दे भेंट पर भक्त खूब नचाए। इस मौके पर आढ़ती संगठन के प्रधान इंद्रजीत सिंह ने राजेश कश्यप, पंकज गुलयानी, राजेश नेगी, अंकुश मल्होत्रा, विशाल सोनी व अन्य की मौजूदगी में माता की पावन ज्योति को प्रज्वलित किया गया। आयोजन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। यह आयोजन पिछले 32 वर्ष से हो रहा है। इस अवसर पर संदीप चौधरी ने मंच संचालन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# चालक सुभाष की सूझबूझ से बची 53 सवारियों की जान

**अनंत ज्ञान, गगल**



रविवार को सुबह 11:30 बजे के लगभग हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस, जो कि त्रिफलाघाट से पठानकोट को जा रही थी कि इच्छी के पास पावर प्रेशर काम न करने की वजह से ब्रेक फेल हो गई। बस में 53 सवारी सवार थीं। बस चालक चालक सुभाष चंद्र ने ब्रेक फेल होने की बात सवारियों को नहीं बताई। अगर वह उन्हें बता देते तो हो सकता था कि सवारियां बस से बाहर कूदने की कोशिश करतीं।

उन्होंने कहा कि जब बस में ब्रेक नहीं लगी तो सामने से तीन कारें और एक ट्रैक्टर भी आ रहा था। ट्रैक्टर के गुजरने के बाद उन्हें एक खाली जगह दिखाई दी और उन्होंने वहां से बस को मोड़ दिया और बस रुक भी गई। किसी भी सवारी को कोई भी चोट नहीं लगी। बस में बैठी सवारियों ने बताया कि अगर सुभाष चंद्र ने सूझबूझ से काम नहीं लिया होता तो आज कई घरों के चिराग बुझ जाते। वहीं, ग्राम पंचायत इच्छी की प्रधान कुसुम लता व कांगड़ा विधानसभा के विधायक पवन काजल ने भी ड्राइवर की सराहना की और कहा कि अगर मौका मिला तो वे हिमाचल पथ परिवहन निगम के इस ड्राइवर सुभाष चंद्र को जरूर सम्मानित करेंगे।

### हिमाचल में आकर मनगढ़ंत बयान देकर आम जनता को गुमराह कर रहे नड्डा : चंद्र कुमार, पठानिया

# नड्डा और भाजपा सांसद प्रदेश के हितों की पैरवी करने में नाकाम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार चौधरी तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल के हितों की पैरवी करने में नड्डा सहित भाजपा के चारों सांसद नाकाम रहे हैं और अब हिमाचल में आकर नड्डा मनगढ़ंत बयान देकर आम जनमानस को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने जगत प्रकाश नड्डा से सवाल करते हुए कहा कि वह बताएं हिमाचल हितों की पैरवी करने से पीछे क्यों हट रहे हैं। भाजपा विधायक दल तो विधानसभा में हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के प्रस्ताव का समर्थन करने के बजाय वाकआउट कर गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल के हितों को लेकर लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने अपने बलबूते आपदा से प्रभावितों को राहत पहुंचाई इन्हीं कदमों की विश्व बैंक तथा नीति आयोग ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सक्रिय नेतृत्व की सराहना की है, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड ने भी मुख्यमंत्री को लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस के अवार्ड से नवाजा है। वर्ष 2023 में आउटलुक बिजनेस मैगजीन ने मुख्यमंत्री सुक्खू को चेंजमेकर ऑफ द ईयर की सूची में शामिल किया गया है।

### एनपीएस कर्मचारियों व प्रदेश के 10 हजार करोड़ पर कुंडली मारकर बैठी केंद्र सरकार

**प्रेस** विज्ञप्ति में कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया




ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चुनावों के दौरान किए वादों को पूरा करने के लिए तत्परता के साथ कार्य किया है। ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने वाला हिमाचल पहला राज्य बना, महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने की प्रक्रिया आरंभ करके इतिहास रचा है, जबकि भाजपा की केंद्र सरकार एनपीएस कर्मचारियों के अंशदान और सरकार के हिस्से के लगभग 10 हजार करोड़ रुपए पर केंद्र सरकार कुंडली मारकर बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर आपदा में भाजपा ने सिर्फ राजनीति की, केंद्र सरकार ने प्रदेश को फूटी कौड़ी तक नहीं दी।

### पीडीएनए के तहत मिलने वाले क्लेम की राशि भी नहीं दी

**कृषि** मंत्री प्रो चंद्र कुमार तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पीडीएनए (पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट) के तहत मिलने वाले क्लेम की राशि हिमाचल को केंद्र सरकार ने नहीं दी। केंद्र की टीमें हिमाचल का दौरा कर गई, राज्य सरकार ने 9900 करोड़ रुपये के संशोधित क्लेम केंद्र को भेजे, मगर आज तक कुछ नहीं मिला। प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों को 4500 करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया और 23000 आंशिक व पूरी तरह क्षतिग्रस्त घर फिर से बसाए। घर बनाने के लिए पहले केवल 1.30 लाख रुपए मिलते थे, राहत मैन्युअल में बदलाव कर सुक्खू सरकार ने 7 लाख रुपए प्रदान किए।

# देहरा में 340 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

## एबीवीपी ने किया स्वामी विवेकानंद जीके प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, देहरा**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश संगठनात्मक जिला देहरा द्वारा 6 अक्तूबर को स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का अयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के 363 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था और कुल 340 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया । इस प्रतियोगिता के लिए कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। ऊना विभाग सयोंजक पुष्प राज ने आगे बताते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद हर वर्ष स्वामी विवेकानंद समान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूल के बच्चों की प्रतिभा को तराशने का तथा विद्यार्थियों में स्पर्धा और ऊर्जा का संचार करती आई है और इसी तरह ही छात्रहित, समाजहित, राष्ट्रहित में काम करती आई है।

### अव्वल रहने वालों को मिलेगी इतनी राशि

**जो** छात्र पूरे प्रदेश में प्रथम आएगा उसे 31000 रुपए इनाम राशि दी जाएगी, दूसरे स्थान पर आने वाले को 21000 रुपए इनाम राशि व तीसरे स्थान पर आने वाले को 15000 रूपए इनाम राशि दी जाएगी। इसके साथ पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक छात्र को 11000 रुपए इनाम राशि दी जाएगी। ऐसे ही जिला स्तर में भी कुछ पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं जिसमें जिला देहरा में प्रथम आने वाले छात्र को 10000 रुपए इनाम राशि, दूसरे आने वाले छात्र को 7000 व तीसरे स्थान पर आने वाले छात्र को 5000 रुपए राशि इनाम दी जाएगी। इसके साथ 5 सांत्वना पुरस्कार जिला स्तर पर भी दिए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक छात्र को 1000 रुपए इनाम राशि दी जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**पठानकोट।** रविवार को घर से कूड़ा फेंकने गई 60 वर्षीय महिला ट्रेन की चपेट आ गई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक की पहचान भोली निवासी मोहल्ला शेखां के रूप में हुई है। जीआरपी चौकी भरोली जंक्शन के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि सुबह करीब 9:25 बजे भोली सफाई करने के बाद कूड़ा फेंकने के लिए गई थी कि इसी बीच पूणे से जम्मूतवी जा रहे झेलम एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जीआरपी ने 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### दगोह के उपप्रधान के साथ मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

लंबागांव पुलिस थाने में शनिवार को दगोह पंचायत के उपप्रधान चंद्रभान के साथ मारपीट व धक्का-मुक्की को लेकर इसी पंचायत के एक 70 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार लंबागांव खंड की दगोह पंचायत में एक रास्ते का निर्माण कार्य चला हुआ था। यह रास्ता ध्रुवदेव के घर तक बनाया जाना था। इस जगह से रास्ता बनाया जा रहा था, उस रास्ते के साथ चमन लाल के खेत भी हैं। पंचायत के प्रधान की मौजूदगी में उपप्रधान चंद्र भान व पंचायत सदस्य जमीन की हद देखने गए हुए थे तो चमन लाल ने कहा कि यह रास्ता उसकी जमीन में बनाया जा रहा है, जिसका उसे एतराज है। उपप्रधान ने जब उसकी बात को सही बताया तो ध्रुवदेव भड़क गया व उपप्रधान के साथ धक्का-मुक्की करने लगा व उसका अंगूठा ही चबा दिया। मामले की पुष्टि डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने की है।

### राठौर को भेंट की मां की फोटो



कांगड़ा। श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में रविवार को चौथे नवरात्र को ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपनी धर्मपत्नी सहित माथा टेका। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी नीलम राणा ने उन्हें मां की फोटो वा चुनरी भेंट की।

# गुर्जर मिल्खी राम को मिला लापता प्रकाशो देवी का कंकाल

**राकेश डोगरा, डरोह**

गढ़ बसदी की प्रकाशो देवी पिछले कुछ दिनों से लापता थी, जिसकी हर कहीं तालाश की जा रही थी। कुछ दिन पहले प्रकाशो देवी सुबह स्थानीय डॉक्टर के पास दवाई लेने के लिए गई थी। परिजन प्रकाशो देवी को आस-पड़ोस और हर जगह ढूंढ रहे थे, पर कोई पता नहीं चल रहा था। रविवार को करीब दो सप्ताह बाद उसका कंकाल मिला है।

मृतका के पुत्र टैक्सी चालक सुनील चौधरी ने बताया कि उनकी माता को सिर दर्द की समस्या थी, जिस पर 21 सितंबर को दवाई लेने घर से निकली थी। रविवार सुबह ही प्रकाशो देवी का कंकाल वहां पास ही पाया गया। स्थानीय गुर्जर मिल्खी राम वहां पर घास काटने गए थे, तो उन्हें वहां पर बदबू आई। उन्होंने उसका कंकाल और कपड़े देखे तब स्थानीय लोगों को उसके बारे में बताया और पुलिस को भी सूचना दी। उसके दो लड़के व दो लड़कियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

इस घटना के बारे एसएचओ भवारना केहर सिंह ने कहा कि पुलिस ने महिला के कंकाल को कब्जे में ले लिया है, जिसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शव को जानवरों ने नोच डाला है। परिजनों ने मृतका के गुम होने की रिपोर्ट लिखवाई थी। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर ही है। (अनंत ज्ञान)

# आरएसएस ने दशहरा पर्व से पूर्व किया पथ संचलन



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्मशालाने रविवार को दाड़ी मेला ग्राउंड में विजयादशमी उत्सव मनाया। उत्सव की शुरुआत शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा, भारतमाता, परम पवित्र भगवा ध्वज डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार जी और श्रीगुरु जी के समक्ष भगवती प्रसाद जी विभाग प्रचारक कांगड़ा , नगर कार्यवाह धर्मशाला रणजीत जी और माननीय नगर संघ चालक धर्मशाला बलदेव जी ने दीप जलाकर और फूल चढ़ा कर किया। भगवती जी ने कहा कि संगठन में अजेय शक्ति होती है। आसुरी शक्ति को परास्त करने के लिए मां दुर्गा की पूजा की जाती है। डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने सन1925 को विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। कुछ स्वयं सेवकों को लेकर संघ आगे बढ़ा और आज यह वटवृक्ष की तरह फैल चुका है। इसके 55 आनुषांगिक ईकाई विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। संगठित रहने पर हमें कोई भी शक्ति परास्त नहीं कर सकती है। यह हमें संघ की नित्य शाखा से काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने हिन्दू समाज के संगठन पर बल दिया। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पारंपरिक तौर पर विजयादशमी पर्व पर विजय उत्सव के रूप में यह पथ संचलन निकाला जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में स्वयं सेवक अपनी वेशभूषा में पथ संचलन में शामिल होते हैं।

### एसएचओ अशोक कुमार ने लंबागांव में संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव में एसएचओ अशोक कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले



लंबागांव में एसएचओ के पद पर प्रेमपाल शर्मा अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्रेमपाल की सेवानिवृत्ति के बाद अब अशोक कुमार लंबागांव में एस एच ओ के पद पर सेवाएं देंगे। अशोक कुमार इससे पहले सदर बिलासपुर में एएसआई के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे । अशोक कुमार की एसएचओ के पद पर पदोन्नति हो जाने से अब यह लंबागांव पुलिस थाने का कार्यभार संभालेंगे। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएचओ अशोक ने कहा है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना ही उनकी प्राथमिकता होगी। कानून का उल्लंघन करने पर किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा, चाहे कोई कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो।

**इनोवेशन**

### नवीन तकनीक और प्रौद्योगिकी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम, लोग बन रहे आत्मनिर्भर

# एटीसी शाहपुर दे रहा नवाचार को बढ़ावा: सुनंदा पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) शाहपुर प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में अपने कदम बढ़ा रहा है। हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के तत्वावधान में कार्य कर रहा उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र, शाहपुर वर्ष 2016 में अस्तित्व में आया और प्रदेश का दूसरा एटीसी बना। 3 करोड़ की लागत से इसका भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन बिना स्टाफ और आधारभूत सुविधाओं के यह केंद्र अपनी उपयोगिता साबित करने में असमर्थ रहा। दिसंबर, 2022 में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार के अस्तित्व में आने के बाद इस केंद्र के दिन फिरे। स्थानीय विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों से देखते ही देखते यह संस्थान अपनी नई उड़ान के लिए पंख फैलाने लगा। सरकार के प्रयासों से यहां नए पदों का सृजन हुआ और एटीसी शाहपुर धीरे-धीरे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

एटीसी का मुख्य उद्देश्य विज्ञान की नवीन तकनीकों को आमजन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने जहां हमारे जीवन को सुगम और सरल बनाया है, वहीं अब इसके माध्यम से एटीसी शाहपुर ग्रामीण स्तर पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे रहा है। प्रदेश के चार जिलों कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर एवं ऊना के लिए यह प्रौद्योगिकी केंद्र कार्य कर रहा है। एटीसी शाहपुर की प्रभारी एवं वैज्ञानिक अधिकारी सुनंदा पठानिया बताती हैं कि यहां 50 महिलाओं को पानी से चलने वाले एलईडी (वाटर लैंप) बनाने की तकनीक बारे भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 23 से 27 सितंबर तक यहां पर चीड़ की पत्तियों से निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों को बनाने बारे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला कांगड़ा के लंबागांव एवं रैत तथा जिला हमीरपुर के बिझड़ी विकास खंड की 21 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### इन क्षेत्रों में मिल रहा प्रशिक्षण

**एटीसी** शाहपुर की प्रभारी एवं वैज्ञानिक अधिकारी सुनंदा पठानिया बताती हैं कि टीसी में लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। यहां वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के तहत केंद्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों के लगभग 150 मिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त यहाँ पर 10 मास्टर ट्रेनर भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हमारा यह क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अतिसंवेदनशील जोन में आता है। इसी के मद्देनजर एटीसी में गत दिनों भूकंपरोधी मकान निर्माण की तकनीक बारे 50 राज मिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया गया।



### विभिन्न मॉडल किए प्रदर्शित

**एटीसी** शाहपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों और लोगों के अवलोकन के लिए विभिन्न मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं। जिनमें लीन टू वॉल ग्रीन हाउस, ट्रॉम्बे वॉल, सन स्पेस, लो कॉस्ट वाटर फिल्टर, सोलर ड्रायर, डोमेस्टिक वेस्ट वाटर डिस्पोजल, यूनिट वाटर फिल्टर इत्यादि बनाकर स्थापित किये गए हैं। लोग उनको देखकर अपने घरों या कार्यस्थल पर उनका निर्माण करवा सकते हैं। केंद्र की प्रभारी ने बताया कि उनका यह प्रयास है कि आईएचबीटी की नवीन तकनीकों को आमजन तक पहुंचाया जा सके ताकि वे इसका अधिक से अधिक उपयोग कर अपने जीवन को आसान बना सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनिका ने जीता मिसेज शान-ए-हिमाचल का खिताब



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के राजेंद्रा पैलेस गगाल में 'हम है हिमाचल' थीम पर आयोजित प्रतियोगिता मिसेज शान-ए-हिमाचल सीजन-5 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह के समापन पर पूर्व विजय अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पूजा ठाकुर और ज्योति ठाकुर ने ज्यूरी हेड की भूमिका निभाई। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में नादौन की सोनिका विजेता रही। सोनिका ने शान-ए-हिमाचल का ताज पहनकर प्रदेशवासियों का दिल जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया। इससे पहले सोनिका जिला स्तर पर भी मिसेज शान-ए-कांगड़ा का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

### समाजसेवी गुरदियाल को किया सम्मानित



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वयोबृद्ध गुरदियाल सिंह को उनके 91वें जन्मदिन पर क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा एवं हिन्द संग्राम परिषद ने उन्हें विशेष रूप से शॉल-टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण सभा के प्रधान सुभाष कौंडल, महासचिव देवराज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सुदर्शन जरियाल, परमजीत सिंह, कैप्टन अजीत सिंह, कैप्टन महिंद्र सिंह, तिलक राज आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान सुभाष कौंडल ने बताया कि गुरदियाल सिंह सर्व समाज कल्याण सभा के मुख्य सलाहकार हैं। (अनंत ज्ञान)

### अभिषेक सोनी के भजनों पर झूमे लोग

**एसके ठाकुर, बड़सर।** नवरात्रों में बड़सर जागरण कमेटी के सौजन्य से गत रात मैहरे में पहली बार विशाल भगवती जागरण का आयोजन करवाया गया। इस आयोजन में हिमाचल के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों ने मां दुर्गा और बाबा बालक नाथ की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर भजन गायक अभिषेक सोनी के भजन काम तेरे मुकने नहीं, बंदा मुकदा-मुकदा मुकी जाना तथा विक्की सोनी के बाबा बालक नाथ की महिमा का गुणगान करते हुए चिमटे दी झंकार,बाबा तेरे चिमटे दी भजन पर उपस्थित पंडाल को नाचने पर मजबूर कर दिया। जागरण के आयोजक पवन शर्मा, राजकुमार बिज, रजनीश हिमाचली, पप्पू कपिल, किशोरी कळशी,कमलेश कुमार, कार्तिक शर्मा, लबली, विवेक चड्ढा, नितिन चड्ढा, नवदीप ठाकुर सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि जागरण कमेटी मैहरे - बड़सर द्वारा ऐसा आयोजन पहली बार करवाया गया है जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा। इस अबसर पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल,पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा सहित राजेश बन्याल,शैलजा बन्याल सहित हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



# कब होगा बस्सी-तताहर सड़क का काम पूरा

## भरेड़ी में सड़क ट्रायल को हो चुके हैं लगभग 2 माह

**अनंत ज्ञान , भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से तताहर सड़क का कार्य शुरू होने के बाद 2 माह से बंद पड़ा है और भरेड़ी में जहां ट्रायल हुआ है वहां के व्यापारी वर्ग धूल से परेशान है। उनका कहना है कि सड़क से कैमिकल युक्त धूल से बीमारियां लगने का खतरा बना हुआ है। इस धूल से दुकानों के अंदर तक धूल भर रही है व समान भी खराब हो रहा है। हालांकि, इस सड़क का कार्य उच्च गुणवत्ता से किया जा रहा है, ताकि लोगों को अच्छी सड़क की सुविधा मिल सके।

नई तकनीक से बनने वाली इस सड़क का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने अगस्त माह में किया था। भरेड़ी में नई तकनीक एफडीआर से बनने वाली बस्सी-तताहर सड़क वाया चंदरूही सड़क के निर्माण का होना है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भी दो सड़कें बस्सी से तताहर वाया चंदरूही और बढ़ाहर से झनिकर सड़क का कार्य शुरू हो गया है।

बता दें कि तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होती हैं। अक्सर देखने में आता कि सड़कें पक्का होने के बाद उखड़ना शुरू हो जाती हैं, लेकिन इन सड़कों के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। सड़कों के उखड़ने वाली सामग्री को फैंका नहीं जाएगा, बल्कि सड़क की उखाड़ी सामग्री, सीमेंट व कैमिकल का कंप्यूटराइज मिश्रण से सड़क का निर्माण होगा। इसके बाद 28 दिन सड़क वाहनों के लिए खुली रहेगी और उसके बाद एक पतली लेअर बिछाई जाएगी, लेकिन 2 माह बीतने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में रोष है।

बता दें कि बैलग के पास 3 पुलियों का निर्माण कार्य धीमी गति से चल हुआ है, जिसे ठेकेदार ने सड़क को उखाड़ कर किनारे से वैकल्पिक सड़क बनाई जहां पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है, लेकिन लोक निमार्ण विभाग के अधिकारी सड़क की खराब दशा को सुधारने की और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को लोक निमार्ण विभाग के अधिकारियों व कमर्चारियों के प्रति रोष है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की इतनी हालत खस्ता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जल्द सड़क पर डंगे व पूलियों के निर्माण के साथ सड़क विस्तारीकरण का कार्य पूरा किया जाए। यदि शीघ्र सड़क कस कार्य पूरा नहीं होता है तो ग्रामीण एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे और प्रदर्शन करेंगे।

**लोक निर्माण विभाग ने कहा था कि ट्रायल के एक माह बाद शुरू हो जाएगा काम · लोगों में सैंपल फेल होने की फैली है अफवाह**



### नवंबर में शुरू होगा सड़क का कार्य

**इस** बारे भोरंज लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके भारद्वाज का कहना है कि नवंबर माह में सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा और एक माह में पूरा हो जाएगा। उंन्होने कहा कि ट्रायल सड़क के सभी सैम्पल ठीक है और पुलियों के निर्माण कार्य मे देरी से सड़क का काम रुका हुआ था।

# सरकार ने गोबर खरीदने की योजना को सिरे चढ़ाने का काम किया शुरू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश सरकार ने गोबर खरीदने की योजना को सिरे चढ़ाने के लिए पशुपालन विभाग ने काम करना शुरू दिया है और इस योजना से किसानों और गोशाला ओं को लाभ मिलेगा। जिला हमीरपुर में पशुपालकों से अभी तक पशुपालन विभाग के पास 600 पशुपालकों के आवेदन आए हैं और विभाग ने इन सभी पशुपालकों की सूची बनाकर शिमला निदेशालय भेज दी है, ताकि जल्द प्रक्रिया को आगे बढाया जा सके।

प्रदेश सरकार ने गोबर खरीदने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत पशुपालकों और किसानों से गोबर खाद दो रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी जाएगी, जिसका उपयोग कृषि और बागवानी फार्म में किया जाएगा। इसके अलावा किसान और बागवान भी इस खाद को प्राकृतिक खेती के लिए खरीद सकेंगे। सरकार की इस पहल से किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा, लेकिन सरकार की ओर अभी तक योजना के लिए कोई पहल नही की गई है।

पशुपालन विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने गोबर खरीदने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि हमें इस बारे में दिशा निर्देश मिले थे कि पशु औषधि योजकों और पशु चिकित्सा के माध्यम से किसानों को अवगत करवाए कि सरकार की ऐसी योजना है कि वह किसानों से गोबर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य कृषि विभाग के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक दिशा निर्देश नहीं हुए है कि किस तरह किया जाएगा।

पशुपालन विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक पशुपालन विभाग के पास 600 पशुपालकों के आवेदन आए हैं जिनकी सूचि बना कर निदेशालय को भेज दी है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि अभी हमारी सरकार को 2 वर्ष भी पूरे नहीं हुए है। उन्होंने कहा कि कुछ गारंटियां को पूरा कर दिया है जिसमें ओटीएस, स्टार्टअप, 1500 रुपए और दूध के रेट को बढ़ाया गया है। हमारी सरकार गाय के दूध को 45 रुपए व भैंस के दूध को 55 रुपए खरीद रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर में अरबों रुपए की पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं पर हो रहे हैं कार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल शक्ति विभाग के माध्यम से पेयजल, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और सीवरेज योजनाओं के लिए अरबों रुपए का प्रावधान कर रही है। पिछले पौने दो वर्षों के दौरान अकेले जिला हमीरपुर में ही अरबों रुपए की पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं के कार्य आरंभ किए गए हैं। इसके लिए जल शक्ति विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत जिला हमीरपुर के लिए 66 पेयजल योजनाएं मंजूर की गई थीं, जिनमें से 23 योजनाएं पूरी कर ली गई हैं और 43 योजनाओं के कार्य तेजी से पूर्ण करवाए जा रहे हैं। नाबार्ड के तहत जिला हमीरपुर को लगभग 144 करोड़ रुपए की 24 पेयजल योजनाएं, 19 सिंचाई योजनाएं और 5 बाढ़ नियंत्रण योजनाएं मंजूर की गई हैं, जिनमें से 102 करोड़ रुपए की राशि खर्च भी की जा चुकी है। एडीबी की मदद से जिला की 4 पेयजल योजनाओं के लिए 72 करोड़ 76 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। विशेष सहायता योजना के तहत हमीरपुर के लिए कुल 309 करोड़ रुपए की 6 योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए एनडीबी की मदद से 137 करोड़ रुपए की योजना का कार्य आरंभ किया जा रहा है। डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज हमीरपुर के नए कैंपस के लिए भी एक अलग पेयजल योजना का कार्य युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा है। अनुसूचित जाति उपयोजना के माध्यम से भी जिला के लिए 14 करोड़ 90 लाख रुपए की 19 पेयजल योजनाएं मंजूर की गई थीं, जिनमें से 8 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सीएम सुक्खू के सशक्त नेतृत्व और विकासात्मक सोच के कारण ही यह संभव हुआ है।

# अनुराग बोले- प्रधानमंत्री शौचालय बनवाने का काम करते हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री शौचालय पर टैक्स लगाने का

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो पूरे देश में लोगों के लिए निशुल्क शौचालय बनाने की सुविधा दे रहे हैं और एक हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू हैं, जो शौचालय के ऊपर टैक्स लगाने का काम करते हैं। यह बात पूर्व मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुठेड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

बताते चले कि अनुराग रविवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कुठेड़ा में मतदाताओं का आभार करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि लोकसभा के चुनाव में यहां की जनता ने पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा लीड मुझे जीत दिलाई थी। इसके लिए मैं उनका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करने आया हूं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने शौचालय सीट पर भी टैक्स लगाने की अधिसूचना 21 सितंबर को जारी कर दी।

अगर आपके घर में एक शौचालय सीट है, तो 25 रुपए अगर दो हैं तो 50 रुपए मासिक टैक्स देना होगा। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार देती कुछ नहीं, लेकिन लोगों से किस तरह से लिया जाए। इसके लिए लगातार योजनाएं बनाती है। विकास कार्य करवाने के लिए इस सरकार के पास बजट नहीं है और पूरे प्रदेश में सड़कों की हालत खराब है। पानी की सबसे ज्यादा समस्या मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में है। कई लोग उनके पास समस्याएं लेकर आए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान जोर-शोरों से चल रहा है। साढ़े 16 लाख के करीब सदस्य बन चुके हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार के करीब मैन्युअल सदस्य बन चुके हैं और 16 हजार के करीब ऑनलाइन सदस्य दर्ज हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# रामलीला मंचन सनातन धर्म की धरोहर: डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



रामलीला नाटक मंच हमीरपुर द्वारा बरसों से रामलीला का मंचन हमीरपुर शहर के अंदर किया जा रहा है उस में रात्रि डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा भी पहुंचे। इस दौरान रामलीला नाटक मंच हमीरपुर के अध्यक्ष विजय हांडा ने उनको व साथ आए गणमान्यों को टोपी व शॉल से सम्मानित किया ।

इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि रामलीला मंचन हमारे सनातन धर्म की धरोहर हैं और हजारों वर्षों से पूरे भारत वर्ष में बड़े ही उत्साह के साथ हर वर्ष इनका आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाग दौड़ वाली आज के समय की इस जिंदगी में हमारे बच्चे ज्यादातर स्मार्टफोन और कार्टून देखने में व्यस्त रहते हैं, उनके लिए अपने सनातन धर्म को जानने का रामलीला बहुत ही अच्छा मंच है। इस अवसर पर उन्होंने रामलीला नाटक मंच को अपनी तरफ से 21हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, पार्षद राजकुमार, पार्षद डॉक्टर हर्ष कालिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं पदाधिकारी : बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



किसान कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ हमीरपुर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से भेंट की तथा नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और सुनील शर्मा बिट्टू का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजेश ठाकुर को शुभकामनाएं देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों-बागवानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों तथा कृषि से संबंधित अन्य सभी क्षेत्रों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग और प्रदेश के हर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की हैं। इन योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

इस मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि वह मुख्यमंत्री सुक्खू, उनके राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा तथा कांग्रेस पार्टी की अपेक्षाओं एवं उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। राजेश ठाकुर ने कहा कि वह सबको साथ लेकर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे तथा प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य करेंगे।



### बाबा सुमाड सिद्ध मंदिर कमेटी के कैप्टन राम लाल दोबारा बने प्रधान

**जाहू।** बाबा सुमाड सिद्ध मंदिर कमेटी पंजीकृत कोट के चुनाव वर्ष 2024- 26 के लिए संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान दोबारा से कैप्टन रामलाल को चुना गया, वरिष्ठ उपप्रधान रामलाल, उपप्रधान अमरचंद शर्मा व हंस राज नायक, महासचिव चिरंजी लाल नायक, कोषाध्यक्ष जैसी राम व अनिल कुमार, सचिव कमलेश कुमार को चुना गया। कमेटी का चयन 2 वर्ष के लिए किया गया। कमेटी के द्वारा 11 अक्तूबर को मां भगवती का जागरण करवाया जा रहा है। यह जानकारी प्रेस सचिव संजीव गौतम ने दी।

### संस्कृत श्लोकोच्चारण में कन्या स्कूल नादौन की कनिका जिले में प्रथम



**नादौन।** हिमाचल संस्कृत अकादमी शिमला के सचिव डॉ. केशवानंद कौशल के नेतृत्व में जिला हमीरपुर की जिला स्तरीय विद्यालय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन रावमापा कांगू में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 90 विद्यालयों के 300 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अध्यक्ष प्रो. रत्नचंद शर्मा रहे, जबकि जिला शिक्षा उपनिदेशक (उच्चतर) अनिल कौशल ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता में चयनित चार बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्लोकोच्चारण में कनिका (रावमापा कन्या विद्यालय नादौन), मंत्रोच्चारण में कृष्ण कुमार (राउपा भकरेड़ी), संस्कृत गीतिका में रुचि शर्मा (रावमापा टौणी देवी) और संस्कृत भाषण में अभिमन्यु चौहान (डीएवी दरकोटी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# दिव्यांगों की जरूरतों के अनुसार शुरू करेंगे विशेष तकनीकी कोर्स : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए आईटीआई और अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में इन लोगों की जरूरत के अनुसार विशेष कोर्स डिजाइन किए जाएंगे। रविवार को यहां बचत भवन में पहचान संस्था के विशेष बच्चों के स्कूल के नौवें वार्षिक उत्सव में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि हालांकि, कई तकनीकी शिक्षण संस्थानों में कुछ कोर्स पहले ही चलाए जा रहे हैं, लेकिन बदलती जरुरतों के अनुसार कुछ अन्य कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। इन संस्थानों के अलावा कौशल विकास निगम के माध्यम से भी अल्प अवधि के कोर्स करवाए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे भगवान का रूप होते हैं और इनमें कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। उस दिव्य शक्ति एवं प्रतिभा की पहचान करके तथा उन्हें प्रशिक्षित करने की दिशा में प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। धर्माणी ने बताया कि सोलन जिला में दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ा संस्थान खोला जाएगा, जिसमें इनके प्रशिक्षण एवं पुनर्वास सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

पहचान संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में लाइफ स्किल्स विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि ये बच्चे अपनी आम दिनचर्या में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को पहचान स्कूल के लिए भूमि हस्तांतरण के मामले को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए तथा संस्था को 50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई मोमबत्ती, दीयों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा पहचान संस्था का सहयोग करने वाले विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भी अपने संदेश में स्कूल की सराहना की तथा इसमें विभिन्न सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इससे पहले, संस्था की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने मुख्यातिथि, अतिथियों, विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों तथा समारोह में उपस्थित अन्य सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने पहचान स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट तथा विभिन्न उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जबकि, विशेष बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको भावविभोर कर दिया।

इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष मनमोहन सूरी ने स्कूल के लिए एक व्हील चेयर, धर्मार्थ संस्था के पदाधिकारियों ने 25 हजार रुपए और शिव शक्ति संस्था ने 15 हजार रुपए के चेक भेंट किए। कई अन्य लोगों ने भी आर्थिक योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार ने किया। समारोह में एसपी भगत सिंह ठाकुर, एसडीएम संजीत ठाकुर, डीआरओ जसपाल सिंह, कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच, कांग्रेस नेता नरेश ठाकुर, विवेक कटोच, डॉ. हर्ष कालिया और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

**दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने पर दिया बल**

**हिम्मत** राजन ने कभी अपनी शारीरिक चुनौतियों को राह की नहीं बनने दिया बाधा

# दिव्यांग राजन कुमार के हौसले को सलाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगेटू के गांव भगेटू के निवासी राजन कुमार, जो 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और छाती से नीचे का हिस्सा पैरालाइज होने के बावजूद अपने दृढ़-संकल्प और मेहनत से जीवन के हर कार्य में निपुणता हासिल कर चुके हैं। उनका जीवन संघर्ष और आत्मविश्वास न सिर्फ उनकी सीमाओं को पार करने की प्रेरणा देता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन गया है।

राजन ने कभी अपनी शारीरिक चुनौतियों को अपनी राह की बाधा नहीं बनने दिया। जीवन के प्रति उनका सकारात्मक दृष्टिकोण और मेहनत उन्हें सभी से अलग बनाती है। उन्होंने अपने आत्मनिर्भरता के संकल्प को कभी डगमगाने नहीं दिया और समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लगातार प्रयासरत रहे। वह न केवल सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं, बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता करने में भी हमेशा तत्पर रहते हैं।

राजन का दैनिक जीवन उनकी अदम्य साहस और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। सुबह जल्दी उठकर अखबार बांटने का काम करते हैं और इसके बाद सब्जी बेचने का कठिन कार्य करते हैं। यह उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन अपनी वृद्ध माता और खुद के जीवन-यापन और दवाई के खर्चों को पूरा करने के लिए वह रात-दिन मेहनत करते रहते हैं।

उनकी यह उपलब्धि हमें यह सिखाती है कि असंभव कुछ भी नहीं है। उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है कि मजबूत इच्छा शक्ति और मेहनत से किसी भी सीमा को पार किया जा सकता है। उनके इस जज्बे और समर्पण ने उन्हें समाज के लिए एक आदर्श बना दिया है।





एक्टिवा पर सब्जी बेचता तथा (दाएं) व्हीलचेयर पर बैठा दिव्यांग राजन कुमार।

# विधायक ने चबूतरा को दिए वाटर टैंक व बनाल को पशु अस्पताल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह क्षेत्र के विकास के लिए कृत्संकल्प हैं। सीएम सुक्खू के साथ अच्छे संबंधों का लाभ लगातार क्षेत्र के विकास के लिए मिल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनाल में नवनर्मित पशु चिकत्सालय भवन का लोकार्पण विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने द्वारा किया गया।

लोकार्पण के पश्चात विधायक रणजीत सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही ग्राम पंचायत चबूतरा में 24.26 करोड़ की लागत से पानी का टैंक बनेगा जिससे कुठेड़ा, चबूतरा, बनाल व करोट पंचायत के लोगो को लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि जो परिवर्तन आप 15 साल में नहीं देख सके वो आप केवल 6 महीनो में देखेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं जिसका उदाहरण रंगस का कैंसर हॉस्पिटल, हमीरपुर बस अड्डा इस बात को दर्शाता हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की तरफ से सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए धन की कोई कमी नहीं हैं सुजानपुर का विकास तेजी से दौड़ेगा और उसका नमूना 6 महीने के अंदर दिखाई देगा। कार्यक्रम के बाद विधायक ने जानसमस्याओं को सुना। इस मौके पर बनाल ग्राम पंचायत की प्रधान कांता देवी, उपप्रधान मनीष कुमार, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजिंदर वर्मा, खंड विकास अधिकारी ,पशु औषधालय से हंसा महाजन, पंचायत सचिव, इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड ने केवाईसी की शुरू

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत विभाग की ओर से विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया से घर-घर जाकर शुरू कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है, जब विद्युत कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर पर जाएगा, उस समय के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर (जो आधार कार्ड से लिंक है) को पहले से उपलब्ध रखें, ताकि इस कार्य को समय पर किया जा सके। यह जानकारी ई.अंकज गुप्ता, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड कक्कड़ द्वारा दी जा रही है, तथा विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

### व्यक्ति से मारपीट करने पर मामला दर्ज

हमीरपुर। शादी समारोह में जा रहे व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार थाना हमीरपुर में पंकज कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव व डा. तड़ौन तह घुमारवीं जिला बिलासपुर की शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता अपनी में अपने दोस्त के साथ शादी समारोह में गए हुए थे। जब शिकायतकर्ता व इसका अन्य दोस्त कनिष्क उपरोक्त गाड़ी में बैठकर घर आ रहे थे तो समय करीब 12.30 बजे रात को जैसे ही करेर गेट के पास पहुंचा तो अमित वडाणा व अभिषेक ने इनकी गाड़ी को रोकने का ईशारा किया, जैसे ही इसने गाड़ी रोकी तो अमित वडाणा व अभिषेक ने कनिष्क को डंडे/वेसवाल से मारना शुरू कर दिया। उसके बाद शिकायतकर्ता गाड़ी से नीचे उतरा तो इसे भी सन्तोष तथा कर्ण ने डंडो से मारना शुरू कर दिया तथा गाली-गलौच करी व जाते-2 धमकिंया भी दी। इस लड़ाई झगड़े में शिकायतकर्ता ने अपना पर्स व सोने की चैन तथा इसके दोस्त कनिष्क का फोन गुम होना भी बताया है। जिस आधार पर अभियोग थाना हमीरपुर में पंजीकृत हुए है।

### युवाओं को स्वरोजगार के प्रति किया प्रेरित



**कांगड़ा।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के प्राइवेट आईटीआई में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (रूरूरूध), भारत सरकार की ओर से आयोजित पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय योजना, विपणन रणनीतियों और उत्पाद विकास के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को की विभिन्न योजनाओं और सबसिडीयों के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि वे अपने उद्यम के लिए सरकारी सहायता का लाभ उठा सकें। समारोह के मुख्य अतिथि श्री शैलेश सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, भारत सरकार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यशाला के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे यहाँ प्राप्त ज्ञान को अपने व्यवसायिक जीवन में लागू करें और सफल उद्यमी बनें। उनके साथ श्री यश, भूपेंद्र कुमार गांधी, एचके शर्मा, और संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान, श्री शैलेश सिंह के साथ विशेषज्ञ के रूप में राज कुमार और विनोद वर्मा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को व्यवसाय के संचालन, सरकारी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, और व्यवसायिक चुनौतियों से निपटने के तरीके सिखाए। समारोह के दौरान कुछ प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यशाला ने उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में न केवल जानकारी दी, बल्कि यह भी सिखाया कि वे अपने व्यवसाय में इन योजनाओं का कैसे लाभ उठा सकते हैं।

# कुलदीप पठानिया ने विश्रामगृह सिहुंता की रखी आधारशिला

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत जल शक्ति विभाग द्वारा जारी वित्त वर्ष के दौरान 55 विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के अंतर्गत लगभग 310 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। वह आज सिहुंता तहसील मुख्यालय के समीप जल शक्ति विभाग द्वारा 3 करोड़ 64 लाख की राशि से निर्मित होने वाले विश्राम गृह के शिलान्यास अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

पठानिया ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को लगातार पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने तथा सिंचाई योजनाओं और मल निकासी एवं बाढ़ नियंत्रण कार्यों से संबंधित विभिन्न 55 योजनाओं पर 310 करोड़ की धन राशि व्यय की जा रही है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के तहत 5 डीपीआर को जल्द अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके तहत 74 करोड़ 10 लाख रुपए की धन राशि व्यय होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगले दो वर्षों के दौरान भटियात विधानसभा क्षेत्र में पेयजल योजनाओं, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण कार्यों एवं मल निकासी योजनाओं के लिए 288 करोड़ रुपए की लागत वाली एक विशेष कार्य योजना तैयार किया गया है।





आधारशिला रखते कुलदीप पठानिया व अन्य तथा (नीचे) निरीक्षण करते हुए।

पठानिया ने कहा कि सिहुन्ता और साथ लगती 13 ग्राम पंचायतों के लिए 19 करोड़ रुपए की राशि से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि सिहुन्ता तथा इसके साथ लगते क्षेत्रों में लोगों की सुविधा के लिए जल्द 32 करोड़ रुपए की राशि से मल निकासी योजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा।

सिहुंता महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर पठानिया ने कहा कि विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया गया है तथा भवन निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

इससे पहले उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर विश्राम गृह निर्माण की आधारशिला रखी। विधानसभा अध्यक्ष का इस दौरान जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता उत्तरी क्षेत्र सुरेश महाजन ने शाल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### पठानिया ने की जन आरोग्य समिति की बैठक की अध्यक्षता

## अस्थायी सफाई कर्मियों की वेतन वृद्धि को स्वीकृति प्रदान

**अनंत ज्ञान, चंबा/( सिहुंता )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंता की जन आरोग्य समिति बैठक का आयोजन आज लोक निर्माण विश्राम गृह सिहुंता में किया गया।

कुलदीप सिंह ने बैठक के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अस्थाई सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि को स्वीकृति प्रदान करते हुए ज्यादा आबादी वाली ग्राम पंचायतों में आशा कार्यकर्ताओं की संख्या को बढ़ाने के लिए मामला तैयार कर स्वास्थ्य निदेशक को प्रेषित करने को कहा। साथ में उन्होंने जन आरोग्य समिति के वार्षिक बजट को बढ़ाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था के लिए जनरेटर स्थापित करने एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए आरो वाटर प्यूरीफायर लगाने की स्वीकृति प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंता के भवन की आंशिक मरम्मत करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए जल्द नई 108 एंबुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी।

पठानिया ने बैठक में स्वास्थ्य केंद्र भवन की मरम्मत, स्वास्थ्य उपकरणों की मरम्मत एवं क्रय, बायोमेडिकल व्यर्थ पदार्थ परिवहन शुल्क, विविध व्यय इत्यादि विषयों पर विस्तृत समीक्षा करने के साथ विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कार्यवाही का संचालन सदस्य सचिव डॉ. मनीष ठाकुर ने किया।

उपमंडल अधिकारी नागरिक पारस अग्रवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी शाम लाल शर्मा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अनिल ठाकुर, जल शक्ति दिनेश पठानिया, विद्युत बोर्ड राजेश कुमार, समिति सदस्यों में सीमा ठाकुर, मीना कुमारी आदि मौजूद थे।

## परमात्मा को जानकर जीवन को मानवीय गुणों से युक्त बनाया जा सकता है : गुलेरिया

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

मानवता की भलाई के लिए पूरे भारतवर्ष में निरंकारी मिशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत बीते कल रविवार को सन्त निरंकारी डलहौजी शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



प्रवचन करते हुए।

इस शिविर में निरंकारी मिशन के अनुयायियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया।

रक्तदान का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी नागरिक डलहौजी अनिल कुमार भारद्वाज जी ने किया एस डी एम ने स्वयं रक्तदान किया कैंप में 60 युनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक चंबा के सरकारी अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम के द्वारा सहयोग किया गया है। इसमें काका राम सीनियर लैब टेक्नीशियन, नर्सिंग ऑफिसर अंकिता ,नर्सिंग ऑफिसर शीतल जी, एलए विनोद, कौसेलर प्रदीप व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेश जी मौजूद रहे।

शाखा प्रबंधक एचएस गुलेरिया ने बताया कि निरंकारी मिशन के पूर्व सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी के द्वारा 1980 से पूरे भारत वर्ष में रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई थी। इसी लडी में निरंकारी मिशन जगह-जगह रक्तदान शिविर लगा रहा है।

इस अवसर सत्संग का भी आयोजन किया गया जिसमें परम सत्कार योग्य ज्योति प्रशाद जी केंद्रीय ज्ञान प्रचारक की हजूरी में किया गया, जिसमें प्रवचन करते हुए महात्मा ने फरमाया कि ब्रह्मज्ञान से परमात्मा को जानकर अपने जीवन को मानवीय गुणों से युक्त बनाया जा सकता है किंतु यह तभी संभव है जब इस परमात्मा से अपना नाता गहरा किया जाए।

## पंडोह डैम की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के 37 जवान तैनात

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 37 जवानों ने पंडोह डैम की सुरक्षा के लिए तैना हो गए है। केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद अब बीबीएमबी प्रोजेक्ट के सभी स्थानों से हिमाचल पुलिस की सुरक्षा को हटाकर इसे सीआईएसएफ को सौंप दिया गया। बता दें कि इससे पहले हिमाचल प्रदेश पुलिस ही पंडोह डैम और यहां बीबीएमबी के सभी प्रोजेक्ट पर अपने जवानों के माध्यम से सुरक्षा मुहैया करवा रही थी।

हालही में केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि जितने भी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, डैम या अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं वहां पर सीआईएसएफ की तैनात की जाएगी।

इसी के तहत हिमाचल प्रदेश में बीबीएमबी के प्रोजेक्ट पर भी सीआईएसएफ ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। बीबीएमबी प्रोजेक्ट के तहत पंडोह में बना बांध सुरक्षा के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में यहां पर सुरक्षा को लेकर सीआईएसएफ की तरफ से विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए यहां पर कुल 56 जवानों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। इसमें से अभी तक 37 जवानों ने अपनी डयूटी संभालने के साथ ही डैम की सुरक्षा का मोर्चा भी संभाल लिया है। भविष्य में 19 अन्य जवानों द्वारा यहां पर आना बाकी है। यह सभी जवान तय समय पर अपनी ड्यूटी देकर यहां की सुरक्षा को संभालेंगे।



फाइल फोटो।

बीबीएमबी के अधीक्षण अभियंता अजय पाल सिंह ने बताया कि पंडोह डैम की सुरक्षा के लिए 56 जवानों की तैनाती हुई है जिसमें से 37 ने कार्यभार संभाल लिया है और 19 जवानों द्वारा भी जल्द ही यहां पर तैनाती दे दी जाएगी।

## दिव्यांग बच्चों का होगा मुफ्त इलाज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**संफिया फाउंडेशन और एनएचपीसी के चमेरा पावर स्टेशन-दो के बीच एमओयू साइन**

संफिया फाउंडेशन और एनएचपीसी के चमेरा पावर स्टेशन-दो करियां के बीच आश थेरेपी एवरी लास्ट माइल्ड चाइल्ड अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को थेरेपी प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत एक विशेष थेरेपी गांव-गांव में जाकर दिव्यांग बच्चों के घर नि:शुल्क थेरेपी सेवाएं प्रदान करेगी। यह पहल सबसे पहले कुल्लू जिले में शुरू की गई थी। इसके बाद अब चंबा जिला में इसे विस्तार दिया जा रहा है।

इस अभियान का उदेश्य दिव्यांग बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाकर उनके जीवन को बेहतर बनाना है। एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्यपालक निदेशक संतोष कुमार, चमेरा पावर स्टेशन-दो के ग्रुप महाप्रबंधक उमेश कुमार नंद, चमेरा पावर स्टेशन-तीन के ग्रुप महाप्रबंधक अनिल कुमार और संफिया फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर बीजू हिमदल की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर एनएचपीसी की ओर से चमेरा पावर स्टेशन-दो करियां के सीएसआर प्रभारी ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक आलोक रंजन और संऊिया फाउंडेशन के को-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर देव मोरे ने हस्ताक्षर किए। इस सांझेदारी से बच्चों तक सहायता पहुंचाने का संकल्प किया गया।

## भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के लिए नहीं हो पाया जगह का चयन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पिछले कई सालों से भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए जगह का चयन आज तक नहीं हो पाया है। हर वर्ष मणिमहेश मेला शुरू होते ही भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए कवायद तेज हो जाती है। लेकिन जैसे ही मनीमहेश मेला खत्म हो जाता है इसके निर्माण की बात ठंडे बस्ते में चली जाती है।

गौरतलब है पिछले कई वर्षो से भरमौर में अतिरिक्त हेलीपैड बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। जिसके लिए सरकार की ओर से कुछ बजट का प्रावधान भी हो गया है। लेकिन सही जगह का चुनाव नहीं होने के कारण इस अतिरिक्त हेलीपैड का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में हैलीपोर्ट बनाने के निर्देश देने के बाद यह मांग पूरी होते हुए दिख रही थी। लेकिन इसके लिए भी प्रशासन द्वारा भरमौर के होली में जगह का चयन किया गया है।

ददमां की समीप पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित की गई जगह पर हेलीपोर्ट निर्माण करने के लिए वन विभाग की औपचारिकताएं भी अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। आपको बता दें कि हर वर्ष यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु यात्रा पर जाते हैं। जिसमें कई श्रद्धालु हेली टैक्सी द्वारा भी यात्रा पर जाते हैं। लेकिन भरमौर में जिस जगह हेलिपैड बना है वह जगह बिल्कुल शहर के बीचों बीच है। यहां पर हेलीकॉप्टर की उड़ान के दौरान यहां पर रहने वाले लोगों के लिए भी ध्वनि प्रदूषण काफी होता है। लिहाजा सुरक्षा के मध्यनजर सरकार ने भरमौर प्रशासन को हेलीपैड के निर्माण के लिए अतिरिक्त जगह का चयन करने के लिए कहा गया था। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ददमा के समीप हेलीकॉप्टर के लिए जगह देखी गई है लेकिन स्थानीय लोगों व नेताओं की आपसी खींचातानी के चलते इस जगह पर भी अभी तक औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई है।

## सुनारा स्कूल में 16 पद खाली

**भरमौर।** चंबा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुनारा में अध्यापकों के 16 पद रिक्त चल रहे हैं। अध्यापकों के पद रिक्त होने के चलते यहां पर विज्ञान संकाय बंद हो गया है। एक ही स्कूल में प्राध्यापकों व अध्यापकों के इतने पद खाली होने के चलते यहां पर शिक्षा की व्यवस्था बुरी तरह से चरमराम गई है।

यहां पर प्रिंसिपल के साथ अधीक्षक सीनियर अस्सिटेंट, क्लर्क, लेक्चर बायोलॉजी, लेक्चर केमिस्ट्री, लेक्चरर हिस्ट्री, लेक्चर गणित, लेक्चर हिंदी, लेक्चर फिजिक्स, लेक्चर इंग्लिश, लेक्चर अकाउंटेंसी, लेक्चर बिजनेस स्टडी, टीजीटी आर्टस और पीईटी के पद पिछले के समय से खाली चले हुए हैं। जिस कारण यहां पर पड़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ रहा है।

## वाइल्डलाइफ सप्ताह पर मिनी मैराथन में 121 प्रतिभागियों ने लिया भाग



मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

वाइल्डलाइफ सप्ताह के अवसर पर डलहौजी वन मंडल के चुवाड़ी में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन का उद्घाटन वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मिनी मैराथन में लगभग 121 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें वन विभाग की ओर से टी-शर्ट प्रदान की गई।

पुरुष और महिला श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों को क्रमश: 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। वाइल्डलाइफ सप्ताह के दौरान विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना है। वन विभाग के सहायक अरण्यपाल रवि गुलेरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी चुवाड़ी वरयाम सिंह और अन्य कर्मचारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सूडोकु 0079 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0078 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

7 अक्तूबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** चतुर्थी : (9.49): **नक्षत्र** अनुराधा (2:25), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** प्रीति( 6:38) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:45-12:31), **राहुकाल** (7:45 -12:31)।

### विशेष दिन

- 7 अक्तूबर 2024 : ललिता पंचमी आज।
- 7 अक्तूबर 2024 : विश्व आवास दिवस आज।

**मेष:** आज आपको नकारात्मक विचार घेरने की कोशिश करेंगे, इसलिए विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें।

**वृषभ:** कार्यक्षेत्र में आज कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं, लेकिन मेहनत से अपने कार्य को पूरा करें सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** अगर आप निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो आज जीवन साथी से सलाह लें और लंबे समय के लिए निवेश करें।

**कर्क:** आज किसी पुराने मित्र से आपकी मुलाकात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। आज किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना है।

**सिंह:** आज दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। कार्य क्षेत्र में आज सीनियर का सहयोग आपको मिलने वाला है।

**कन्या:** अगर पिछले लंबे समय से कोई योजना या नया कार्य शुरू करने की सोच रहे थे तो आज उचित समय है।

**तुला:** आज आप कुछ अलग करने की ऊर्जा अपने मन और तन में पाएंगे। आज किसी प्रिय से आपकी मुलाकात होगी।

**वृश्चिक:** आज वाहन चलाते समय आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। सड़क पार करते समय भी सावधानी बरतनी होगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए कुछ नया लेकर आने वाला है। पिछले कुछ दिनों से जिन चिंताओं से आप घिरे हुए थे।

**मकर:** आज आमदनी के नए रास्ते आपके लिए खुलेंगे, अगर आप कोई नया कार्य शुरू करने जा रहे हैं तो आज का दिन शुभ है।

**कुंभ:** आज आपको थोड़ा मजबूत होना पड़ेगा। संयम बनाकर रखिए गुस्से को काबू रखिए, लेकिन गलत निर्णयों का विरोध आपको आज करना चाहिए।

**मीन:** कार्य क्षेत्र में सहकर्मियों से विवाद आज हो सकता है। इसलिए वाणी में मधुरता बनाए रखें।

## पठानकोट-भरमौर एनएच पर बनेंगे 3 नए पुल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर शीघ्र ही तीन नए बड़े पुल बनकर तैयार हो जाएंगे। बड़ी परियोजनाओं के तहत बन रहे इन पुलों के बन जाने के बाद पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे की दूरी भी थोड़ी कम हो जाएगी।

हालांकि इस कड़ी में बत्ती हटी के समीप एक पुल बनकर पूरी तरह से तैयार भी हो गया है। इस कड़ी में धरवाला के पास दूसरा पुल का निर्माण अंतिम पडाव में है। गौरतलब है पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर चंबा से लेकर भरमौर तक तीन बड़े पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। विभाग की माने तो आने वाले दो महीनों के भीतर सभी पुल बनाकर पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।

बहरहाल बग्गा से लेकर खड़ामुख तक पठानकोट-भरमौर मार्ग की दुर्दशा को लेकर विभाग व प्रशासन के ऊपर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं। वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## मल्टीटास्क वर्कर्स यूनियन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पार्ट टाइम मल्टीटास्क वर्कर यूनियन शिक्षा विभाग जिला चंबा अध्यक्ष रोहित चौहान की अध्यक्षता में उपायुक्त चंबा से मिले। इस मौके पर यूनियन ने अपना मांग पत्र उपायुक्त चंबा को सौंपा।

जिला कार्यकारिणी के सचिव पायल सूरी और ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार ब्लॉक सचिव सोनू कुमार और सोनी देवी और नूर बेगम तथा अन्य कुछ साथी शामिल रहे। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार पार्ट टाइम मल्टीटास्क वर्कर को पिछले दो सालों से अनदेखा कर रही है।



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

यूनियन का कहना है कि हम लोगों को लगे हुए 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं और अभी तक हम लोगों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की है और वेतन भी 2019 के रेट के हिसाब से मिल रहा है 2019 में पार्ट टाइम का रेट हिमाचल में 31.25 पैसे घंटे के हिसाब से दिया जाता था जबकि अभी वह बढ़कर 50 घंटा हो गया है और अभी तक पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर को 2019 के हिसाब से 31.25 पैसे ही दिया जा रहा है।

**समस्या** भरमौर के ग्राम पंचायत कूंर में लोगों का स्वास्थ्य पिछले कई सालों से राम भरोसे

# कूंर में बना उपस्वास्थ्य केंद्र शौचालय में हुआ तब्दील

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत कूंर में लाखों रुपए की कीमत से बनाया गया उपस्वास्थ्य केंद्र शौचालय में तब्दील हो गया है। यहां पर पिछले कई वर्षों से कोई भी स्थाई कर्मचारी नियुक्त नहीं हुआ है। लिहाजा यहां के लोगों का स्वास्थ्य पिछले कई सालों से राम भरोसे ही चल रहा है। बदहाल भवन व लाचार स्टाफ के अभाव के चलते यहां के लोग मजबूरन स्वास्थ्य शिविर में जाकर अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवाने को मजबूर है। यही नहीं इस भवन की बदहाल सूरत को लेकर यहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले कैंप भी दूसरी जगह लगाए जाते हैं।

हैरानी की बात यह है कि लाखों रुपए के कीमत से बना यह स्वास्थ्य भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर स्टाफ की मार से यहां के लोगों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। यहां के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों का चेकअप करवाने के लिए अपनी पंचायत से दूर जाना पड़ रहा है। विभाग द्वारा पिछले कई सालों से यहां पर रेगुलर स्टाफ की नियुक्ति न होने के कारण डेपुटेशन के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है।

### क्या कहते हैं बीएमओ

**इस** विषय पर बीएमओ धरवाला नवदीप राठौर ने कहा है कि पूरे खंड चूड़ी में 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली चले हुए हैं। उन्होने कहा है कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। पूरे खंड चिकित्सा में स्टाफ की कमी के कारण यहां पर काम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी के कारण कई बार दूसरी जगह से स्टाफ मंगवा कर कैंप वगैरा आयोजित करवाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री को करवाएंगे अवगत : विधायक

**इस** विषय पर विधायक भरमौर डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वह समय-समय पर सरकार के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठा चुके हैं। इस तरह की कमियों की उनके पास पूरी जानकारी है लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के नाम वाली सरकार से विकास की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने फिर भी वह इस संबंध में स्वयं स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को दोबारा से पूरे भरमौर में चल स्टाफ की कमी को लेकर अवगत करवाएंगे।

### इलाज के लिए ठोकरें खानी पड़ रही : प्रधान

**प्रधान** ग्राम पंचायत कूंर कल्पना शर्मा ने कहा है कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। यहां पर लाखों रुपए की वजह से बनाया गया उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन शौचालय में तबदील हो रहा है। यहां की गरीब जनता को छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए दर-दर की ठोकर खानी पड़ रही है। अगर इस समस्या की ओर जल ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन आने वाले समय में खंडहर में तब्दील हो जाएगा।

**जीवन** को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# टेरर फंडिंग खतरनाक

राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की टीम ने एक साथ पांच राज्यों जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, यूपी, असम और दिल्ली में करीब 22 जगह रेड कर सनसनी फैली दी है। निश्चित रूप से जांच एजेंसी ने यह बड़ी कार्रवाई आतंकवादी गतिविधियों को लेकर मिले बड़े इनपुट के बाद की होगी। दरअसल, यह कार्रवाई आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामले में हुई है। जांच एजेंसी को कुछ संदिग्धों के पास से कई सामान भी मिले थे, जिनकी पड़ताल जारी है। कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब एजेंसी उनसे पूछताछ कर किसी नतीजे तक पहुंच ही जाएगी। यह कार्रवाई कई मायनों में अहम है और उसके अच्छे परिणाम सामने आने की पूरी संभावना है। सरकार और इसकी जांच एजेंसियां इस तरह की आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए अक्सर ऐसे कदम उठाती रहती है। आतंकवाद कभी भी टेरर फंडिंग के बिना नहीं चल सकता है, क्योंकि इस काम के लिए बहुत ज्यादा पैसा चाहिए होता है। आतंकी संगठनों को यह पैसा वही दे सकता है जिसकी भारत से खुन्नस है। इस मामले में सबसे ज्यादा शक पड़ोसी देश पाकिस्तान पर जाता है। हालांकि, पाकिस्तान की आर्थिक रूप से खुद की अपनी हालत ठीक नहीं है, लेकिन वह आतंकी गतिविधियां चलाकर हमेशा भारत को परेशान करता रहता है। ऐसा भी नहीं है कि जांच एजेंसियों को इसकी भनक न हो।

जांच एजेंसियां बड़ी सतर्कता से अपने काम को अंजाम देती हैं और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए कई कदम भी उठाती हैं। सरकार और इसकी जांच एजेंसियां इससे निपटने के लिए संजीदा हैं। टेरर फंडिंग की समस्या जटिल समस्या है, क्योंकि यह आतंकवाद का जीवन रक्त है। सरकार वित्तीय लेनदेन पर निगरानी रखकर आतंकवादी संगठनों को धन पहुंचाने वाले मार्गों को रोकने का प्रयास कर रही है। सबसे ज्यादा फंडिंग बॉर्डर एरिया से होती है। सरकार आतंकवादी संगठनों की पहचान करके उनके खिलाफ कार्रवाई करती है। इस काम के लिए वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग करके आतंकवादी संगठनों को धन पहुंचाने वाले मार्गों को रोकने का प्रयास करती है। सरकार साइबर सुरक्षा को मजबूत करके आतंकवादी संगठनों को ऑनलाइन धन पहुंचाने वाले मार्गों को भी अवरुद्ध कर देती है, ताकि आतंकियों तक धन न पहुंच सके। अगर आतंकियों को हथियार और राशन की सप्लाई नहीं होगी, तो वह अपना जीवन नहीं बचा पाएंगे। इसके अलावा उन्हें स्वस्थ रहने के लिए दवाइयों तथा इंजेक्शनों की जरूरत भी पड़ती है, जो पैसे के अभाव में नहीं मिल सकती हैं।

जांच एजेंसियां आतंकवादी संगठनों के खिलाफ जांच करके उन्हें अदालत में लाने का प्रयास करती हैं। वह आतंकवादी संगठनों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करके उनके खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देती हैं। इस काम में जांच एजेंसियां सुरक्षाबलों के साथ सहयोग करके आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करती हैं। मौजूदा परिदृश्य में आतंकवाद से न केवल भारत बल्कि पूरा विश्व ही जूझ रहा है। भारत में तो कई बार पाकिस्तानी हैंडलर्स रंगे हाथ पकड़े भी जाते रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान उन्हें अपना मानने से इनकार कर देता है। इस वजह से पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बेनकाब करना बेहद कठिन हो जाता है। पाकिस्तान ने तो कारगित युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों के शव इसलिए लेने से इनकार कर दिया था कि कहीं उसकी पूरी दुनिया में पोल न खुल जाए। हालांकि, हाल ही में पाकिस्तान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की प्रत्यक्ष भूमिका स्वीकारी थी। पाकिस्तान के वर्तमान जनरल असीम मुनीर ने अपने डिफेंस डे के मौके पर कहा था कि 1965, 1971 और 1999 में कारगिल में युद्ध लड़ते हुए, उनके कई सैनिकों ने अपनी जान गंवाई थी। उनके इस बयान से काफी बवाल भी मचा था। पाकिस्तान स्थानीय आतंकियों को शामिल कर अपनी करतूतों को अंजाम देता रहा है। दुनियाभर के देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाते हैं और इस समस्या पर मंथन करते हैं, लेकिन फिर भी वांछित परिणाम सामने नहीं आते हैं, जिससे आतंकियों का मनोबल बढ़ता ही जाता है और वह दोगुनी ताकत के साथ आतंकवाद फैलाते हैं। आतंकवाद को टेरर फंडिंग कुछ ताकतवर देश करते हैं। हालांकि, कई बार वह खुद भी आतंकवाद के शिकार हो जाते हैं और तब वह खूब हाय-तौबा मचाते हैं। आतंकवाद न केवल एक देश की, बल्कि समूची दुनिया की समस्या है इसलिए इस समस्या के खात्मे के लिए सब देशों को एकजुट होना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पूर्व उत्कृष्ट भारतीय क्रिकेटर

**जहीर** खान पूर्व उत्कृष्ट भारतीय क्रिकेटर हैं। वह वर्ष 2000 से वर्ष 2014 तक भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में एक महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज के रूप में शामिल रहे। वह भारतीय टीम की ओर से तेज गति से गेंदबाजी करने के लिए विख्यात रहे। जहीर खान ने बड़ौदा के लिए खेलते हुए अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। वह कई चीजों, जैसे-गेंद को विकेट से बाहर निकालने, पुरानी गेंद से गति के साथ स्विंग कराने और रिवर्स स्विंग कराने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। जहीर खान 'प्रो स्पोर्ट फिटनेस एंड सर्विस' नामक पुनर्नियुक्त और प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं। जहीर खान का जन्म महाराष्ट्र में श्रीरामपुर के एक मराठी मुस्लिम परिवार में जाकिया और बख्तियार खान के यहां हुआ था। उन्होंने न्यू मराठी प्राथमिक विद्यालय और श्रीरामपुर में केजे सोमैया सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन किया। जहीर खान ने वर्ष 2000 में नैरोबी में होने वाली आईसीसी नॉकआउट ट्राफी में केन्या के खिलाफ अपने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की शुरुआत की थी।



जहीर खान
जन्म : 7 अक्तूबर, 1978

तब से उन्होंने 120 एकदिवसीय मैचों में 177 विकेट लेने के साथ 506 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/42 शामिल है। वर्ष 2003 में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में, उनके योगदान के कारण भारत फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुआ था, जिसमें उन्होंने सबसे अधिक चार विकेट लिए थे। वर्ष 2003 के विश्व कप में जहीर खान ने 11 मैचों में 18 विकेट लिए थे, जिनमें उनका औसत 20 रन प्रति विकेट था। ■

## अपनी बात

**शारदीय** नवरात्र की धूम देशभर में देखने को मिल रही है, जहां माता के पंडाल सजाए जाते हैं और उनमें मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन होते हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। पुराणों के अनुसार, भगवान स्कंद की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। देवी स्कंदमाता को सफेद रंग अत्यंत पसंद है जो शांति और सुख का प्रतीक है। मां का यह स्वरूप परम शांति और सुख का अनुभव कराता है। माता की पूजा करने से वे अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। साथ ही उनकी पूजा से मोक्ष के द्वार भी खुल जाते हैं। आइए जानते हैं मां के इस स्वरूप और पूजा विधि के बारे में। पंचमी तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि की शुरुआत 7 अक्तूबर दिन सोमवार को 09:47 एएम से शुरू होगी, जिसका समापन 8 अक्तूबर दिन मंगलवार को 11:17 एएम पर होगा। मां स्कंदमाता की आराधना के लिए नवरात्रि का पांचवां दिन समर्पित किया गया है। इस स्कंदमाता को केले का भोग लगाना चाहिए। इससे माता प्रसन्न होकर भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। **अंशिका, बगली**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आक्रामक प्रजातियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना अति आवश्यक

आक्रामक प्रजातियों को अक्सर पारिस्थितिक तंत्र के हानिकारक विघटनकारी के रूप में देखा जाता है। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में, कुछ आक्रामक प्रजातियां पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर सकती हैं। हालांकि वे मूल जैव विविधता के लिए जोखिम उत्पन्न करते हैं, लेकिन नई परिस्थितियों में जल्दी से अनुकूलन करने की उनकी क्षमता कभी-कभी पारिस्थितिक तंत्र को स्थिर करने या कार्बन पृथक्करण को बढ़ाने में मदद कर सकती है। विश्व प्राणी समुदाय में, आक्रामक प्रजातियों को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, जिससे देशी पारिस्थितिकी तंत्र पर उनके प्रभाव के बारे में व्यापक स्तर पर गलत धारणा बन जाती है।

इस श्रेणी में, गैर-देशी खरपतवार से लेकर कीड़ों और जलीय आक्रमणकारियों तक, की गई प्रजातियों को गलत समझा जाता है और अक्सर उनका गलत प्रबंधन किया जाता है। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि जानबूझकर या अनजाने में पेश की गई अधिकांश पजातियां देशी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा पैदा नहीं करती हैं। आक्रामक प्रजातियां वे पौधे, कीड़े और जलीय जीव हैं, जो अपने वर्तमान आवासों के मूल निवासी नहीं हैं। वे अक्सर नए पारिस्थितिकी तंत्रों में फैल जाते हैं, जिससे स्थानीय जैव विविधता बाधित होती है। इन प्रजातियों को गैर-देशी या पेश की गई प्रजातियां भी कहा जाता है। आक्रामक पजातियों के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं हैं। एक आम गलतफहमी है कि सभी आक्रामक प्रजातियां नए पारिस्थितिकी तंत्र में आने पर हानिकारक हो जाती हैं। जबकि कुछ महत्वपूर्ण खतरे पैदा कर सकती हैं, यह सार्वभौमिक रूप से सत्य नहीं है। कई पेश की गई प्रजातियां अपने नए वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालती हैं और वास्तव में, लाभकारी भूमिका निभा सकती है। आक्रामक प्रजातियों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। पहली आकस्मिक आगमन प्रजातियां अक्सर अचानक व अनजान तरीके से आती हैं, जैसे कि जेवरा मसल, जिसे ब्लैक सी से दूसरे क्षेत्रों में जहाजों में वैलस्ट पानी के माध्यम से पहुंचाया गया था, जहां यह तब से स्थानीय बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दूसरी आक्रामक प्रजातियां जानबूझकर पेश की जाती हैं, जैसा कि लैंटाना के मामले में देखा गया है, जिसे ब्रिटिश उपनिवेशवादियों द्वारा दक्षिण अमेरिका से भारत लाया गया था। नेटाना का तेजी से पसार हुआ है, जो जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क आदि जैसे कई राष्ट्रीय उद्यानों में देशी वनस्पतियों को मात देकर और कृषि फसलों को नुकसान पहुंचाकर एक खतरा बन गया है, जिससे स्थानीय जैव विविधता को खतरा है। जलवायु परिवर्तन की घटनाओं में वृद्धि के साथ ही, आक्रामक प्रजातियों के साथ हमारे संबंध भी विकसित हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को रोकने में आक्रामक प्रजातियों के लाभ देखें, तो कार्बन पृथक्करण में इनकी भूमिका है। कुछ आक्रामक पौधों की प्रजातियों में महत्वपूर्ण मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन को कम करने में सहायता मिलती है। उदाहरण के लिए पोसोपिस जूलीफ्लोरा भारत में एक आक्रामक प्रजाति, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। जो निम्नकृत भूमि में कार्बन भंडारण में योगदान करती है। स्पार्टिना अल्टरनिफ्लोरा जैसी आक्रामक प्रजातियां तटीय मिट्टी को स्थिर कर सकती है, कटाव को रोक सकती है एवं समुद्र के बढ़ते स्तर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा कर सकती है। कुछ आक्रामक प्रजातियां, जैसे साइबेरियाई एल्म, अधिक सूखा प्रतिरोधी है एवं जहां देशी प्रजातियां विफल हो जाती है। वहां वनस्पति आवरण प्रदान करती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बनाए रखा जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण देशी पौधों की कमी होने पर आक्रामक पौधों की प्रजातियां परागणकों के लिए खादय संसाधन प्रदान कर सकती है। उदाहरण के लिए पूर्वी अमेरिका में लोनीसेरा जैपोनिका (जापानी हनीसकल) कुछ मौसमों के दौरान मधुमक्खियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है। उन क्षेत्रों में जहां मूल जैव विविधता पहले ही नष्ट हो चुकी है, आक्रामक प्रजातियां पारिस्थितिक अंतराल को भर सकती हैं। उदाहरण के लिए दक्षिण अफ्रीका में आक्रामक नीलगिरी के पेड़ ने स्थानीय प्रजातियों के लिए आवास की मुहैया करते हुए, वनों की कटाई वाले क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने में मदद की है।

राष्ट्रीय हरित भारत मिशन बंजर क्षेत्रों में पुनर्वनीकरण पहल का समर्थन करता है। समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करते हुए, आक्रामक प्रजातियों के पसार एवं प्रभाव को ट्रैक करने के लिए निरंतर निगरानी प्रणाली स्थापित करना। उदाहरण के लिए भारत की आक्रामक विदेशी प्रजातियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना विभिन्न राज्यों में फॉल आर्मीवर्म जैसी प्रजातियों की आवाजाही पर नजर रखती है। सार्वजनिक जागरूकता से संभावित प्रभावी के बारे में शिक्षित करते हुए आक्रामक प्रजातियों की निगरानी एवं नियंत्रण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना। उदाहरण के लिए केरल में पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में जलकुंभी, एक आक्रासक जलीय पौधा, को हटाने में स्थानीय लोगों को शामिल किया जाता है। विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों में आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन के लिए जानकारी एवं रणनीतियों को साझा करने के लिए सीमा पार सहयोग को मजबूत करता। उदाहरण के लिए जैविक विविधता पर कन्वेंशन में भारत की भागीदारी आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन पर जोर देती है। जबकि आक्रामक प्रजातियां महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती है। कुछ जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में लाभ पदान कर सकती है, जैसे पारिस्थितिक तंत्र को स्थिर करना एवं कार्बन पृथक्करण को बढ़ाना। एक संतुलित दृष्टिकोण जी सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रभावों पर विचार करता है, पारिस्थितिक सचीलापन एवं जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देते हुए, आक्रामक प्रजातियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक है।

आक्रामक प्रजातियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से किए गए, कई प्रयास अप्रभावी और अत्यधिक समय की मांग करने वाले साबित हुए है। ये प्रजातियां अक्सर अपने पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई से समा जाती है, जिससे उनका उन्मूलन मुश्किल हो जाता है। उदाहरण के लिए, आक्रामक पौधों की प्रजातियों को खत्म करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शाकलाशी अनजाने में देशी वनस्पतियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिसमें तितलियों जैसी लाभकारी प्रजातियों में गिरावट आ सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# लोकआस्था का केंद्र शिवपुरी धाम समताना

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से विश्व विख्यात व प्रसिद्धि प्राप्त है। अनेक देवी-देवताओं ऋषि मुनियों के तप त्याग व आशीर्वाद से हिमाचल प्रदेश के कई स्थान पवित्रता और आस्था से परि-पूर्ण हो चुके हैं। जहां साल भर-भक्तों व पर्यटकों के कदम ऐसे पावन स्थानों का दीदार करने बढ़े चले आते हैं, ऐसा ही एक स्थान या कहे लोकआस्था का केंद्र जिला हमीरपुर के उपमंडल बड़सर में समताना गांव में भी स्थित है जो कि शिवपुरी धाम समताना के नाम से जाना जाता है। शिवपुरी धाम समताना के विषय में लोकमान्यताओं के अनुसार यह माना जाता है कि यह शिव मंदिर पांडवों के समय का है।



लेखिका : शिवालिका ठाकुर
हमीरपुर, हिप्र

यहां पर एक प्राचीन शिवलिंग और पानी की बावड़ी है, वह पांडवों के समय से है यहां पर है। प्राचीन शिवपिंडी के अलावा अन्य प्राचीन मूर्तियां भी यहां स्थित हैं जो कि यहां पर मंदिर के निर्माण कार्य के समय मिट्टी में से निकली है। ऐसा माना जाता है कि सन 2000 के आसपास उत्तराखंड से एक संत यहां आए और यहां पर पूजा-अर्चना की जाने की परंपरा प्रारंभ हुई, ऐसे में स्थानीय लोगों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेकर सहयोग किया। उक्त संत ने मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर को विशाल रूप दिया तथा धीरे-धीरे दशहरा, दिवाली, महाशिवरात्रि, बाबा बालक नाथ जी का भंडारा तथा गुरु पूर्णिमा इत्यादि समस्त त्योहार यहां हर्षोल्लास से मनाए जाने की रिवायत बनने लगी। परिणामस्वरूप इसके स्थानीय व अन्य क्षेत्र से भी यहां भक्तों का तांता लगने लगा।

धीरे-धीरे कई त्योहार इतने प्रसिद्ध हो गए कि जिसमें हजारों की संख्या जुटने लगी, जिसमें यहां का दशहरा समूचे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो गया। दशहरे के अवसर पर यहां रावण का पुतला 100 फुट का व कुंभकरण ,मेघनाद का 40 फुट का बनाया जाने लगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेले व इतने बड़े पुतलों को देखने लोग दूर-दूर से यहां अभी भी पहुंचते हैं। समताना का दशहरा आस-पास के क्षेत्रों में काफी प्रसिद्ध है, कई लोग तो इस स्थान को केवल दशहरे की प्रसिद्धि के फलस्वरूप ही जानते व मानते हैं। जबकि यहां साथ में ही दूर-दूर क्षेत्रों से लोग शांति-हवन पाठ करवाने मंगल व शनिवार को काफी संख्या में पहुंचते हैं।

प्रत्येक क्षेत्र में अपने स्थानीय मंदिर,त्योहारों व मेलों का अपना विशेष महत्व होता है, इसी क्रम में समताना शिवपुरी धाम का भी भक्तों के बीच काफी अधिक महत्व है। यह मंदिर जिला हमीरपुर मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां बस सेवा या टैक्सी के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। **(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## कविता



### रख किताब से आशिकी अपनी

**डॉ. कौमार्या मनोज**

*हो हवा तेज , चाहे तूफा हो*
*दीये जलते हैं , जलते रहेंगे ।*
*नजर सिर्फ मंजिल पर रखना ,*
*हम यूहीं साथ तेरे चलते रहेंगे ।।*
*रख किताब से आशिकी अपनी ,*
*सब्र कर, फल तुझे जरूर मिलेगा ।*
*हो सकता है आज न सही ,*
*पर कल तुमको जरूर मिलेगा।।*
*मंजिल मिल हीं जाएगी ,*
*थोड़ा भटको तो सही ।*
*गुमराह तो वो होते हैं ,*
*जो घर से निकलते हीं नहीं ।।*
*मंजिल करीब सा दिखेगा ,*
*तू मेरे साथ तो आके देख ।*
*मंजिल तक हम साथ चलेंगे,*
*विश्वास तू ऐसा कर के देख ।।*
*कितनी बार बेहतर रैंक दिया ,*
*खुद याद नहीं ये रखना मुझको।*
*संग-संग मेहनत की ,आदत मेरी ,*
*मंजिल तक दूं साथ तुझी को।।*

# चंदेलवंश की महानतम वीरांगना 'रानी दुर्गावती'

वर्तमान के मध्य प्रदेश एवं कुछ भाग उत्तर प्रदेश के बुंदेल खंड में 9वीं से 15वीं शताब्दी तक चंदेल राजवंश का शासन रहा। इतिहासकार आरसी मजूमदार (1977) द्वारा लिखित पुस्तक के अनुसार 831 ई. से लेकर 1315 ई. तक खजुराहो, कालिंजर एवं महोबा से इन राजाओं ने मध्य कालीन युग में बुंदेल खंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा बीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर को 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पद्वी को सुशोभित करते रहे। स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद भारत की संसद के ऊपरी सदन में राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया। सन 1952-1957 तक लोकसभा सदस्य रहे। इससे पहले 12 अक्तूबर 1948 से 26 जनवरी 1950 तक बिलासपुर के मुख्य आयुक्त भी रहे।

लगभग 1400 से अधिक वर्ष के चंदेल वंश इतिहास ने इस देश को नारी शक्ति की विरासत के रूप में आज तक की सर्वश्रेष्ठ वीरांगनाओं में से एक रानी दुर्गावती भी दी है। रानी दुर्गावती मात्र रानी ही नहीं, लेकिन अतीत का गौरव और वर्तमान समय की पीढ़ियों की आदर्श हैं। 5 अक्तूबर को रानी दुर्गावती का 500वां जन्मदिन था। इस महारानी का प्रेरक स्मरण 500 वर्षों के बाद भी मन को गौरवान्वित एवं शरीर को प्रफुल्लित करता है। रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है, जिन्होंने मातृभूमि और अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। 5 अक्तूबर 1524 को दुर्गाष्टमी के दिन नवरात्र का उत्सव चल रहा था। कालिंजर के राजा कीरत सिंह चंदेल के घर एक पुत्री का जन्म हुआ, इसलिए नामकरण किया दुर्गावती। रानी का जन्म कालिंजर उत्तर प्रदेश के बुंदेल खंड क्षेत्र में बांदा जिले में स्थित पौराणिक संदर्भ वाले एक ऐतिहासिक दुर्ग में हुआ। यह विश्व धरोहर स्थल प्राचीन नगरी खजुराहो के निकट ही स्थित है। कालिंजर दुर्ग भारत के सबसे विशाल और अपराजेय किलों में एक माना जाता है। चंदेलों द्वारा बनाया गया यह किला चंदेल वंश के शासनकाल की भव्य वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है।



लेखक : डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल
वाइस चांसलर, नौणी यूनिवर्सिटी

यह किला भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। जब चंदेल शासक आए, तो इस पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक और हुंमायू ने आक्रमण कर इससे जीतना चाहा, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। अंत में 1569 में अकबर ने यह किला जीतकर बीरबल को उपहार में दिया। बाल्यकाल में ही राजा कीरत सिंह ने राजकुमारी दुर्गा को शस्त्र चलाना सिखाया और अपने कौशल के कारण कुछ दिनों में ही दुर्गावती शस्त्र चलाने में प्रवीण हो गई। इसकी कीर्ति आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। गोंडवाना क्षेत्र के पराक्रमी राजा वीर दलपत शाह के पास दुर्गावती के संस्कारों के साथ-साथ पराक्रम की बातें भी पहुंच गई। दलपत शाह भी एक सुंदर एवं पराक्रमी राजकुमार थे। इस तरह चंदेल राजवंश की राजकुमारी जो कि बचपन से ही अत्यंत कुशाग्र, शौर्यवान, धर्मनिष्ठ, राष्ट्रभक्त और निर्णय लेने में दक्ष थी ने एक जनजाति समूह के वलिष्ठ युवा राजकुमार दलपतशाह से अपना विवाह करना स्वीकार किया। रानी दुर्गावती एवं दलपतशाह के प्रेम और परिणय की कथाएं आज भी उस क्षेत्र में प्रचल्लित हैं। कुछ वर्षों बाद 1545 ई. में इनके एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम वीरनारायण सिंह रखा गया। दुर्भाग्य से रानी दुर्गावती एवं राजा दलपतशाह का दांपत्य जीवन मात्र 5 वर्ष का ही रहा।

राजा की अल्प आयु मृत्यु के उपरांत संकट की घड़ी में रानी ने अपना धैर्य नहीं खोया तथा बड़ी हिम्मत के साथ काम लिया। प्रजा ने एक प्रजावत्सल मां का रूप देखा। पति के पीछे सती जाने के बदले रानी ने विधवा रहते हुए भविष्य को संवारने का काम किया। आदर्श कामकाज के लिए इतिहास में जिन राज्य शासनों का उल्लेख है। पति की अकस्मात मृत्यु के बाद अपने पुत्र का राज्याभिषेक करके रानी ने स्वयं गढ़मंडला के शासन की कमान संभाली। रानी दुर्गावती के गोंडवाना साम्राज्य की संपन्नता और समृद्धि की चर्चा कड़ा और मानिकपुर के सूबेदार आसफखान द्वारा मुगल दरबार में की गई। धूर्त और चालाक अकबर नेलूट और विधवा रानी को कमजोर समझते हुए तथा बलपूर्वक गोंडवाना साम्राज्य हथियाने के उद्देश्य से रानी को आत्म समर्पण के लिए धमकाया। उसने महारानीको यह संदेश भिजवाया 'अपनी सीमा राज की, अमल करो परमान। भेजो नागसुपेतसोई, अरू अधार दीवान।' परंतु स्वाभिमानी तथा स्वतंत्र प्रिय रानी नहीं मानी। फिर धूर्त अकबर का एक और संदेश आया कि 'स्त्रियों का काम रहता कातने का है' तो रानी ने जवाब में एक सोने का पींजन भेजा और कहा कि आपका काम रूई धुनकने का है। अकबर इससे तिलमिला गया तथा गोंडवाना पर युद्ध हेतु अलग-अलग प्रयास करने प्रारंभ किए। वीरांगना दुर्गावती ने कुल 16 बड़े युद्ध लड़े तथा 16 युद्धों में से 15 में विजयी रही जिसमें 12 युद्ध मुस्लिम आक्रांताओं से लड़े। राष्ट्रीय सप्ताहिक पांचजन्य के एक लेख के अनुसार गोंडवाना में प्रचल्लित है कि छोटे-बड़े सभी युद्धों की बात की जाए तो इस पराक्रमी रानी ने 52 युद्ध लड़े जिनमें 51 युद्धों में उन्होंने विजय प्राप्त की थी।

रानी दुर्गावती की युद्ध नीति और कूटनीति विलक्षण थी जिसकी तुलना काकतीय वंश की वीरांगना रूद्रमादेवी और फ्रांस की जान आफआर्क को छोड़कर विश्व की अन्य किसी वीरांगना से नहीं की जा सकती है। वह युद्ध के नौ पारंपरिक युद्ध व्यूहों, मश: वज्रव्यूह, क्रौंचव्यूह, अर्द्ध चंद्रव्यूह, मंडलव्यूह, च, शक्टव्यूह, मगरव्यूह और मीव्यूह, गरूढ़ व्यूह और श्रीनातकाव्यूह से भलीभांति परिचित तथा क्रौंचव्यूह एवं अर्द्ध चंद्रव्यूह में सिद्धहस्त थी। रानी दुर्गावती दोनों हाथों से तीर और तलवार चलान में निपुण तथा दांतों से घोड़े की लगाम थामती थी। जल प्रबंधन और पर्यावरण की दृष्टि से वीरांगना रानी दुर्गावती की योजनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उस काल में थी। अपने साम्राज्य में 1000 तालाब और 500 बांवड़ियों का निर्माण तथा प्रबंधन किया।

महारानी का तत्कालीन भारत में गोंडवाना साम्राज्य प्रथम साम्राज्य था जहां महिला सेना का भी दस्ता था और रानी की बहन कमलावती और पुरागढ़ की राजकुमारी उसकी कमान संभालती थी। आज देश में विभाजनकारी तत्व देश के वनवासी, ग्राम एवं शहर समाज में भेद खड़ा कर देश के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं, लेकिन एक राजवंश में पैदा हुई वीरांगना का विवाह गोड़ जनजाति समाज के एक पराक्रमी राजकुमार से परिवारजनों की सहमति से पूरे हर्षोल्लास से होता है। यह सिद्ध करता है कि भारत का व नवासी समाज एवं ग्राम एवं नगरसमाज में पूर्व से ही रोटी-बेटी का संबंध रहा है। सन 1564 ई. में अकबर की सेना में उच्च पदास्त अधिकारी आसफ खान ने बुंदेल खंड पर आक्रमण किया। युद्ध का दूसरा दिन रानी के जीवन का अंतिम दिन का युद्ध बना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अपने स्वाभिमान का अस्तित्व बनाए रखें, मरने न दें

अपने स्वाभिमान का अस्तित्व बनाए रखें हर इंसान का स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए। भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए। बंद कमरे में अंसू बहा लो मन हल्का हो जाएगा। स्वाभिमान को जिंदा रखो अपने स्वाभिमान को मरने न दो रुखी-सूखी रोटी खा लेनी चाहिए। नमक से रोटी खाओ मगर किसी के आगे हाथ मत फैलाओ अगर एक बार हाथ फैला दिया, तो सारी उम्र उनके कर्जदार हो जाओगें। आज लोग ऐसे लोगों के पैर छूते है जिनके वे काबिल नहीं है, चरित्रहीन लोगों के पांव छूने से परहेज करें।

गरीब आदमी की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए, क्योंकि गरीब आदमी हमेशा याद रखता है कि बुरे समय में मेरी किसने सहायता की और किसने नहीं, किसने गरीबी का मजाक उड़ाया और किसने मजबूरी में साथ दिया। गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता। आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके हैं, मगर अतीत की परछाइयां मरते दम तक साथ रहती है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

इसलिए आदमी को नीच कर्मों से बचना चाहिए और अच्छे कर्म करके समाज की सेवा कीजिए भाग्य बदलते देर नहीं लगती, वक्त एक जैसा नहीं रहता। जीओ और जीने दीजिये। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता अगर हथा लकड़ी का न हो। अपना खून ही धोखा देता है अपने ही अपनों को गिरा रहे हैं, अगर अपने एकजुट हो जाए, तो कोई किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकते लेकिन आज लोग चंद स्वार्थ के लिए अपनों से विश्वासघात कर रहे हैं।

आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो मगर शराब न पिलाए, तो कहते हैं कदर ही नहीं हुई। गरीबों का मजाक उड़ाया जाता है। गरीब रिश्तेदारों के घर जाना अपनी तौहीन समझते हैं। अमीरी गरीबी का पता नहीं चलता राजा से रंक बनने में जरा देर नहीं लगती। खुदा की मार पड़ती है तो अर्श से फर्श में पहुंच जाते है। कुछ लोग इतने चतुर बनने की कोशिश करते हैं कि दोहरा चरित्र अपनाते हैं। ऐसे लोग ज्यादा दिन तक नहीं चल सकते, क्योंकि अति हर चीज की बुरी होती है। चालाकियां करने वाले लोग नजरों से गिर जाते हैं।

एक बार कोई नजर से गिर जाता है, तो उससे विश्वास उठ जाता है। पापियों का हर युग में सर्वनाश हुआ है। बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मों की सजा जरूर मिलती है। जब ईश्वर की चक्की चलती है, तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती हैं। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। जीवन में अच्छा करना चाहिए, क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी, दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। अमर हो जाओगे।

अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते, तो बुरा भी मत करो, किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं है, अगर आपका चरित्र बेदाग है, तो आप दुनिया के महान आदमी है। अपनी महानता से आप जग को जीत सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव गांव के प्राचीन शिव मंदिर में संध्या आरती



**भीम बसेड़ू, महादेव।** शारदीय नवरात्रों के चलते मंदिरों में सनातन धर्म का पालन करते हुए दूर-दूर के श्रद्धालु देवी शक्तियों के दर अपनी-अपनी हाजिरी भर रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला दूर-दूर तक मशहूर गांव महादेव के प्राचीन शिव मंदिर जिसे पांडवकालीन भी बताया जाता है जो देखते ही बनता है में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यह क्षेत्र भर में ऐसा धार्मिक श्रद्धा का केंद्र है जहां शिव गौरा सहित शिवलिंग, हनुमान और अलग से दैवी शक्ति आदिशक्ति यानि शीतला माता का मंदिर, के दर्शन भी किए जा सकते हैं।

### किसान का बेटा बीएसएफ में बना असिस्टेंट कमांडेंट



**अनंत ज्ञान, मंडी।** चैलचौक निवासी 35 वर्षीय बिंदर देव बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट बन गया है। पहले ही प्रयास में परीक्षा को उत्तीर्ण किया और अब बीएसएफ में बतौर गेजेटिड ऑफिसर अपनी सेवाएं देने जा रहा है। बीती 5 अक्तूबर को मध्यप्रदेश के टेकनपुर स्थित बीएसएफ ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद अब बिंदर नागालैंड के कोहिमा में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट अपना कार्यभार संभालेंगे। बिंदर के अलावा बिलासपुर के अरविंद पठानिया भी असिस्टेंट कमांडेंट बने हैं। हिमाचल प्रदेश से यह दो ही होनहार बीएसएफ में चयनित हुए हैं। बिंदर देव के पिता दुर्गा दास किसान हैं। वह आज भी खेतीबाड़ी का ही काम करते हैं। बिंदर की मां बर्फी देवी का स्वर्गवास हो चुका है। बिंदर की प्रारंभिक शिक्षा चैलचौक स्कूल से ही हुई। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ और 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। उपरांत इसके हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक की डिग्री हासिल की। बिंदर देव की धर्मपत्नी गृहणी है और उनके दो बच्चे भी हैं। बिंदर ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरूजनों, परिजनों और शुभचिंतकों को दिया है।

### संत निरंकारी मिशन दे रहा मानवता का संदेश



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की निरंकारी शाखा बलद्वाड़ा और सरकाघाट में संत निरंकारी समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। समागम में संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक इंद्रजीत शर्मा ने मिशन का परिचय देते हुए बताया कि मानव जीवन में आकर ही जन्म जन्म से भटकी जीवात्मा अपने निज स्वरूप को जानकर 84 लाख योनियों के भ्रमण से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा निरंकारी मिशन सेवा, सुमिरन व सत्संग की सीख देता है और यह यह पूरा संसार ही ईश्वर निराकार का रूप है। मंडी जोनल इंचार्ज आर के अभिलाषी ने बताया कि ज्ञान प्रचारक इंद्रजीत शर्मा मंडी जोन की समस्त संगतों में जाकर सतगुरु का पैगाम देंगे जिसकी शुरुआत सरकाघाट से की गई।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 900 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के विभिन्न इकाइयों द्वारा रविवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 9 वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बता दें कि इसमें राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर प्रथम आने वाले को 31 हजार, दूसरे स्थान पर 21 हजार और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 15 हजार तथा 5 अन्य को सांत्वना पुरस्कार 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार जिला स्तर पर प्रथम आने वाले को 10 हजार, द्वितीय 7 हजार तथा तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को 5 हजार और सांत्वना पुरस्कार है। वहीं आने वाले समय में इस प्रतियोगिता के नतीजा भी जल्द घोषित कर दिया जाएगा।

### जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2025-26 में कक्षा नौवीं और कक्षा ग्यारहवीं में लेटरल प्रवेश चयन परीक्षा के लिए आवेदन भरना शुरू हो गए हैं। प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह एसडी शर्मा ने बताया कि लेटरल प्रवेश चयन परीक्षा-2025 अगले वर्ष 8 फरवरी को आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा ग्यारहवीं में लेटरल प्रवेश चयन परीक्षा-2025 में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी सत्र 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025 या जनवरी 2024 से दिसंबर 2024) में मंडी जिला में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत हो। अभ्यर्थी का जन्म 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच हुआ हो। उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं लेटरल प्रवेश चयन परीक्षा-2025 में ऑनलाइन पंजीकरण करवाने हेतु अभ्यर्थी सत्र 2024-25 में जिला मंडी में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी विद्यालय में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत हो व मंडी जिले का स्थाई निवासी हो।

### एबीवीपी जिला मंडी ने करवाई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मंडी द्वारा स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लगभग 45 स्कूलों के 1100 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया और 949 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने सामान्य ज्ञान, भारतीय संस्कृति, सामान्य विज्ञान, खेलकूद, तर्क विषय, इतिहास, विज्ञान और स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्न थे। यह प्रतियोगिता हर वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित की जाती है, इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित यह स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और शिक्षाओं को युवाओं तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जो भविष्य में और भी व्यापक रूप से आयोजित की जाएगी।

### भूमि हथियाने और धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**सुंदरनगर (मंडी)।** पुलिस थाना सुंदरनगर में बिलासपुर जिला से संबंध रखने वाले पेशे से अधिवक्ता भाई-बहन पर आठ बिस्वा भूमि हथियाने और 25 हजार रुपये नकदी को लेकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना में दर्ज शिकायत में चैना राम पुत्र संतराम निवास गांव अलसू डाकघर और उपतहसील डैहर ने कहा कि उसके भाई प्रकाश चंद के साथ एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी से उसकी सारी जमीन मकान सहित केवल 25 लाख रुपए में हथिया ली थी। इस दौरान आरोपियों के माता-पिता ने कहा कि उनका बेटा और बेटी टॉप क्लास के वकील हैं और यह आपको न्याय दिलाएंगे। शिकायतकर्ता चैना राम ने आरोप लगाया है कि ये सब लोग उन्हें ठगने के इरादे से ही घर आए थे। इनमें महिला वकील ने कहा कि वह 25 हजार रुपए में उनका पूरा मुकदमा लड़ेंगी। इसके बाद उन्होंने वकील भाई-बहन को 25 हजार रुपए दे दिए। मुकदमा लड़ने को लेकर वकील भाई-बहन ने अनगिनत कागजों पर उसके और भाई के हस्ताक्षर करवा लिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें पता चला है कि इन अधिवक्ता भाई बहन और उनके परिजनों ने उनकी मलकियत आठ बिस्वां भूमि हथिया ली है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# स्वयंवर के पश्चात सीता माता ने डाली श्री राम के गले में जयमाला

**अनंत ज्ञान, कोटली**






रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार

श्री रामलीला कमेटी कोटली की ओर से स्थानीय सामुदायिक किसान भवन में आयोजित किए जा रहे रामलीला उत्सव की तीसरी संध्या के अवसर पर सीता स्वयंवर के मनोरम दृश्य को दर्शकों ने खूब पसंद किया। दृश्य में दिखाया गया कि स्वयंवर के पश्चात सीता श्री राम के गले में जयमाला पहना देती है और दोनों का विवाह हो जाता है। दृश्य में अचानक ऋषि परशुराम बड़े ही क्रोध में प्रवेश करते हैं।

पहले तो वो शिव धनुष के भंजन पर आक्रोशित हो जाते हैं लेकिन जब उन्हें पता चलता है की राम अवतार हो चुका है तो वह प्रभु श्री राम के चरणों में गिरकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता वेद प्रकाश कटोच ने मुख्यातिथि के तौर पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रामलीला कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन, महासचिव अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष कमल किशोर, ग्राम पंचायत भरगांव के प्रधान नोता राम, उप प्रधान भरत वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता शिव बनेर ने मुख्यातिथि को शाल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार, एचआरटीसी से सेवानिवृत्त पदम ठाकुर, पुलिस से सेवानिवृत्त नारायण सिंह कटोच, महिला मंडल भरगांव की प्रधान कांति देवी, कोटली की प्रधान अंजलि जौहरी इत्यादि गणमान्य उपस्थित रहे।

### महादेव में हुआ राम बनवास मंचन

**भीम बसेड़ू, महादेव ।** शिव आर्ट रामलीला कमेटी महादेव के सौजन्य से बीते शनिवार की रात को राम बनवास को लेकर प्रसंग का मंचन किया गया। मंचन के दौरान रानी कैकई ने जो दो वर अयोध्या के राजा दशरथ से मांगे थे उनको पूरा करने के लिए रानी ने जो राजा से वर मांगने की जिद की तो राजा दशरथ ने रानी के महल में अपना वचन निभाते हुए दो वर के रूप मे भरत को राजतिलक और ज्येष्ठ पुत्र राम को वनवास दे दिया जब उन्हें राजा को धोखे में रखने का एहसास हुआ तो वो तड़प उठी और बेहद वियोग में डूब गए, मंचन में यह सब दर्शाया गया। यह जानकारी कमेटी के डायरेक्टर एवं मंच संचालक भूप सिंह बब्बी ने देते हुए यह भी बताया कि राम लीला को देखने के लिए हर रोज दूर दूर से दर्शकों की भीड़ उमड़ती जा रही है और शाम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचीन शंभू जी नाथ मंदिर पांडव कालीन शिव मंदिर महादेव के पुजारी रजत शर्मा रहे।

# अतिक्रमण पर नगर निगम की पैनी नजर

**पुष्पराज, मंडी**

त्योहारों का सीजन जैसे नजदीक आता है वैसे ही शहर में लोगों की भी चहल पहल बढ़ जाती है। इसी बीच शहर में ग्रामीण और शहर तथा बाहरी लोगों द्वारा शहर के पुलों और अन्य स्थानों पर जहां पर लोगों की भीड़ ज्यादा रहती है वहां पर अतिक्रमण कर लिया जाता है जिसपर नगर निगम ने अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण कारियों पर शिकंजा कसने के लिए दो टीमों का गठन किया है जो कि अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करेगी। इन दो टीमों में 12 सदस्य जोड़े गए है जो कि 12 घंटे अतिक्रमण कारियों पर नजर रखेंगे। दोनों टीमों में 6—6 सदस्य जोड़े गए है जिसमें वार्ड सुपरवाईजर, मल्टीटास्क वर्कर और अन्य लोगों को जोड़ा गया है। जिसमें एक टीम सुबह के 9 बजे से 2 बजे तक कार्य करेगी और दूसरी टीम 2 बजे से 8 बजे तक कार्य करेगी। इन दोनों टीमों का नेतृत्व सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया करेंगे।

उन्होंने बताया कि शहर के बहुत से स्थानों पर बाहरी लोगों और ग्रामीण लोगों द्वारा बिना अनुमति के ठेला लगा दिया जाता है जो कि शहर की सुंदरता पर भी दीमक लगाने का कार्य कर रही है और बहुत से दुकानदार भी दुकान के बाहर अपना दुकान का सामान फैला देते है जिसके कारण कई बार लोगों को भी चलने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

शहर के सुकेती ब्रीज, आईटीआई चौक, इंदिरा मार्केट, स्कूल बाजार, स्कोढी चौक, चौहटा बाजार, विक्टोरिया ब्रीज जैसे स्थानों पर ज्यादा तर अतिक्रमण देखा गया है। ।(अनंत ज्ञान)





अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम की टीम व टीम की कार्रवाई के बाद खाली दिखा सुकेती ब्रिज।

**12 सदस्यीय दो टीमें करेंगी शहर में गस्त, दो से ज्यादा चालान होने पर जुर्माना होगा दोगुना**

#### रविवार को शहर में देखा जाता है ज्यादा अतिक्रमण

**रविवार** को नगर निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर निरीक्षण किया और अतिक्रमण कारियों को मनाही वाले स्थानों से हटाया। रविवार को गुजराती समुदाय के लोग स्थान मुहैया करवाने के बाद भी पुल और अन्य जगह पर अतिक्रमण कर सामान बेचने बैठ जाते है। जिससे पुल से गुजरने वाले लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि गुजराती समुदाय के लोगों को नगर निगम आयुक्त एचएस राणा द्वारा पड्डुल में रविवार बाजार लगानें के लिए जगह मुहैय्या करवाई गई है।

> **नगर** निगम क्षेत्र में जो बिना अनुमति के ठेला लगाकर बैठ जाते है उसके खिलाफ टीम गठित की गई है जो कि रविवार के दिन भी शहर में गश्त करेगी। अतिक्रमण पर चालान आदि भी किए जाएंगे और एक ही व्यक्ति का चालान एक बार से अधिक होता है तो उसपर जुर्माना भी दोगुना होता जाएगा। मेरा लोगों से आग्रह है कि ऐसे किसी स्थान पर न बैठें जहां लोगों को चलने फिरने में समस्या आए और नगर निगम द्वारा उन पर कार्रवाई भी हो।
>
> **-वीरेंद्र भट्ट शर्मा, महापौर नगर निगम।**

# प्रशिक्षण संस्थानों में प्राथमिक शिक्षकों को मिले प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा-1 ने बुलंद की आवाज**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा प्रथम ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण चिंताएँ भी व्यक्त की हैं।

संघ के प्रधान संजय ठाकुर, महासचिव कपिल राव सहित अन्य पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार इन संस्थानों में शिक्षकों के चयन के दौरान प्राथमिक शिक्षकों को प्रतिनिधित्व नहीं दे रही है, जबकि अन्य श्रेणियों के शिक्षकों, जैसे कॉलेज कैडर, स्कूल प्रवक्ता और टीजीटी, को शामिल किया जा रहा है। संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षकों ने प्रदेश में शिक्षा की लौ जलाए रखने के लिए अपना तन-मन-धन न्योछावर किया है।

संघ ने कहा कि एसीईआरटी, जहां प्राथमिक शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार किया जाता है और उसमें सुधार किया जाता है, वहां प्राथमिक शिक्षा से जुड़े गुणी अध्यापकों का होना बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, जो भविष्य के जेबीटी अध्यापकों को तैयार करने का कार्य करते हैं, वहां प्राथमिक शिक्षकों को शामिल न करना असंगत है।

### केंद्रीय भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संघ ने की बैठक

**मंडी।** केंद्रीय भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संघ मंडी की मासिक बैठक पुलिस लाइन मंडी में आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्यातिथि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने शिरकत की। जबकि बैठक की अध्यक्षता संघ के संचालक एवं सेवानिवृत्त उपमहानिरीक्षक आरके शर्मा ने की।

मुख्यातिथि का बैठक में पहुंचने पर वीर नारियों व मातृ शक्ति द्वारा स्वागत किया गया। संघ के संचालक आरके शर्मा और सेनानी केसी शर्मा ने शाल टोपी भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया। संघ के प्रधान दीप कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के समक्ष कल्याणकारी मांगों को रखा।

## ग्रैंड फिनाले में स्मृति व सिमरन ने मचाई धूम

**आदर्श यादव, नेरचौक**



स्मृति व सिमरन।

मंडी जिला की स्मृति व सिमरन ने पंजाब के संगरूर में आयोजित किस में कितना है दम शो के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान हासिल किया है।

जिला के पटराहन गांव की स्मृति व सिमरन दोनों जुड़वा बहने हैं जो पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में 10+2 की छात्राएं हैं। स्मृति व सिमरन जहां शिक्षा में विशेष रुचि रखती हैं वही डांस में भी इन दोनों बेटियों की शुरू से ही गहरी रुचि है। सुंदरनगर स्थित फिट ऑफ फायर डांस एकेडमी में इन दोनों बेटियों ने डांस के गुर सीखे हैं। संगरूर में आयोजित ग्रैंड फिनाले में स्मृति व सिमरन ने प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया। स्मृति व सिमरन के पिता जल शक्ति विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है जबकि इनकी माता गृहणी है। स्मृति डॉक्टर बन कर देश की सेवा करना चाहती है जबकि सिमरन इंजीनियर बनना चाहती है साथ ही दोनों बेटियां डांस के क्षेत्र में भी ऊंचाइयों पर पहुंचाना चाहती हैं।

## ब्रेक फेल, खंभे से टकराया ट्रक

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के पुराना बस स्टैंड के पास बिलासपुर से मंडी की तरफ जा रहे सीमेंट से भरे ट्रक की ब्रेक तीखी उतराई पर एकाएक फेल होने से ट्रक सडक़ किनारे स्थित विद्युत पोल से चालक ने टकरा गया। चालक की सूझबूझ से व्यस्ततम सडक़ पर बड़ा हादसा होने से टल गया।

गनीमत रही कि चालक ने ब्रेक फेल होने पर ट्रक को सडक़ के साथ लगते विद्युत खंबे से टकरा दिया अन्यथा व्यस्ततम सडक़ पर भीड़भाड़ वाले स्थान पर कोई बड़ी अनहोनी घटित हो सकती थी। विद्युत खंभे से ट्रक टकराने के बाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्पेशल पॉलिसी लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




बैठक के दौरान चर्चा करते हुए कर्मचारी।

सुंदरनगर में रविवार को विद्युत विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी इकाई ने बीएसएल कॉलोनी स्थित बहुउद्देशीय हॉल में अहम बैठक का आयोजन किया, जिसमें शोषण के खिलाफ मांगों को लेकर चर्चा की गई और आगामी रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। जबकि इस अवसर पर इकाई के उप प्रधान अजय ठाकुर, सचिव राजेंद्र ठाकुर विशेष रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन की प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी का गठन करने और संगठन को मजबूत तथा आउटसोर्स कर्मचारी वर्ग को प्रदेश के हर जिले में संगठित करने को लेकर कार्य योजना बनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों का विभाग में विभिन्न रूप से शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने सेम पे और सेम वर्क की मांग करते हुए आउटसोर्स कर्मचारी वर्ग के लिए जल्द से जल्द स्थाई नीति बना कर इस वर्ग को सरकारी विभागों में समायोजित करने की मांगी है। ताकि इस वर्ग के कर्मचारियों को सर्विस प्रदाताओं द्वारा किए जा रहे शोषण से निजात मिल सके और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे।

दिनेश कुमार ने कहा कि विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी काम के दौरान हादसे का शिकार होने पर आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नियमित कर्मचारियों के लिए बनाई गई स्पेशल पॉलिसी को लागू किया जाए।

## मिनी मैराथन की ओपन श्रेणी में अशुतोष प्रथम

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



विजेता को सम्मानित करते हुए वन मंडल के अधिकारी व अन्य।

सुकेत वन मंडल द्वारा 73वें वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर 'मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व' थीम पर रविवार को सुंदरनगर में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन का आयोजन बीएसएल परियोजना सुंदरनगर की झील पर लगभग 5 किलोमीटर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडी वन वृत्त के मुख्य वन अरण्यपाल अजीत ठाकुर रहे।

इस दौरान डीएफओ सुकेत राकेश कटोच, डीएफओ नाचन एसएस कश्यप, डीएफओ मुख्यालय मंडी अम्बरीश शर्मा, डीएफओ मुख्यालय बिलासपुर अश्विनी शर्मा, एसीएफ सुकेत मुनीश रांगड़ा, कांगू, सुकेत और जय देवी के वन परिक्षेत्र अधिकारी, सुकेत वन मंडल का स्टाफ और वन्य जीव रेंज सुंदरनगर का स्टाफ मौजूद रहे। जानकारी देते हुए डीएफओ सुकेत राकेश कटोच ने बताया कि मिनी मैराथन में करीब 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ओपन श्रेणी में पहले पर अशुतोष, दूसरे प्रणव और तीसरे स्थान पर हिमांशु रहे। महिलाओं की श्रेणी में जूली साहू ने पहला स्थान प्राप्त किया।

## एफपीओ धर्मपुर को जारी हुई ईक्विटी ग्रांट की दूसरी किस्त : सत्तपाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

केंद्र द्वारा वर्ष 2020 में शुरू की गई योजना के तहत देश में दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके तहत अभी तक 9200 एफपीओ देश में गठित हो चुके हैं।

धर्मपुर विकास खंड में राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम द्वारा मार्गदर्शक प्राइवेट कंपनी के सहयोग से सितंबर 2022 में एफपीओ का गठन किया गया था। योजना के अनुसार इस एफपीओ को केंद्र सरकार तीन साल तक 18 लाख बतौर मैनेजमेंट खर्चे के लिए देगी तथा 15 लाख रुपए अलग से देगी लेकिन ये राशी एफपीओ की अपनी शेयर राशी के बराबर ही मिलेगी।

मैनेजमेंट लागत के लिए वित्तिय राशि की तीन किस्तें व मिल गई हैं लेकिन इकीविटी किस्त अभी तक हिमाचल में दो को ही जारी की गई है जिसमें धर्मपुर के अलावा दूसरा एफपीओ ऊना जिला का है। दूसरी किस्त शेयरहोल्डरों की संख्या व शेयरमनी ज्यादा होने पर सरकार एफपीओ को व्यवसाय करने के लिए अधिकतम 15 लाख रुपए की सहायता प्रदान करती है। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मपुर के लिए गौरव की बात है।

## 90.30 लाख में नीलाम हुई अवैध रेत-बजरी

**नेरचौक ( मंडी )।** बरसात से पहले खनन माफिया की ओर से सुकेती खड्ड के आसपास क्षेत्र से अवैध रूप से निकाली गई रेत-बजरी 90.30 लाख रुपए में नीलाम हुई है। 63 हजार मीट्रिक टन अवैध रेत-बजरी के ढेर खनन विभाग के साथ स्थानीय प्रशासन ने मिलकर जब्त किए थे।

संयुक्त विभागीय टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए इस रेत बजरी को अपने कब्जे में लिया था। ऐसे में लंबे समय से यह नीलामी प्रक्रिया रुकी हुई थी। शनिवार को हुई बोली के दौरान इस रेत-बजरी को 90,30,500 रुपए में बेचा गया।

**खेतीबाड़ी** | **नरोली गांव के किसान प्राकृतिक विधि से डेढ़ लाख तक सालाना आय कर रहे**

# आशा राम ने प्राकृतिक खेती अपनाकर जगाई आशा की किरण

**अनंत ज्ञान, मंडी**

किसानों की जी तोड़ मेहनत और राज्य सरकार से मिलने वाले प्रोत्साहन से राज्य में सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। दिन-प्रतिदिन प्रदेश के लोग प्राकृतिक खेती के महत्व को समझ रहे हैं और इसे व्यापक स्तर पर अपना भी रहे हैं।

करसोग उपमंडल के नरोली गांव के आशा राम ने सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को अपनाकर रसायन मुक्त उच्च गुणवता वाला अनाज उगाकर, लोगों को उपलब्ध करवाने की नई आशा (उम्मीद) जगाई है।

आशा राम निवासी गांव नरोली, डाकघर काओ, करसोग, जिला मंडी का कहना है कि बढ़ती बीमारियों और खेती में होने वाले अत्याधिक रसायनों के प्रयोग की खबरें उन्हें हर दिन विचलित कर रही थीं। परिणाम स्वरूप सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को अपनाकर बिना कैमिकल प्रयोग के शुद्ध अनाज उगाने का निर्णय लिया। आज आसाराम 5.5 बीघा जमीन पर सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को अपनाकर गेहूं, मटर, राजमाह, मक्का, पुराने अनाज, गोभी, सरसों, जौ इत्यादी फसलें प्राकृतिक विधि से उगा रहे है। इसके अतिरिक्त, इसी 5.5 बीघा जमीन पर अनार का बगीचा भी लगाया हुआ है। अनार के बगीचे को भी सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती विधि से तैयार किया गया है।



खाद बनाते हुए आशा राम।

उनका कहना है सभी प्रकार की फसलों से वे सालाना लगभग एक लाख पचास हजार रुपये की आय अपने घर में ही अर्जित करने लगे हैं।

#### विभाग सहयोग व सहायता प्रदान करता है : मोहित

**आत्मा** परियोजना करसोग के ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर (बीटीएम) मोहित ने बताया कि आशा राम ने सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को अपनाकर सचमुच में ही आशा की एक नई उम्मीद जगाई है। इसके अतिरिक्त, इसी 5.5 बीघा जमीन पर अनार का बगीचा भी लगाया हुआ है। विभाग की ओर से समय-समय पर इन्हें हर संभव सहयोग व सहायता प्रदान की जाती है। जिससे इनकी आर्थिक सुदृढ़ हो रही है।

## बाबा श्री चंद का 530वां प्रकाशोत्सव मनाया



प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, महादेव**

गुरुद्वारा साहिब नौलखा में हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा श्री चंद (गुरु नानक देव जी के बड़े बेटे) का प्रकाशोत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

गुरु ज्ञान का आदर सत्कार करते हुए सिक्ख परम्परा के अनुसार भारी संख्या में पंजाब एवं हिमाचल की संगत ने बीती शाम शनिवार को जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल का उद्घोष किया।

गुरुद्वारा साहिब नौलखा के प्रमुख बाबा शीतल दास ने बताया कि इस विशाल आयोजन में पंज प्यारे साहिबान ऊना साहिब वाले पधारे, साथ ही पटियाला से बाबा बिट्टू बाबा गुरमीत, दुःख निवारण साहिब पटियाला के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी भूपिंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, बाबा गड़गाजी सिंह पांवटा साहिब, गुरमीत सिंह तथा बड़ू साहिब सिरमौर वाले कीर्तनिया जत्था ने पधार कर कार्यक्रम को कामयाब बनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर आयोजित करने के लिए दिया निमंत्रण



**विनोद शर्मा, लठियानी।** बुधान स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने कुटलैहड के विधायक विवेक शर्मा को 13 अक्तूबर 2024 राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के शुभारंभ करने के लिए का निमंत्रण दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने विधायक विवेक शर्मा को बताया कि इसमें लड़के छात्र और छात्राएं भाग ले रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा विद्यालय की साफ सफाई नशा निवारण, पॉलिथीन मुक्त, पर्यावरण संरक्षण और दहेज प्रथा, एड्स, स्वच्छता, भ्रूण हत्या इत्यादि कई विषयों पर समाज को जागृत करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने विधायक विवेक शर्मा को बताया कि सभी समय से भी सुबह के समय प्रभात फेरी के पश्चात योगा करेंगे। ताकि सभी स्वयंसेवियों का शरीर स्वस्थ रहेंगे और समाज को भी जागृत भी करें।

### कर्मचारी संघ ने किया एसडीएम हरोली का स्वागत



**अनंत ज्ञान, हरोली।** एसडीएम विशाल शर्मा ने हरोली उपमंडल का कार्यभार संभाल लिया । जिला ऊना अराजपत्रित कर्मचारी संघ के प्रधान रजनीश शर्मा आदि ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया है। एसडीएम विशाल शर्मा ने स्वागत के लिय धन्यवाद किया और समुचित विकास कार्य किए जाने की बात कही ।

### प्री-आरडी में रजनी राणा और नीरज का चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रगीत सेवा योजना के सिरमौर जिला नोडल आफिसर डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी परेड के अंग होते हैं, उसके लिए विभिन्न स्तर के चयन शिविर आयोजित किए जाते हैं। महाविद्यालय स्तर के पश्चात नाहन महाविद्यालय में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 9 महाविद्यालय के 33 स्वयंसेवियों ने भाग लिया था। जिसमें से आठ स्वयंसेवियों का चयन सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए हुआ। एक अक्तूबर को आयोजित इस शिविर में राज्यभर से 118 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में 13-13 बालक व बालिका स्वयंसेवियों का चयन इस बार जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय प्री-आरडी कैंप हेतु हुआ। जिला सिरमौर से हरिपुरधार महाविद्यालय की स्वयंसेवी रजनी राणा व पांवटा साहिब महाविद्यालय से स्वयंसेवक नीरज का चयन प्री-आरडी कैंप के लिए हुआ हैं। डॉ. पंकज चांडक ने पांवटा साहिब महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वैभव शुक्ला व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण दफरिक व प्रो. शीतल तथा हरिपुरधार महाविद्यालय के प्राचार्य करमदत्त व कार्यक्रम अधिकारी प्रो .रोहित शर्मा का अभिवादन किया है।

# मिर्जा ईरान ने दूसरी बार जीता सलोह का लखदाता पीर दंगल

## तीन दिवसीय दंगल में पहलवानों ने दिखाए जौहर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला के निकटवर्ती गांव सलोह में लखदाता पीर को समर्पित विशाल दंगल सुप्रसिद्ध पहलवान मिर्जा ईरान के नाम छूटा। दंगल के समापन अवसर पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने शिरकत की।

इस मौके पर दंगल कमेटी के प्रतिनिधियो में प्रधान अनीता, प्रधान घालूवाल सोना देवी, उपप्रधान काला, अनिल जसवाल, सभी पंचायत सदस्य समेत, वीडीसी सदस्य राजेश पूरी, राजन जसवाल, अनाऊसर रजनीश शर्मा,संजय ठाकुर, मुकेश पोला, मंजीत जसवाल, विपन, परमजीत, बलबीर रिंकू संजू, बॉबी शम्मी आदि उपस्थित रहे।



लखदाता पीर में आयोजित दंगल में विजेता व उपविजेता पहलवान को सम्मानित करते आयोजक।

दंगल में देश विदेश के नामी पहलवानों ने अपने जोहर दिखाए और दाव-पेच लगाकर एक-दूसरे पहलवान की पीठ लगाकर विजयी खिताब जीते। दंगल में झंडी की कुश्तियां नामी पहलवानों के बीच भी लड़ी गईं। फाइनल मुकाबला मिर्जा ईरानी व शानबीर कोहाली के बीच हुआ। शनिवार देर सायं फाइनल माली की कुश्ती में पहलवान मिर्जा ईरान ने शान वीर की पीठ लगा दी। इसलिए दंगल कमेटी ने मिर्जा ईरानी को विजयी घोषित कर दिया। दंगल कमेटी की ओर से माली विजेता को 75000 रुपए नकद व गुरज इनाम स्वरूप भेंट किया, जबकि उपविजेता को 56000 रुपए नकद व चांदी का कंगन पहनाया गया। पिछले साल भी मिर्जा ईरान ने ही सलोह का दंगल जीता था।

# सेवानिवृत्त होने के बाद बच्चों को योग सिखा रहे खजूरिया



बच्चों को योग सिखाते सेवानिवृत्त योगा अध्यापक जगतपाल खजूरिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंगाणा**

जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत 5 अक्तूबर को आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला की प्रार्थना सभा में सेवानिवृत्त योगा अध्यापक जगतपाल खजूरिया द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया और बच्चों को विभिन्न आसन सिखाए। साथ ही बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित भी किया व् सनातन धर्म के संस्कारों से भी अवगत करवाया गया। आपको बता दें कि जगत पाल खजूरिया ने बच्चों को यह प्रशिक्षण निशुल्क दिया और वह पिछले काफ़ी समय से स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वह अपने खर्चे पर यह सेवाएं दे रहे हैं। जगत पाल खजूरिया गांव गोचर डाकघर दसलेहड़ा जिला बिलासपुर से संबंध रखते हैं।

जगत पाल खजूरिया एक जेबीटी शिक्षक के रुप में 31 दिसंबर 2019 को प्राइमरी स्कूल गोचर , झंडूता जिला बिलासपुर से सेवानिवृत हुए थे उसी समय इन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करना रखा है। यह स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते आए हैं। जगत पाल खजूरिया का यह आभियान 2022 से चल रहा है। इन्होंने जिला बिलासपुर, जिला हमीरपुर और जिला ऊना के स्कूली बच्चों को अब तक योगा का निशुल्क प्रशिक्षण दिया है।

### गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य शुरू

**गोंदपुर बनेहड़ा ।** बाबा लाल जी पुरी द्वारा स्थापित इलाके की प्राचीन पाठशाला, जो आज जमा दो तक के छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रही है, जिसकी स्थापना बाबा लाल जी पुरी ने उस समय की थी जब इलाके में नजदीक में कोई पाठशाला नहीं थी, आज इस पाठशाला परिसर में स्थानीय लोगों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा लगाने के लिए कार्य शुरू करवाया और विधिवत कार्य की शुरुआत हुई। स्थानीय लोगों की ओर से पाठशाला के संस्थापक बाबा लाल पुरी की प्रतिमा स्थापित है और उनकी याद में सालाना भव्य भंडारा भी लोगों की ओर से आयोजित किया जाता है, अब जल्द यहां मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित होगी।

# केंद्र मदद देना बंद कर दे तो एक दिन भी सत्ता में नहीं रह सकती सुक्खू सरकार : अनुराग

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



राज्य के मुख्यमंत्री और उनके वजीर दिल्ली में जाकर केंद्रीय नेतृत्व के पांव पकड़कर राज्य के विकास के लिए धन स्वीकृत करवाते हैं और हिमाचल में आकर उसी केंद्र सरकार को कुछ न हिमाचल को देने की बात करते है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी एक बड़ी झूठ की फैक्टरी से निकली हुई पार्टी है, जो हर समय झूठ पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह करती हैं।

हमीरपुर लोकसभा के सांसद और पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर माह केंद्र सरकार 500 करोड़ की मदद करती है, लेकिन सुक्खू सरकार न तो कर्मचारियों की सैलरी दे पाती है और न ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन दे रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल के पीड़ित परिवारों को 1600 मकान प्रधानमंत्री आवासीय योजना के माध्यम से दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल सरकार को 2700 करोड़ की धन राशि सड़क निर्माण के लिए दी। हिमाचल की पांच सड़कों के निर्माण के लिए 295 करोड़ की धनराशि हिमाचल सरकार को मिली है। अगर केंद्र सरकार हिमाचल सरकार को मदद देना बंद कर दें तो हिमाचल सरकार एक दिन भी सत्ता में नहीं रह सकती है। (अनंत ज्ञान)

### अनुराग ने जागरण में की शिरकत

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के शहीद भक्त सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी द्वारा लगातार पांचवें वार्षिक विशाल जागरण का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। वहीं राज्य के ह्यूमन राइट विंग के यूथ अध्यक्ष एवं जिला भाजयुमो सचिन अजय की अध्यक्षता में विशाल जागरण का आगाज होने से पूर्व क्लब के सदस्यों ने अनुराग एवं अजय ठाकुर को मंच से सम्मानित किया। जहां अनुराग ने शहीद भगत सिंह यूथ क्लब के सदस्यों को बेहतर कार्य के लिए बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि भानूपल्ली रेल लाइन जो करोड़ों रुपए खर्च करके जनता को रेल लाइन विस्तार से जोड़ा जा रहा है। आज हिमाचल सरकार की केंद्र सरकार को 1400 करोड़ की देहनदारी बनी हुई हैं। जब दो वर्षों में केंद्र सरकार ने हिमाचल सरकार को प्रधान मंत्री सड़क योजना, नाबार्ड एवं अन्य सड़क योजनाओं के तहत करीब 80 हजार करोड़ की धनराशि प्रदान की है।



# हरोली बीडीसी सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, हरोली**

विधानसभा हरोली के विकास खंड हरोली में शुक्रवार को रखी त्रैमासिक बैठक का समस्त पंचायत समिति सदस्यों द्वारा एकमत से पूर्ण बहुमत से वहिष्कार कर दिया। समिति हाल में रखी बैठक में अधिकतर विभागों के अधिकारियों ने भाग नहीं लिया। आक्रोशित सदस्यों बैठक में नदारद रहने के लिय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया। एक माह के भीतर पुन बैठक बुलाने का अल्टीमेटम दिया गया अन्यथा पद से इस्तीफे देने का ऐलान किया है।

बहिष्कार में शामिल प्रेम सिंह औजला ने मुद्दा उठाया कि खाद्य आपूर्ति विभाग के हरोली के फूड इंस्पेक्टर से कई बार कह चुके हैं कि उचित मूल्य की दुकान को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक खुलवाया जाए ताकि लोगों को माह के हर तारीख को राशन मुहेया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि हरोली के उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षक द्वारा उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण नहीं किया जाता, उनका निरीक्षण होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत भदौड़ी को केवल एक ही केस क्यों दिया गया जबकि ग्रामसभा में गरीब परिवारों को चिन्हित किया गया था।

पालकवाह की समिति सदस्य अंजना ने आरोप लगाए कि पालकवाह में उनकी समिति फंड का पैसा नहीं लगाया जा रहा। परन्तु विभाग द्वारा बार बार कहने के बाबजूद भी कोई कारवाई नहीं की जा रही। पवन बीटन ने कहा कि अगर समिति सदस्यों की अनदेखी की गई तो सभी आंदोलन छेड़ेंगे और समिति सदस्यों की ताकत से विकास खंड को अवगत करवाएंगे। समिति अध्यक्ष रजनी ब उप अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि अगर इसी महीने समिति की बैठक न रखी गई और उनमें अगर सभी विभाग अधिकारी उपस्थित नहीं हुए तो सभी समिति सदस्य अपने इस्तीफे खंड विकास अधिकारी को सौंपेंगे।



इस मौके पर सभी समिति सदस्य एकमत दिखे चाहे वो किसी भी पार्टी विचारधारा के हों। आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी/ कर्मचारियों की वजह से काम ठप पड़ रहे हैं और इन्हीं अधिकारीयों की मनमर्ज़ी से सरकार बदनाम हो रही है। सभी समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री, उपायुक्त महोदय से अनुरोध किया है कि विकास खंड हरोली के जबाब तलब किया जाए। बैठक में समिति अध्यक्ष रजनी, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, समिति सदस्य प्रेम सिंह औजला, पवन बीटन, दीपिका मनकोटिया, परवेश कुमारी, सुखविंद्र कौर, स्वर्ण कुमार, मीना कुमारी, पुष्पा रानी, अंजना कुमारी, होशियार सिंह, पुष्पा देवी, सुरिंद्र कुमार, रमा देवी, ओमपाल, जगतार कौर, राजविंद्र कौर आदि उपस्थित थे।

हरोली खंड के बीडीओ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि बी डी सी सदस्यो ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति न होने पर नाराजगी जताई है। अब आगामी बैठक बारे सभी विभागों के अधिकारियों को पत्र भेजे जा रहे हैं।

### भाजपा युवा मोर्चा अर्की मंडल ने किया सदस्यता अभियान चरण-2 का आगाज

दाड़लाघाट। अर्की विधानसभा के दाड़लाघाट में भाजपा युवा मोर्चा अर्की मंडल द्वारा सदस्यता अभियान के चरण-2 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष तिलक राज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तिलक राज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और युवा शक्ति के सहयोग से पार्टी और अधिक मजबूत हो रही है। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से प्रदेश के सभी संस्थानों में जाकर अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा से जोड़ने का आह्वान किया ताकि वे विकास यात्रा का हिस्सा बन सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों में युवाओं की भूमिका अहम है और भाजपा युवा मोर्चा के माध्यम से सभी प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं। अर्की मंडल का हर युवा भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों और विकासवादी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा सभी युवा साथियों को इस अभियान में शामिल कर हिमाचल की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है। कार्यक्रम में तिलक राज ने युवाओं से अपील की कि वे भाजपा से जुड़ने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सदस्यता लें और प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा,मंडल महामंत्री जुगल किशोर, राजेश पूरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीम शर्मा, महेंद्र ठाकुर, भाजपा जिला सचिव राकेश गौतम, भाजपा नेता बालकराम शर्मा, नरेश चौधरी और युवा मोर्चा के कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मैराथन में चंदन प्रथम और साहिल द्वितीय



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

भरवाई रेंज के तहत भद्रकाली में वन विभाग ऊना की ओर से 2 से 8 अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभाग ने भद्रकाली गांव में 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया।

इस मैराथन में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में पंचायत प्रधान दलविंद्र सिंह ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में चंदन पुत्र रमेश चंद निवासी मवा कहोलां प्रथम, साहिल कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी दौलतपुर चौक द्वितीय व प्रीत पुत्र रमेश निवासी मवा कहोलां तृतीय स्थान पर रहे।

इस कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी ऊना सुशील राणा ने स्थानीय जनता व विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी भरवाई पूर्ण राय, वन परिक्षेत्राधिकारी अम्ब अविनाश कुमार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजेश डोगरा, समाजसेवी रविंद्र कुमार, विनोद ठाकुर, वन खंड अधिकारी किशोरी लाल, राय सिंह, सचिन कुमार, अशोक कुमार, संजीव कुमार, वन रक्षक नरेंद्र सिंह, अनु अग्निहौत्री, अजय कुमार, साहिल, दविंद्र सिंह, राकेश कुमार, अंकित इत्यादि मौजूद रहे।




**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक में करियर गाइडेंस सैल ने करवाया सेमिनार

# समाज को कैप्टन संजय जैसे व्यक्तित्व की है आवश्यकता: कालिया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक में करियर गाइडेंस सेल द्वारा शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय विधायक राकेश कालिया ने शिरकत की, जबकि रिसोर्सपर्सन के रूप में समाजसेवी कैप्टन संजय पराशर के मुंबई ट्रेनिंग शिप 'रहमान' के प्राचार्य कैप्टन आशुतोष आपंडकर ने रिसोर्सपर्सन के रूप में शिरकत की।

मां सरस्वती के चरणों में नमन से शुरू हुए कार्यक्रम में विधायक राकेश कालिया एवं प्राचार्य कैप्टन आशुतोष आपंडकर को प्राचार्य युद्धवीर सिंह पटियाल पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि हमारे समाज को कैप्टन संजय पराशर जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है क्योंकि कैप्टन पराशर पिछले दो दशक से हिमाचल के युवाओं को रोजगार प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं और कोरोना काल के बाद उनका पूरा ध्यान हिमाचल प्रदेश के युवाओं का पर्याप्त मार्ग-दर्शन और नौकरियों की उपलब्धता पर केंद्रित रहा है। कैप्टन पराशर बेरोजगार युवाओं को समुद्री जहाज पर नौकरी देकर पुनीत कार्य कर रहे हैं और ऐसा जज्बा बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है। कालिया ने बताया कि संजय पराशर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह युवाओं को एजेंटगिरी के चक्र से मुक्ति दिलाते हैं और उनका काम पूर्ण ईमानदारी पर आधारित होता है। उन्होंने यह भी कहा कि पराशर नारी सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और अब युवतियों को मर्चेंट नेवी में अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं।



उधर, रिसोर्सपर्सन कैप्टन आशुतोष आपंडकर ने भी मर्चेंट नेवी के करियर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मर्चेंट नेवी में एक स्वर्णिम करियर है, बशर्ते युवा रोमांच और जीवन में आगे बढ़ने की इच्छा रखते हों। मर्चेंट नेवी का करियर उन युवाओं के लिए उत्कृष्ट है जो साहसिक, अनुशासित और तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहते हैं। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. लीना शर्मा, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. सतिंद्र, डॉ. रमन चौधरी, डॉ. सुनील रयात, बीके मिश्रा, अर्श सिंह राणा, मनीषा, रितिका रानी, श्रेया, शिवानी और राजकुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# माता भागासिद्ध मंदिर के दरबार में हर भक्त की मनोकामना होती है पूरी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित खलाडा नाला, जो कि बहुत ही सुंदर और शांत इलाका है।

इस सुंदर स्थान पर स्थित माता भागासिद्ध का मंदिर भक्तों के लिए बहुत ही मायने रखता है। माता भागासिद्ध का ये भव्य और खूबसूरत मंदिर लाखों भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। कुल्लू जिले के लग घाटी के प्रवेश द्वार पर स्थित खलाडा नाले में माता के इस अद्भुत, खूबसूरत और आलीशान मंदिर की वजह से सबसे अलग स्थान रखता है, जो भी भक्त सच्चे मन से माता के दर्शन के लिए इस मंदिर में आता है, तो ऐसे में माता के खूबसूरत मंदिर को देखकर आस्था और भक्तिभाव से सराबोर हो जाते हैं। कहते हैं कि इस स्थान पर पहले माता का एक छोटा सा प्राचीन मंदिर हुआ करता था। बाद में माता रानी ने गुर के माध्यम से इस स्थान पर मंदिर निर्माण की बात कही, जिस पर अमल करते



हुए मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं कुल्लू जिला के विभिन्न कोनों से आने वाले भक्तों के सहयोग से यहां पर वर्ष-2019 के बाद नए मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया और कुछ सालों में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य पुजारी बेली सिंह, माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य गुर प्रमेश कुमार तथा पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर रोज भक्तों का आना लगा रहता है और विशेष तौर पर हर रविवार के दिन मंदिर में दूर-दूर से भक्त माता रानी के दर्शनों का लाभ लेने के लिए आते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता रानी की चौखट पर अपना शिश नवाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर परिसर में होता है तीन दिवसीय मेले का आयोजन

बीस भादो को माता भागासिद्ध मंदिर के परिसर में 3 दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जाता है, जहां पर हजारों की संख्या में भक्त माता रानी के दर्शनों के साथ मेले में भी भाग लेते हैं। इस अवसर पर डुगिलग में स्थित माता भागासिद्ध भी खलाडा नाले में आने वाले देवलुओं के संग 3 दिवसीय मेले का हिस्सा बनती हैं तथा उपस्थित भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इसके साथ ही सावन महीने में माता के मंदिर में खीर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।



माता भागासिद्ध का भव्य मंदिर।

### हर रविवार 500 से 700 भक्त आते हैं दर्शन करने

**मंदिर** के पुरोहित रवि शर्मा बताते हैं कि जो भी भक्त सच्चे और पवित्र भावना लिए माता रानी के दर्शन के लिए यहां पर आते हैं, उनकी मनोकामना को माता रानी जरूर पूरा करती है। हर रविवार को करीब 500 से 700 भक्त मंदिर परिसर में माता रानी दर्शन को जमा होते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए गुर के माध्यम से पूछ डालते हैं, जिस पर माता रानी स्वयं गुर के माध्यम से अपने भक्तों की समस्या का समाधान करती है। भक्तों के अनुसार माता रानी हर मनोकामना को पूरा करती है और कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

### मंदिर परिसर में दर्जनों देवी-देवताओं का है निवास

**माता** भागासिद्ध मंदिर परिसर में माता रानी के साथ-साथ अन्य देवी, देवता भी विराजमान हैं, जो कि मंदिर परिसर में स्थापित हैं। दर्जनों देवी-देवताओं के साथ यहां पर स्थापित होने से इस स्थान की विशेषता को चार चांद लग जाते हैं। इन देवी-देवताओं में श्री फुंगणी माता, भालठी नारायण, भगवान शिव शंकर महादेव, कृष्ण भगवान, पंचमुखी हनुमान, श्री नाड़ा देवता यानी देवता वीर नाथ, 18 पेड़े देवता, पंडिर देवता, लक्ष्मी नारायण, थान देवता, माता काली, शनि देवता ओर श्री विश्व कर्मा विराजमान हैं और अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। एक स्थान में इतने देवी-देवताओं के साथ दर्शन करना भी भक्तों के लिए दुर्लभ एहसास है।

### बोलने में असमर्थ बच्चे भी मां के आशीर्वाद से बोलने लग जाते हैं

**पुरोहित** रवि शर्मा ने बताया कि माता रानी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। इस मंदिर में बहुत से अभिभावक अपने ऐसे बच्चों को लेकर आते हैं, जो कि बोल, पाने में असमर्थ थे या फिर बोल ही नहीं पाते थे, मगर माता रानी के आशीर्वाद से वो बच्चे अब साफ-साफ बोलने लगे हैं और इसी तरह से सैकड़ों भक्तों की मनोकामना को माता रानी ने पूरा किया है। सैकड़ों भक्तों की शारीरिक और मानसिक तकलीफों का समाधान भी माता के आशीर्वाद से होता है, बस भक्तों को माता रानी पर विश्वास रखना होता है।

### हर साल होती हैं सैकड़ों शादियां

**माता** भागासिद्ध मंदिर में हर साल सैकड़ों लोग विवाह के पवित्र बंधन में बंधने के लिए पहुंचते हैं और माता को साक्षी मान कर विवाह के पवित्र बंधन में हमेशा, हमेशा के लिए बंध जाते हैं। हर साल दशहरे से कुछ समय पहले यहां पर सबसे ज्यादा शादियां होती हैं। माता रानी के मंदिर में माता के आशीर्वाद से नव, विवाहित जोड़े अपने वैवाहिक जीवन के सुखद होने की कामना करते हुए नए जीवन की शुरुआत करते हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**पतलीकूहल।** कुल्लू के नग्गर जाणा रोड के पास स्थित नजदइला होटल के पास हुए सड़क हादसे में बिहार के एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय दिलखुश कुमार पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र यादव, निवासी गांव एवं डाकखाना चिकनीफुल्का, तहसील पंचमछिया, थाना गमरीमा, जिला मधेपुरा बिहार जो कि वर्तमान में दीपक शर्मा निवासी गांव चौक डाकखाना नगर जिला कुल्लू के घर किरायेदार हैं। उन्होंने बताया कि यू/एस 173 बीएनएसएस पर 5 अक्तूबर देर रात 9 बजे नशाला से नग्गर की तरफ आते समय नग्गर जाणा रोड पर स्थित नजदइला होटल के पास मोटर साइकिल नंबर एचपी 34ई 5673 पर सवार 45 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र उतीम लाल निवासी गांव थाडी पसतपार, डाकखाना धवोला, जिला साहड़सा बिहार, जो कि हाल ही में चांद किशोर निवासी गांव जोक डाकखाना नग्गर, तहसील व जिला कुल्लू का किरायेदार था, उसके द्वारा लापरवाही और तेज रफ्तार से मोटर साइकिल चलाने के कारण मोटरसाइकिल अचानक से अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पर स्थित पैराफिट से टकरा गया, जिसका नतीजा ये हुआ कि इस सड़क हादसे में पंकज कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकिमोटरसाइकिल में साथ बैठे दिलखुश कुमार को मामूली चोट आई है। इस संदर्भ में मृतक के परिजनों को अवगत करवा दिया गया है और मृतक का पोस्टमार्टम क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में करवाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 ग्राम चिट्टे के साथ 2 युवक गिरफ्तार



**कुल्लू।** पुलिस थाना भुंतर के अंतर्गत दो युवकों से तलाशी के दौरान चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने गश्त के दौरान ट्रक यूनियन पार्किंग के समीप भुंतर बाजार में एक मोटरसाइकल एचपी34ई-2867 को चैकिंग के लिए रोका गया। इस दौरान मोटर साइकल पर सवार 24 वर्षीय हिमांशु पुत्र विद्या सागर निवासी गांव पिरड़ी डाकघर मौहल तहसील व जिला कुल्लू तथा 26 वर्षीय योगराज पुत्र भगत सिंह निवासी गांव खदाहन डाकघर हुरला तहसील भुंतर जिला कुल्लू के पास से 50 ग्राम चिट्टा/ हेरोइन बरामद किया गया। इस संदर्भ में उपरोक्त दोनों ही आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना भुंतर में धारा 21, 25 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर इन्हें नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### सरवरी के व्यक्ति को पहुंचाया 2 करोड़ का नुकसान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय के समीप सरवरी में आखाड़ा बाजार के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने अपने साथ हुई ठगी के बारे में कुल्लू पुलिस थाने में शिकायत कर उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की अपील की है। इस संदर्भ में कुल्लू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरवरी निवासी कांशी राम ने अपनी शिकायत में बताया है कि अखाड़ा बाजार के रहने वाले आरिफ अली ने पहले तो उसकी पत्नी के नाम 5 लाख रुपए का लोन बैंक में बनाया और उसके बाद अखाड़ा बाजार में एक दुकान 12 लाख रुपए में ली। इसके बाद उक्त आरोपी ने बैंक में अपने नाम से 10 लाख रुपए का कर्ज भी ले लिया और उस दुकान को आरोपी ने बाद में किसी और व्यक्ति को बेच डाला। कांशी राम ने बताया कि आरोपी ने जब बैंक में कर्ज लिया था, तो उसने कर्ज लेते समय 20 लाख रुपए की गारंटी दी थी। कांशी राम ने बताया कि आरोपी ने गारंटी के लिए उसके 2 बीघा के बगीचे को बैंक में गिरवी रखवाया था। उसके बाद कांशी राम ने एक प्राइवेट फाइनांसर से 7 लाख रुपए 5 प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर ऋण के तौर पर लिए और वो भी आरोपी को दिए, लेकिन अब 4 वर्ष बीत जाने के बाद आरोपी न तो पैसे दे रहा है और न ही बातचीत करने के लिए आ रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार है और उक्त आरोपी के कारण उन्हें करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति पहुंची है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### जवानों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति की वार्षिक फायरिंग के अंतिम दिन का आयोजन बट रेंज जिस्पा में किया गया। मयंक चौधरी, पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति द्वारा स्वयं फायरिंग अभ्यास किया गया एवं जवानों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस तीन दिवसीय फायरिंग अभ्यास का आयोजन राज कुमार, हिमाचल पुलिस सेवा, पुलिस उपअधीक्षक जिला मुख्यालय की देखरेख में किया गया। फायरिंग अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों की फायरिंग क्षमता और तत्कालिक प्रतिक्रिया को बढ़ाना है। इस अभ्यास के माध्यम से पुलिस कर्मियों को वास्तविक स्थिति में हथियारों के सटीक और कुशल उपयोग की तकनीक सिखाई जाएगी, जिससे जिले की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस वर्ष के अभ्यास में फायरिंग और आंसू गैस का उपयोग भी शामिल है। फायरिंग अभ्यास में विभिन्न प्रकार के हथियारों का प्रयोग किया गया, जिसमें लक्ष्य पर सटीक निशाना साधने और तात्कालिक निर्णय लेने की क्षमता को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आंसू गैस का अभ्यास भी किया जाएगा, जिससे पुलिस अधिकारी भीड़ को नियंत्रण और हिंसक प्रदर्शनों के दौरान इसका प्रभावी उपयोग सीख सकें और आपात स्थितियों में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया दे सकें।

### मां भगवती जागरण में भक्तिमय हुआ माहौल



**भुंतर।** कुल्लू जिले की तहसील भुंतर में विशाल भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से मेला ग्राउंड में संपन्न हुआ। 12वें विशाल जागरण कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के प्रतिनिधियों की ओर से कांगड़ा जिला के ज्वालाजी से माता की पावन ज्योत को भुंतर लाया गया। शनिवार शाम को जागरण कार्यक्रम आरंभ हुआ , जिसमें भुंतर सहित आसपास के इलाकों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में भजन कलाकार विक्की सोनी तथा मनीषा ठाकुर ने मां का गुणगान किया। वहीं, साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी भजन प्रस्तुति दी। माता की ज्योत के दर्शन व आशीष के लिए भक्त जन पंढाल में बारी-बारी आते रहे। जागरण के उपलक्ष्य में शिव मंदिर भुंतर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जागरण समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों राजेंद्र उप्पल, गुलशन अरोड़ा, अजय गुप्ता, अनिल धीमान, अशोक कुमार, पंकज अग्रवाल, सुमित वैद्य, सतीश कुमार, शिवम, संजय, प्रवीण, शौनिक, दीपक, चमन लाल, रविंद्र, सोहित, खजाना राम, दीवान, सुनील, राजिंद्र, राजेश, बलदेव, कार्तिक, बलबीर आदि ने बताया कि हर साल इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता का काफी सहयोग रहा वहीं माता रानी की असीम कृपा बनी रही।

# मिनी मैराथन में रोहित ठाकुर और साक्षी रहे अव्वल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

हिमाचल वन विभाग के वन्य प्राणी विंग की ओर से आयोजित वन्य प्राणी सप्ताह के उपलक्ष्य पर आयोजित मिनी मैराथन में सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मानव -वन्य प्राणी सह अस्तित्व के लिए प्रयासों के रूप में किया जाता है। सरकार की ओर से पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी संतुलन को सही बनाने तथा वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क एक विश्व धरोहर है। हम सभी को इस पार्क क्षेत्र में अच्छी तरह भ्रमण कर इसके बारे में ज्ञान अर्जित करना चाहिए। 73वें वन्य प्राणी सप्ताह के छठे दिवस पर आयोजित मिनी मैराथन का शुभारंभ सीपीएस ने फारेस्ट कालोनी कुल्लू से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मैराथन में कुल्लू एवं आसपास के 10 सरकारी वन्य जीव विद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसका समापन नेचर पार्क



मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर।



माहौल में किया गया। मिनी मैराथन में पुरुष वर्ग में ब्वॉयज स्कूल कुल्लू के रोहित ठाकुर, भूट्टी स्कूल के आयुष ठाकुर तथा ब्वॉयज स्कूल कुल्लू के अनुराग ठाकुर क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में गर्ल्स स्कूल सुल्तानपुर की साक्षी, सोनिया ठाकुर व किरण ठाकुर क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। सीपीएस ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं उन्होंने सभी विद्यार्थियों से वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए अपना योगदान देने के लिए तथा मानव एवं वन्य प्राणी से अस्तित्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा ने अपने वक्तव्य में सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर डीएफओ वन्य प्राणी कुल्लू राजेश कुमार शर्मा, डीएफओ एंजेल चौहा, प्रवीण कुमार, सचिन शर्मा, मनोज कुमार, शशि किरण, चंद्रशेखर तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक अनुराधा राणा सहित डीसी, एसपी भी दौड़ में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहौल-स्पीति में 73वें जिला स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह आयोजन के तहत जिला मुख्यालय केलांग में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन का आयोजन डीसी कार्यालय परिसर से शक्सनाला होते हुए बिलिंग पुल तक किया गया। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने मिनी मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान विधायक ने स्वयं भी रेस में शामिल होकर जिला वासियों को वन्य जीवों के संरक्षण व संवर्धन, स्वच्छता व पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने का सकारात्मक संदेश देते हुए मिसाल कायम की और प्रतिभागी बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर प्रेरित किया। दौड़ के दौरान डीसी व एसपी मयंक चौधरी, ऑफिसर कमांडिंग रवि शंकर सहित विभागीय अधिकारियों स्थानीय लोगों ने भी मिनी मैराथन दौड़ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बिलिंग पुल पर मिनी



मिनी मैराथन के विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करती हुई विधायक अनुराधा राणा।

मैराथन दौड़ के समापन के उपरांत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करती हुई विधायक अनुराधा राणा ने अपने संबोधन में बताया कि लाहौल-स्पीति के हरित आवरण को बढ़ाने के लिए वन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री वन विस्तर योजना के तहत बंजर, ऊंची ढालानदार चारागाहों पर पौधारोपण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। विधायक ने कार्यक्रम में, कारदंग गांव की वन भूमि पर साढ़े तीन हेक्टर भूमि में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया। अनुराधा राणा ने कहा कि इस रकबे में कायल देवदार व छरमा प्रजाति के पौधे रोपित किए जाएंगे। मिनी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर अंशुमन रहे। द्वितीय स्थान पर आशीष व तृतीय स्थान पर खुशविंदर ठाकुर रहे। इसी तरह से महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर तमन्ना खान, द्वितीय पर सोनम छोकिड और तृतीय स्थान पर रिनचेन डोल्मा रही। वन्य प्राणी सप्ताह के तहत चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, प्रथम स्थान पर वंशिका सेन, द्वितीय स्थान पर तमन्ना खान और तृतीय स्थान पर दिवांशी रही।

## दोर्जे छोपेल ने हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

मिनी तिब्बत के नाम से मशहूर स्पीति घाटी में रविवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति राहुल जैन ने हिमाचल वन विभाग की ओर से मनाए जा रहे 73वें वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर वन विभाग स्पीति की ओर से स्पीति में वन्य जीव संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए न्यू सर्किट हाउस काजा से लेकर शेगो तक आयोजित मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में मुंसलिंग स्कूल रंगरिक और काजा स्कूल के स्कूली बच्चों सहित सेना के 20 जवानों और 11 डोगरा के



जवानों ने हिस्सा लिया। मिनी मैराथन में 95 से अधिक प्रतिभागी शामिल थे। मैराथन सुबह के 6:30 बजे प्रारंभ हुआ और इसमें भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागी बड़ी संख्या में सुबह 6 बजे से ही पहुंचने लगे और मैराथन में भाग लेने के लिए उत्साहित दिखे। राहुल जैन ने कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। स्पीति जैसे दुर्गम एवं दूरदराज के क्षेत्र में वन्य जीव संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और भी कार्य करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को वन्य जीव संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई। मिनी मैराथन दौड़ में दोर्जे छोपेल ने प्रथम, छेरिंग दोर्जे ने द्वितीय तथा मयंक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीएफओ मंदार जेवर, आईएफएस ने बढ़ते विकास और पर्यटन के बीच वन्यजीवों और उनके आवासों के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।

### एबीवीपी ने आयोजित की स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

## 5 विभिन्न केंद्रों में करवाई गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे प्रदेश भर में रविवार 6 अक्तूबर को स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।

इसी उपलक्ष्य पर एबीवीपी जिला कुल्लू के द्वारा भी कुल्लू के विभिन्न केंद्रों में यह समान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई गई। एबीवीपी जिला कुल्लू के द्वारा इस प्रतियोगिता के लिए 5 केंद्रों का चयन किया गया, जहां पर सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता को करवाया गया। एबीवीपी ने कुल्लू महाविद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर भुंतर, सरस्वती पब्लिक स्कूल जरी, सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं तथा थाची कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन किया। एबीवीपी हर वर्ष स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करवाती है, जिससे बच्चों को आने वाले समय में किसी भी तरह की कोई भी परीक्षा देने में परेशानी नहीं होती। इस तरह की प्रतियोगिताओं को सफलता पूर्वक



करवाने के लिए कुल्लू के बहुत से कार्यकर्ता इस अभियान में महीनों से जुड़े हुए हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को एबीवीपी के सदस्यों ने सफलतापूर्वक करवाकर छात्रों के मनोबल को बल देने का कार्य किया है। इस कार्य को सफल बनाने में विभाग सयोंजक अमन ठाकुर, संगठन मंत्री रोहित राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिमरन ठाकुर, इशू बिष्ट, सान्या, आंचल, रिया, अंजली, अरमान, परीक्षित, शानू, निखिल और हिमांशु लगातार प्रयासरत रहे।

**परेशानी** दशहरे से एक दिन पूर्व माता हिडिंबा आएंगी पनगां, लोगों ने की रास्ता ठीक करने की मांग

# पतलीकूहल बस स्टैंड तैयार, पैदल रास्ते हो गए बीमार

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल बस स्टैंड बनकर तैयार हो चुका है और बस स्टैंड का उद्घाटन जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री करने जा रहे हैं, मगर बस स्टैंड बनाने वालों ने बस स्टैंड के साथ बने रास्ते को बुरी तरह से खराब कर दिया है। एक तरफ जहां अब सिर्फ बदबू का साम्राज्य है।

वहीं, रास्ते पानी से भरे पड़े हैं, जो कि दलदल का रूप धारण कर रहे हैं। इस बारे में जब संबंधित विभाग व ठेकेदार से बार बार गुहार लगाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बस स्टैंड संबधित विभाग की ओर से ठेकेदार से तैयार करवा दिया गया है। बाकायदा विभाग की ओर से पूरी बाउंड्री कवर कर दी गई है, मगर बाउंड्री के बाहर रास्ते की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बुजुर्ग तो छोड़िए, इस पैदल रास्ते से नौजवानों का गुजरना भी दुभर हो गया है। जहां बस स्टैंड बना है। वहीं से पनगां रोड़ के लिए पैदल रास्ता है। जहां से बाड़ी, जैंडी रंखडू गांव जाने वाले बहुत से लोग यहां से गुजरते हैं, ताकि उन्हें लंबा सफर न तय करना पड़े, मगर अब इस मार्ग से गुजरना आफत मोल लेने के बराबर हो गया है। (अनंत ज्ञान)





पतलीकूहल बस अड्डे के पास से गुजरने वाले रास्ते की खस्ता हालत को बयां करती हुई तस्वीरें।

> जिस समय इस तरफ बाउंड्री वॉल लगाई जा रही थी, उसी समय पंचायत ने यहां नाली बनाने का निवेदन ठेकेदार से किया था, मगर उनकी मांग पर गौर नहीं किया गय। पंचायत ने 3 बार रेजुलेशन भी दिया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।
>
> **सीमा, प्रधान ग्राम पंचायत हलान-2।**

> बस स्टैंड के पीछे से पानी की कूहल बनी हुई है। वहीं, पानी ओवर फ्लो होकर रास्ते पर आ जाता है। पानी की निकासी न होने के कारण पानी रास्ते पर इकट्ठा हो जाता है। संबंधित जेई को निरीक्षण के लिए कहा गया है जल्द इसका समाधान निकाल दिया जाएगा
>
> **आरएम कुल्लू।**

### 12 को पहुंचेंगी हिडिंबा माता

**नए** बने बस स्टैंड के पीछे से पनगां रोड़ पर माता हिडिंबा का स्थान है, जो कि यहां के लोगों की आस्था का केंद्र भी है। लोगों ने संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि कुल्लू के दशहरा से पहले उस रास्ते को ठीक किया जाए, ताकि लोगों को पैदल चलने फिरने में दिक्कत महसूस न हो।

### बढ़ा करंट का खतरा

**कूहल** का पानी जिस जगह पर रुक गया है उसी स्थान पर पतलीकूहल बाजार के लिए एक ट्रांस फार्मर लगा हुआ है। ऐसे में पानी रुकने के कारण बिजली का करंट लगने का खतरा भी पैदा हो गया है। किसी की मृत्यु होने की स्थिति में इसी रास्ते से शव शमशान ले जाया जाता है, मगर रास्ता बदहाल होने के कारण अब शव बीच चौक से होकर ले जाना पड़ रहा है। बाड़ी गांव के पूर्व प्रधान भीखम राम ठाकुर ने मांग की है कि लोगों की सुविधा के लिए करीब 50 साल पहले बने रास्ते को ठीक किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने बस स्टैंड के लिए सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बस स्टैंड की मांग अनेक सालों से की जा रही थी, जो अब पूरी भी हो गई है, मगर लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान भी रखा जाना जरूरी है।



## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-17 गर्ल्स आईपीएससी क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 8 से 11 तक ऑल इंडिया अंडर-17 गर्ल्स आईपीएससी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। 8 को आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा 11 को आयोजित समापन समारोह में निदेशक सीआरआई, डिंपल कसाना मुख्यातिथि रहेंगी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट भारत के 4 विशिष्ट स्कूलों की टीमों की प्रतिभा प्रदर्शित करेगा। इन संस्थानों में महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर, मॉडर्न स्कूल दिल्ली, दिल्ली पब्लिक स्कूल आर के पुरम और मेजबान पाइनग्रोव स्कूल, सोलन शामिल हैं। पाइनग्रोव के समर्पित संपर्क अधिकारियों की ओर से टीमों के उत्तम आवास और स्वादिष्ट व्यंजनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है।

### हरिपुरधार में बस की चपेट में आई महिला

**राजगढ़।** जिला सिरमौर के हरिपुरधार में एक महिला को बस की तरफ दौड़ना महंगा पड़ गया। बस की चपेट में आने से महिला घायल हो गई, जिसे सीएचसी हरिपुरधार में प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ ले जाया गया। इसके बाद सोलन और वहां से शिमला रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक एचआरटीसी की एक बस लानी बोराड़ से शिमला की तरफ जा रही थी। बस जब हरिपुरधार पहुंची, तो जासवी गांव की 80 वर्षीय महिला दुर्गी देवी बस की तरफ दौड़ पड़ी। इस बीच उसका पैर फिसला और वह बस की चपेट में आ गई। गनीमत ये रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाकर तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। इससे महिला टायर के नीचे आने से बच गई। हादसे में महिला के पैर में भी भारी चोट आई है। मौके पर मौजूद लोग दुर्गी देवी को तुरंत सीएचसी हरिपुरधार ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे 108 एंबुलेंस से राजगढ़ रेफर किया गया। इसके बाद महिला को सोलन अस्पताल में उपचार दिया गया। यहां से महिला को शिमला रेफर किया गया है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### बोर्ड के चेयरमैन बने डीआर आनंद, वाइस रोशन



**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति की बैठक नवरात्र के शुभ अवसर पर गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। तेगुबेहड़ अस्पताल में चली बिस्तरों की सेवा के साथ, अब मरीजों को इमरजेंसी में ऑक्सीजन सिलेंडर भी उपलब्ध होंगे। वहीं, नवरात्र के पावन वेला पर नगर पंचायत की नवनियुक्त अध्यक्षा रविंद्रा डोगरा को टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित किया और खुशी का इजहार करते हुए केक भी काटा गया। साथ ही रणवीर ठाकुर को लाईफ टाइम मेंबर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने अपने संबोधन में सबसे पहले सभी सदस्यों का योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया और समिति के महिला विंग की कोषाध्यक्ष रविंद्रा डोगरा को नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भुंतर को सुंदर बनाने व उत्थान के लिए रविंद्रा डोगरा प्रमुखता से काम करेंगी हम सभी का सहयोग भी इनके साथ रहेगा। समिति के मुख्य प्रमुखता डीआर आनंद ने मंच संचालक की बेहतरीन भूमिका निभाते हुए संस्था के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया। वहीं, बैठक में जरूरतमंद लोगों की जटिल समस्याओं को सही तरीके से निपटाने के लिए बोर्ड के गठन का फैसला लिया, जिसमें सर्वसम्मती से बोर्ड का चेयरमैन डीआर आनंद को तो वाइस चेयरमैन रोशन लाल को बनाया गया, सदस्य झावे राम, अनील धीमान व नीना घई को मनाया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल , महासचिव रविंदर परमार, सहसचिव झावे राम पहलवान, मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद, महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई, कोषाध्यक्ष रविंद्रा डोगरा, प्रवक्ता नीलम घई, आजीवन सदस्य रणवीर ठाकुर, मुस्कान महाजन, सदस्य शेर सिंह, निक्कू राम आदि उपस्थित रहे।

# शूलिनी व दुर्गा माता मंदिर में किया नवरात्र का पाठ

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शरद नवरात्र पर सोलन के मां शूलिनी देवी व दुर्गा माता मंदिर में दुर्गा संकीर्तन मंडली, नव दुर्गा व बाल वैष्णो नवरात्र पढ़ते हुए।

शरद नवरात्र पर सोलन के मां शूलिनी देवी व दुर्गा माता मंदिर में दुर्गा संकीर्तन मंडली, नव दुर्गा संकीर्तन मंडली व बाल वैष्णो संकीर्तन मंडली के सदस्य शरद नवरात्र पर सोलन शूलिनी देवी व दुर्गा माता मंदिरों दुर्गा संकीर्तन मंडली, नव दुर्गा संकीर्तन मंडली व बाल वैष्णो संकीर्तन मंडली के सदस्य माता के नवरात्र पढ़ रहे हैं।

शूलिनी माता मंदिर में मोहनदत शर्मा, विशाल ओवराय, अमित ओवराय, प्रदीप इंग्रेवर, अमीत कुमार ने माता के भजनों के साथ तीसरा नवरात्र पढ़ते हुए माता चंद्रघंटा की स्तुति और अराधना की नव दुर्गा संकीर्तन मंडली के पूर्व प्रधान मोहन दत्त शर्मा व सदस्य प्रदीप इंग्रेवर ने बताया कि दोनों मंदिरों में नौ दिन माता के नवरात्र पढ़े जाते हैं, जिसमें भजनों द्वारा माता की आराधन करते हुए भजनों के माध्यम से माता का शिंगार भजन, भोग भजन गाकर भोग लगाया जाता है। नवरात्र में नौ रातों को भजन किया जाता है। नौ रातों में एक-एक कर नौ देवियों की अराधना और सतुती की जाती है। चौथे नवरात्र पर कूष्मांडा माता के नाम का नवरात्रा पढ़ा जाएगा। सोलन में नवरात्र पढ़ने की परंपरा तकरीबन 70 साल से ज्यादा पुरानी है, जो आजतक भक्तों द्वारा जारी रखी गई है। सोलन में परंपरा को शुरू करने वाले स्वर्गीय ईशवर दास मेहरा व मेलाराम मेहरा व उनके परिवार के सदस्य थे, जो आज भी सोलन में व्यापार कर रहे हैं। शूलिनी माता मंदिर में मोहनदत शर्मा, विशाल ओवराय, अमित ओवराय, प्रदीप इंग्रेवर, अमीत कुमार ने माता के भजनों के साथ तीसरा नवरात्र पर माता चंद्रघंटा की स्तुति और अराधना की।

नव दुर्गा संकीर्तन मंडली के पूर्व प्रधान मोहन दत्त शर्मा व सदस्य प्रदीप इंग्रेवर ने बताया कि दोनों मंदिरों में नौ दिन माता के नवरात्र की स्तुति होती है, जिसमें भजनों द्वारा माता की आराधन करते हुए भजनों के माध्यम से माता का श्रृंगार व भजन कर भोग लगाया जाता है। चौथे नवरात्र पर कूष्मांडा माता के नाम का नवरात्र पढ़ा जाएगा। इस अवसर पर विशाल ओबेरॉय, दीपक वर्मा, नीरज वर्मा, विवेक ओबरॉय, संजय अग्रवाल, अमितओबरॉय, चंद्रकांत, अशोक गागट, राकेश अग्रवाल, मोनू गुप्ता, मोहन दत्त शर्मा, जगमोहन मल्होत्रा, नीरज गुप्ता, अनूप सिंगल, छोटू बिग, सतीश बंसल, मोनू गुप्ता और समाजसेवी मुकेश गुप्ता व आमजन मौजूद रहे।

# मेला बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए एक बेहतरीन मनोरंजन गतिविधि



देव विजेश्वर मेला सादना घाट के आयोजन पर पहुंचे मुख्यातिथि ओम आर्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

देव विजेश्वर मेला सादना घाट के समापन समारोह में समाजसेवी ओम आर्या ने मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान गोपाल सिंह ने ओम आर्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर साथ लगते सभी क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति और मेले के दर्शक उपस्थित थे।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल व पंजाब हरियाणा और दिल्ली के पहलवानों ने अपनी कुश्ती के जौहर दिखाए। ओम आर्य ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला चाहे शहर का हो या गांव का, यह बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए एक बेहतरीन मनोरंजन गतिविधि प्रदान करता है।

एक मनोरंजक कार्यक्रम होने के अलावा, यह उन विक्रेताओं के लिए आजीविका का स्रोत भी है, जो इस पर निर्भर हैं। कई छोटे विक्रेता और फेरीवाले अपने व्यवसाय के लिए मेलों पर निर्भर हैं।

# सरकार की अपना विद्यालय योजना ला रही रंग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सरकार की अपना विद्यालय योजना रंग ला रही है। स्कूल गोद लेने की मुहीम में सोलन में भी लोगों का इस तरफ रुझान बढ़ रहा है। इस मुहीम में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अन्य शिक्षा अधिकारियों ने जिले के 69 स्कूलों को गोद लिया है। गोद लेने वाले अपने स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं जुटाने और गुणात्मक शिक्षा के लिए भी सहयोग करेंगे।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सभी मंत्री, विधायक, श्रेणी-1 व 2 के राजपत्रित अधिकारी, डीसी, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, उपमंडलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक भी स्कूल को गोद लेकर उसके संरक्षक बन सकते हैं। सोलन के धर्मपुर शिक्षा खंड के कादो स्कूल को निदेशक प्रारंभिक शिक्षा आशीष कोहली ने लिया है। इस स्कूल से उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की थी। योजना के तहत उन्होंने इस स्कूल को गोद लिया है। इसके अलावा प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक डॉ. शिव कुमार ने सोलन शिक्षा खंड के राजकीय प्राथमिक पाठशाला रबोण, सैरी पाजो स्कूल को गोद लिया है। इसके अलावा अन्य स्कूलों को भी शिक्षा खंड अधिकारी, स्कूल मुख्यअध्यापक समेत एसएमसी की ओर से भी कई स्कूलों को गोद लिया है। संबंधित गोद लिए स्कूलों में विकास कार्य, बेहतरीन शिक्षा गुणवत्ता प्रदान करने समेत अन्य फंडिंग को लेकर भी कार्य करेंगे। उधर, शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के 69 स्कूलों को गोद लिया गया है। गोद लेने वाले स्कूलों के विकास को लेकर कार्य करेंगे, जिसमें उन्हें फंडिंग, शिक्षा गुणवत्ता समेत अन्य सुविधाओं को भी प्रदान कर सकते हैं।

# दो गुटों में आपसी विवाद : पुलिस ने धमकी देने वाले पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में तीन दिन से चल रहा दो गुटों के बीच का विवाद अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है। रविवार को पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज ने प्रेस वार्ता करते हुए उक्त मामले में पांच दोषियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की।

बद्दी पुलिस ने धमकी देने वाले पांच आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर एक बार फिर से पुलिस की निर्भय व सत्यनिष्ठ कार्रवाई का संदेश दे दिया है। दोषियों की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रकट कर रहे युवक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट हैं। बीते दिन से रोष प्रकट कर रहे युवाओं में रोष था कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज ने बीते दिन शनिवार को रोष प्रकट करने वाले युवाओं को कानून अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया था। गौरतलब रहे कि कुछ दिन पहले विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी, जिसके बाद हिंदू संगठनों ने एकत्रित होकर दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला भी दर्ज किया था और मामले की तफ्तीश शुरू की, जबकि शुक्रवार को पुलिस थाना में भी कुछ युवकों के द्वारा धमकियां दी थी, जिसके बाद पुलिस ने तफ्तीश करते हुए धमकी देने वाले दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।



### दोषियों को पकड़ा जा रहा : इल्मा अफरोज

**जिला** पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस हर मामले की कानून के तहत कार्रवाई कर रही है और दोषियों को पकड़ा जा रहा है। धमकी देने के मामले में शिकायत मिली थी, जिस पर नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### इनके खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**पुलिस** ने संबंधित मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें अकबर उर्फ अक्कू निवासी बागवानियां, शब्बीर उर्फ सोनू निवासी मानपुरा, नसीरूदीन निवासी खेड़ा, सोनू निवासी मानपुरा व इकबाल निवासी चनाल माजरा बद्दी शामिल हैं।

# सुक्खू सरकार ने अब लगा दिया टॉयलेट टैक्स : जयराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अभिनंदन कार्यक्रम में नाहन पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए सुक्खू सरकार पर चौथा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल पर टैक्स लादने का अंतहीन सिलसिला शुरू कर दिया, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मात्र 20 महीने के कार्यकाल में जब सरकार को टैक्स लगाने के लिए और कुछ नहीं बचा, तो उसने शौचालय पर ही टैक्स लगा दिया।



शौचालय पर टैक्स लगाने वाला हिमाचल देश का इकलौता राज्य है और सुक्खू इकलौते मुख्यमंत्री। 2 साल में सरकार ने प्रदेश को 10 साल पीछे कर दिया है। मुख्यमंत्री ने सत्ता संभालते ही सिर्फ और सिर्फ टैक्स बढ़ाने का ही काम किया है। एक तरफ भारत में स्वच्छता अभियान चल रहा है और केंद्र सरकार स्वच्छता और खुले में शौच मुक्त के लिए भारी-भरकम राशि खर्च कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की सरकार और उसके मुख्यमंत्री हर टॉयलेट सीट से 25 हर महीने वसूल करना चाहते हैं। दुनिया भर की जग हंसाई के बाद सरकार ने यह फैसला तो वापस ले लिया, लेकिन इस फैसले के बहाने सरकार की मानसिकता पूरे देश में उजागर हो गई। जयराम ने कहा कि रोहित ठाकुर एक आधिकारिक टूर के तहत उत्तर प्रदेश का दौरा करके आए हैं। अगर उन्हें यूपी की शिक्षा नीति और पद्धति बेहतर काम कर रही है, तो उसे हिमाचल में लागू करने में क्या असुविधा है। बेहतर चीजें देश में कहीं भी हो, वह प्रदेश में लागू की जानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस को उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नाम से समस्या है इसलिए उनके द्वारा किए गए किसी कार्य को हिमाचल में लागू करने पर कांग्रेस हाई कमान के नेताओं को समस्या होती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार की नीतियों से तंग आकर प्रदेश की ज्यादातर इंडस्ट्री प्रदेश से बाहर चली गई हैं।

सरकार संरक्षित अराजकता से त्रस्त होकर प्रदेश की इंडस्ट्री ने राहुल गांधी की तरह हिमाचल से इंडस्ट्री ने टाटा बाय बाय कर दिया है। सरकार उद्योगों को परेशान कर रहे हैं। उद्योगों को डराने, धमकाने से लेकर सरकारी नीतियों से उन्हें परेशान करने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी, जिस कारण प्रदेश में इंडस्ट्री के सामने पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

# हिमाचल में मंदिर मठ का अपमान नहीं सहेगी हिंदू परिषद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री तुषार डोगरा ने कहा कि विधानसभा के अंदर मंत्री ने कहा कि संजौली में बनी मस्जिद की जमीन सरकार की है। ऐसे में नीचे के जो दो तल बचे हैं। उसमें जमीन का हक सरकार का है। सरकार अपनी जमीन को वापस ले और हिमाचल प्रदेश के अन्य कोने में जहां इस प्रकार की बिल्डिंग बनी है।

उन बिल्डिंग को तुरंत प्रभाव से रोकने और कानूनी कार्रवाई कर उन पर प्रदेश सरकार को एक्शन लेना चाहिए। यह बात रविवार को सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त महामंत्री तुषार डोगरा ने कही। हिमाचल प्रदेश में जहां भी हिंदू प्रदर्शन कर रहे हं अपनी एकता दिखा रहे हैं, वहां पर पुलिस का दुरुपयोग कर जैसे मुकदमे बनाए जा रहे हैं। यह गलत है। हिमाचल देवभूमि को दानव भूमि नहीं बनने दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद हिंदुओं के साथ यदि कहीं पर भी भेदभाव होता है, तो उनके साथ खड़ा मिलेगा। संजौली मामले में आए न्यायालय के फैसले का विश्व हिंदू परिषद सम्मान करती है और तुरंत प्रभाव से उसका पालन भी होना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद लगातार कह रही है कि सामाजिक तत्व बाहर से आकर और सुनोयोजित तरीके से हमारे मठ मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहे। अवैध रूप से सरकारी भूमि का अधिग्रहण कर कहीं मस्जिद बनाई जा रही है, तो कहीं मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जो कि कानूनी तरीके से अवैध है। किसी के भी बाहर से आने पर कोई परहेज नहीं है। विश्व हिंदू परिषद समय-समय पर सरकार से मांग करती आई है कि बाहर से आने वाले सभी व्यक्तियों की वेरिफिकेशन होनी चाहिए। वेरिफिकेशन आधार कार्ड पर नहीं, जहां से व्यक्ति आता है, वहां से होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में व्यवसाय करने पर कोई रोक नहीं है। संविधान इसकी इजाजत देता है। कोई भी हिमाचल प्रदेश में आकर व्यवसाय कर सकता है, लेकिन जिस थाना से व्यक्ति आया है। वह वहां के पुलिस थाना से पत्र लेकर आए और यहां भी पुलिस थाना में जमा करवाए। कोई भी व्यक्ति यदि हिमाचल प्रदेश में मंदिरों व मठ का अपमान करेगा, तो उसका विश्व हिंदू परिषद पुरजोर विरोध करेगा। बाहर से आने वाले लोग न तो जीएसटी भरते हैं और न ही कहीं पर टैक्स देते हैं।



# बिजली मीटर को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, अर्की**

बिजली उपमंडल अर्की के अंतर्गत आने वाली सभी घरेलू और होटलों वाले उपभोक्ताओं से सहायक अभियंता नीरज कतना ने अपील की है कि बिजली विभाग की ओर से बिजली मीटर खाता संख्या को उनके आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 तक है।

केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ताओं को जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और बिजली का कोई भी नया और पुराना बिल साथ में होना चाहिए और केवाईसी के दौरान अपना मोबाइल साथ में रखना होगा, जो मोबाइल नंबर आधार कार्ड से जुड़ा हो। अगर कोई भी उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है या केवाईसी नहीं करवाना चाहता है वह उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है, जिसके लिए वह उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

**उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से रह सकता हैं वंचित**

# उपयोग किए गए कुकिंग तेल को क्रय कर किया जाएगा बॉयो डीजल तैयार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन नरेंद्र कुमार धीमान ने कहा कि तलाई के लिए उपयोग किए जा रहे तेल को उपयोग करने से उपभोक्ताओं को कई तरह की गंभीर बीमारियां जैसे कैंसर, हृदय रोग आदि हो सकते हैं इसलिए उपयोग किए गए कुंकिग तेल को क्रय कर बॉयो डीजल तैयार किया जाएगा।

सरकार ने निर्णय है कि होटल, ढाबों, हलवाइयों से तलाई के उपरांत बचे हुए तेल को 30 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से सुशील वैष्णव, मैसर्स केएनपी अराइजेस ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड आदि खरीदे जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे बॉयो डीजल तैयार किया जाएगा। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है, बल्कि इस पहल से देश व प्रदेश भी आर्थिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने सोलन में कार्यरत होटल, ढाबों, हलवाइयों से अपील की है कि वह सरकार की इस पहल में रूची लेकर तलाई के उपरांत बचे हुए तेल को तलाई के लिए बार-2 उपयोग न करें व इस तेल से बॉयो डीजल तैयार करने के लिए उपरोक्त फर्म को निर्धारित दाम पर विक्रय करें।

### रोमांच ओर रफ्तार से भरपूर चौथी रैली ऑफ हिमालय संपन्न, 125 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# नीतीश गति का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान पर रहे

**अनंत ज्ञान, केलांग**

हिमालय की पर्वतीय श्रृंखलाओं के बीच सर्पीली सड़कों पर तेज़ रफ्तार से नसों में रोमांच भरने वाली एक्सट्रीम मोटर रैली जिसे रैली ऑफ हिमायल कहा जाता है उसका विधिवत समापन हो गया।

3 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में रफ्तार और रोमांच के चाहने वाले 125 प्रतिभागियों ने रैली में भाग लेकर प्रतियोगिता को रोमांचक बनाए रखा। मनाली, रोहतांग, लाहौल-स्पीति की सुंदर वादियों में रैली ऑफ हिमालय की चौथी रैली को विधिवत संपन्न किया गया। इस प्रतियोगिता में 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 75 बाइक और 25 कारें आदि वाहन शामिल थे। रैली में सभी प्रतिभागियों ने अपनी ड्राइविंग क्षमता का परिचय देते हुए रेस का आखिर तक रोमांचक बनाए रखा और अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देते रहे। 2W मोटो श्रेणी में, नीतीश ने उल्लेखनीय धीरज और गति का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 2W ओपन कार श्रेणी के विजेता अजगर अली और इब्राहिम अली थे, जिन्होंने रैली के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन किया।




विभिन्न श्रेणियों के परिणामों के बाद प्रतिभागियों ने पुरस्कार वितरित कर जश्न मनाया गया, जिसमें सम्मानित मुख्यातिथियों ने भाग लिया। मनाली के एसडीएम रमन शर्मा और पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा, जिन्होंने प्रतिभागियों की समर्पण और खेल भावना की सराहना की।

**कार्यशाला** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित, 10 दिनों तक कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

# बालकों की देख-रेख व संरक्षण अधिनियम की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पोक्सो अधिनियम-2012 एवं बाल विवाह अधिनियम-2006 के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता गौतम ने की।

कविता गौतम ने कहा कि 2 से 11 अक्तूबर तक 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत 10 दिनों तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करती हुई कार्यकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता गौतम।

कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के बारे में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल श्याम लाल कश्यप ने लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम-2012 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अधिनियम के तहत बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया के हर चरण को सुरक्षित किया गया है, ताकि बाल अपराधों को कम किया जा सके।

बाल समिति के अध्यक्ष कमल वर्मा ने किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख व संरक्षण) अधिनियम की जानकारी दी। कार्यशाला में पुलिस विभाग के अधिकारियों, उच्च तथा प्राथमिक शिक्षा के शिक्षकों सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# अंतर्सदनीय पीटी प्रतियोगिता में देवदार सदन विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 5 अक्तूबर को अंतर्सदनीय पीटी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में 14 जीटीसी सुबाथू के यशपाल राणा, फिजिकल ट्रेनर कंपनी हवलदार, मेजर एपीटीसी तथा पीटी प्रशिक्षक एनके प्रदीप रोका निर्णायक के रूप में सम्मिलित हुए। पाइनग्रोव में डिजाइन और निष्पादित एक नियमित और संरचित पीटी पाठ्यक्रम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित किया जाने वाला सामुहित अभ्यास है, जिसमें पूरा सदन सम्मिलित भूमिका निभाता है। कार्यकारी निदेशक, कैप्टन एजे सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया तथा उन्हें इस तरह के फिटनेस कार्यक्रम को स्वस्थ रहने के जीवन शैली में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में ओक सदन के स्वर्णिम गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ पीटी लीडर चुना गया। तो वहीं, देवदार सदन ने विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। चिनार तथा टीक सदन ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, ओक सदन तीसरे स्थान पर रहा।



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में पीटी प्रतियोगिता में अव्वल रहा देवदार हाउस।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई चौक पर किसानों ने लगाया धरना



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर स्थित आईटीआई चौक पर किसानों ने धरना दिया। किसान धान की खरीद न होने के चलते गुस्साए हुए हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में किसानों ने अपने ट्रैक्टर टॉली बीच सड़क पर खड़े कर ट्रैफिक जाम कर दिया है। यातायात अवरुद्ध होने की वजह से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हजारों वाहन ट्रैफिक जाम में फंस गए हैं। गर्मी और तेज धूप की वजह से लोगों को ट्रैफिक जाम में परेशान होना पड़ रहा है। किसानों की मांग की है कि जब तक धान की खरीद शुरू नहीं होती तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे। किसानों की धरने की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया है और पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस अधिकारी किसानों को सड़क से धरना हटाने के लिए मना रहे हैं, लेकिन किसान हटने को तैयार नहीं हैं।

### अस्थायी रूप से बंद की साइट्स को किया शुरू

**चंडीगढ़।** स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण अस्थायी रूप से बंद की गई प्रमुख विभागों की वेबसाइटों को सुचारू कर दिया गया है। आज अपनी सरकार, ई-, ऑफिस, ई-रवन्ना पोर्टल, चारधाम पंजीकरण जैसी मुख्य साइट को सुचारू कर दिया गया है। इससे पहले शनिवार को सीएम हेल्पलाइन को सुचारू कर दिया गया था। गौरतलब है कि 2 अक्तूबर को स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण उत्तराखंड शासन की कई महत्वपूर्ण साइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। शनिवार को राजस्थान से देहरादून लौटने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनआईसी, आईटीडीए, पुलिस विभाग आदि के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने सोमवार तक सभी साइट्स के सुचारू संचालन के निर्देश दिए थे। सीएम हेल्पलाइन में पिछले दो दिन में लगभग 2034 कॉल्स में से 1879 को वापस दर्ज कर लिया गया है। जिसमें लोगों को कॉल बैक किया गया और इसमें से 600 से अधिक शिकायतें दर्ज कर दी गई हैं।

### ब्लड बैंक की गैलरी में लगी आग

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) के ब्लड बैंक की गैलरी में अचानक आग लगी गई। आग लगने से अस्पताल में हड़कंप मच गया। यह आग डक बॉक्स में लगी थी, लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। लेकिन, कुछ देर के लिए अस्पताल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

### स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के तरीके बताए



**चंडीगढ़।** नियमित हृदय स्वास्थ्य जांच और परक्यूटेनियस कोरोनरी एंजियोग्राफी (पीटीसीए) करवाने के बाद स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना, रोगी की सेहत के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा, रोगियों और उनके परिवारों को देखभाल और नियमित जांच रणनीतियों के बारे में बताया जाना चाहिए जो हृदयाघात को रोकने में मदद कर सकती हैं। डॉ. आरके जसवाल ने बताया कि यदि कोई मरीज, जिसने परक्यूटेनियस कोरोनरी एंजियोग्राफी (पीटीसीए) करवाया है, और सही मेडिकल फॉलो अप का सख्ती से पालन करता है और वह स्वस्थ जीवन शैली अपनाता है, तो उसे दूसरा दिल का दौरा पड़ने या अचानक हृदयाघात से मृत्यु की संभावना कम हो जाती है।

### अमेरिका में तूफान से अब तक 227 की मौत

**फ्रैंकफर्ट (अमेरिका)।** अमेरिका में 'हेलेन' तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 227 हो गई। इस भयानक तूफान ने अमेरिका के दक्षिण-पूर्व में भारी तबाही मचाई है। छह राज्यों में लोगों की मौत हुई है। तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों के शवों को निकालने का काम एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी जारी है। 'हेलेन' 26 सितंबर को तट पर आया और उसने फ्लोरिडा से उत्तर की ओर बढ़ते हुए व्यापक पैमाने पर विनाश किया। तूफान के प्रभाव से हुई भीषण बारिश में कई मकान बह गए। बिजली व मोबाइल फोन सेवाएं ठप हो गईं।

### दुबई की एयरलाइंस में पेजर और वॉकी-टॉकी पर बैन

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई की एमिरेट्स एयरलाइन ने अपने यात्रियों के लिए पेजर और वॉकी-टॉकी ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले महीने लेबनान में हुए पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोटों के बाद यह फैसला लिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि दुबई से आने-जाने वाले या दुबई से होकर जाने वाले सभी यात्रियों के चेक किए गए। केबिन बैगेज में पेजर और वॉकी-टॉकी ले जाने की मनाही है। कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाए जाने पर उसे दुबई पुलिस की ओर से जब्त कर लिया जाएगा। वहीं, एयरलाइन ने घोषणा की है कि इराक और ईरान के लिए फ्लाइट्स मंगलवार तक निलंबित रहेंगी।

### उत्तराखंड में दो पर्वतारोहियों को सुरक्षित निकाला



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में छह हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर चौखंबा में पिछले तीन दिन से फंसीं दो महिला विदेशी पर्वतारोहियों को रविवार सुबह सुरक्षित निकाल लिया गया। चमोली के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन की दो पर्वतारोहियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में ही मौजूद एक फ्रांसीसी पर्वतारोही दल की मदद ली गई। भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित निकाल कर ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) लाया गया।

### महाराष्ट्र में 50 छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

**लातूर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में सरकारी कॉलेज के छात्रावास में शनिवार रात का भोजन करने के बाद संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण करीब 50 छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 'पुरणमल लाहोटी शासकीय पॉलिटेक्निक' के इस छात्रावास में 324 छात्राएं रहती हैं। अधिकारियों ने बताया कि छात्राओं ने चावल, चपाती, 'ओकरा' सब्जी खायी और दाल का सूप पीया। रात को कुछ छात्राओं को उल्टी होने लगी।

# राइस मिलरों को मिली राहत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने राइस मिलरों को बड़ी राहत दी है। पांच हजार टन से अधिक भंडारण क्षमता वाले मिलरों को अब पांच प्रतिशत अधिग्रहण लागत के बराबर बैंक गारंटी नहीं देनी होगी। इसी के साथ ही 10 प्रतिशत सीएमआर सिक्योरिटी वापस की जाएगी। अब कस्टम मिलिंग (सीएमआर) पर मिलरों को केवल 10 रुपए प्रति टन के हिसाब से भुगतान करना होगा। पहले 175 रुपये प्रति टन थी। इसी के साथ ही शैलर मालिक अब रविवार से धान की खरीद करेंगे।



मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में शनिवार को पंजाब राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से तरसेम सैनी, बाल कृष्ण बाली, भारत भूषण, इंद्रजीत समेत 12 सदस्यों ने भाग लिया। सीएम मान ने धान की खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राइस मिलरों के साथ बैठक कर उनकी लंबित मांगों को पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि 5 हजार टन से अधिक धान भंडारण की क्षमता वाले मिलरों को अब तक जो 5 प्रतिशत अधिग्रहण लागत के बराबर बैंक गारंटी देनी पड़ती थी। (अनंत ज्ञान)

### चावल मिल मालिकों ने हड़ताल खत्म की

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के चावल मिल मालिकों को आश्वासन दिया कि वह उनके मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे, जिसके बाद मिल मालिकों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। बयान के अनुसार, चावल मिल मालिकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने पहले ही भारत सरकार के समक्ष जगह की कमी का मुद्दा उठाया है, जिसके बाद केंद्र सरकार दिसंबर, 2024 तक राज्य में 40 लाख टन और मार्च, 2025 तक 90 लाख टन जगह खाली करने पर सहमत हो गई है। चावल मिल मालिक धान के भंडारण के लिए अधिक स्थान बनाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर थे।मुख्यमंत्री मान ने कहा कि केंद्र ने राज्य से गेहूं और धान के परिवहन के संबंध में लिखित आश्वासन दिया है कि भारतीय खाद्य निगम ने राज्य में 15 लाख टन गेहूं और धान के लिए पहले ही एक योजना प्रस्तुत कर दी है।

## ताजा बर्फबारी से गुलमर्ग हुआ आकर्षक, सर्दियों की हुई शुरुआत

**अशोक ठाकुर, जम्मू-कश्मीर**

जम्मू और कश्मीर के गुलमर्ग में हाल ही में ताजा बर्फबारी हुई है, जो क्षेत्र में सर्दियों की जल्दी शुरुआत का संकेत देती है। यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और स्कीइंग के लिए प्रसिद्ध है, अक्सर सर्दी के महीनों में भारी बर्फबारी का अनुभव करता है, जिससे यहां के स्कीयर और बर्फ प्रेमियों की संख्या बढ़ जाती है।



इस बार की जल्दी बर्फबारी से उम्मीद की जा रही है कि यह एक जीवंत शीतकालीन पर्यटन सीजन की ओर इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों के लिए यह बर्फबारी न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि बर्फ पिघलने के कारण पानी की उपलब्धता में भी सुधार करेगी, जो स्थानीय पारिस्थितिकी और कृषि के लिए फायदेमंद है।

गुलमर्ग की बर्फबारी ने पर्यटकों को आकर्षित करने का काम शुरू कर दिया है, और स्थानीय व्यवसायों में भी हलचल बढ़ गई है। स्कीइंग रिसॉर्ट्स और होटल अपने दरवाजे खोलने के लिए तैयार हैं, जिससे सर्दियों की पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

स्थानीय पर्यटक और आगंतुक इस सर्दी में गुलमर्ग की बर्फ से ढकी पहाड़ियों का आनंद लेने के लिए तैयार हैं, जबकि क्षेत्र के विकास के लिए नई संभावनाएं खुल रही हैं। बर्फबारी ने न केवल पर्यटन को प्रेरित किया है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी खुशियों का स्रोत बन गई है। (अनंत ज्ञान)

## फाजिल्का में 'आप' के स्थानीय नेता को गोली मारी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के फाजिल्का जिले में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के स्थानीय नेता को गोली मार दी गई। इस घटना के लिए आप विधायक जगदीप कंबोज ने शिरोमणि अकाली दल को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को फाजिल्का के जलालाबाद में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के बाहर 'आप' नेता मनदीप सिंह बराड़ और कुछ अकाली दल कार्यकर्ताओं के बीच बहस के बाद हुई। इस घटना में बराड़ के सीने में गोली लगी है। वह मोहम्मद वाला गांव से सरपंच पद के उम्मीदवार हैं। बराड़ को जलालाबाद के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें लुधियाना स्थानांतरित कर दिया गया। जलालाबाद से 'आप' विधायक जगदीप कंबोज ने आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल के नेता वरदेव सिंह नोनी मान ने कथित तौर पर बराड़ पर गोली चलाई। मान पूर्व सांसद जोरा सिंह मान के बेटे हैं।

## शोपियां के नदीमर्ग में 21 साल बाद गूंजा जय भोलेनाथ

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

कश्मीर घाटी में बदले माहौल के बीच कश्मीर पंडित फिर अपनी जड़ों से जुड़ने लगे हैं। आतंकवाद के दौर में वे जिन घरों और जमीनों को मजबूरन छोड़ आए थे। वे वहां दोबारा बसने के लिए उत्साहित हैं। खंडहर हो चुके अपनी धार्मिक आस्थाओं के केंद्र मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं। शनिवार को शोपियां जिले के अंतिम गांव नदीमर्ग में भी करीब 21 साल बाद भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजे। ांव लौटे कश्मीरी पंडितों ने यहां के ऐतिहासिक अर्धनरेश्वर मंदिर में शिवलिंग और मूर्तियों की स्थापना की। पूरे अनुष्ठान को विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर पूरा किया गया। हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर घाटी में सुख-शांति की कामना की। पंडितों ने कहा, इस मंदिर का जीर्णोद्धार आने वाली पीढ़ियों के लिए आशापूर्ण भविष्य का प्रतीक है।



### आरलैक जेसी बेस्ट पैन रिलीफ आयल के ब्रांड अंबेसेडर बने गिरीश थापर




**चंडीगढ़ ।** लंबे अर्से से घुटनो के दर्द से परेशान था फिर आरलैक जे सी बेस्ट पैन रिलीफ आयल का इस्तेमाल करने से आराम मिलने के बाद प्रोडक्ट से प्रभवित होकर, अब सभी को जागरूक करने की योजना बना रहा हूं, ताकि शारीरिक दर्द की समस्या से सबको छुटकारा मिल सके और यही कारण है कि अब आरलैक जे सी बेस्ट पैन रिलीफ आयल की बिना फीस के, ब्रांड अंबेसेडर बनने का फैसला लिया है। यह बात बॉलीवुड अभिनेता गिरीश थापर ने कही।

## मोहाली में एजुकेशन सेंटर ऑफ यूएस खुला

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

गत माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल में हुए अमेरिकी दौरे से न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिली है बल्कि अमेरिकी शिक्षा उद्योग को भी भारत में अपना मार्केट विस्तारित करने में राह आसान हुई है।

इसी कड़ी को ओर मजबूती देने के लिए अमेरिकी राज्य अल्बामा के 17 सिनेटर्स और शिक्षाविदों का एक प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे पर है जो कि अमेरिकी शिक्षा के विभिन्न पहलूओं को प्रसारित कर रहा है। शनिवार को इस प्रतिनिधिमंडल ने मोहाली स्थित एजुकेशन सेंटर ऑफ यूएस का उद्घाटन किया गया, जिसमें इन सिनेटर्स के अलावा अमेरिका, पंजाब, हरियाणा के शिक्षाविदों और यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। यह सेंटर इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करवानें में सहायक सिद्ध होगा।



उद्घाटन के बाद चंडीगढ़ प्रेस कल्ब में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए सेंटर के निदेशक राजन कुमार ने विदेश मंत्रालय के आंकड़ो का हवाला देते हुए बताया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान व्यापार 200 बिलियन डॉलर का है जो कि निकट भविष्य में ओर अधिक पनपने के लिए अग्रसर है। इस कड़ी में एज्यूकेशनल सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में 2.70 लाख भारतीय स्टूडेंट्स अमेरिका में शिक्षा ग्रहण कर रहे है जबकि 4.4 मिलियन का व्यापक भारतीय समुदाय अमेरिका में है।

## देश-विदेश

## डबल इंजन मतलब है दोहरा भ्रष्टाचार: अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)-शासित राज्यों में नि:शुल्क बिजली उपलब्ध करवाने की चुनौती दी।

उन्होंने वादा किया कि अगर प्रधानमंत्री इस मांग को पूरा करते हैं तो वह भाजपा के लिए प्रचार करेंगे। केजरीवाल ने 'जनता की अदालत' में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा की 'डबल इंजन' की राज्य सरकारों के नाकाम रहने का आरोप लगाया और हरियाणा व जम्मू-कश्मीर से उनके सत्ता से बाहर होने का अनुमान जताया। उन्होंने 'डबल इंजन' मॉडल को 'दोहरी लूट और दोहरा भ्रष्टाचार' बताया। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी को फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा शासित सभी 22 राज्यों में नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की चुनौती देता हूं। अगर वह ऐसा करते हैं तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव-पूर्व सर्वेक्षण दिखाते हैं कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जल्द ही गिर जाएगी।

**कहा- राजग-शासित राज्यों में निशुल्क बिजली उपलब्ध कराते हैं तो भाजपा के लिए करूंगा प्रचार**

### राजस्थान में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, 10 घायल

**जयपुर।** राजस्थान में दौसा जिले के लालसोट थाना क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने कई दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दस अन्य लोग घायल हो गए। राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। लालसोट थाने के प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि दौसा से जयपुर की ओर आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने बस अड्डे के पास एक बस को टक्कर मारने के बाद कई वाहनों को चपेट में ले लिया, जिससे दुपहिया वाहनों पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई।

## इसराइल का गाजा पट्टी में मस्जिद पर हमला, 21 की मौत

**एजेंसी, देर अल-बला**

इसराइली सेना ने रविवार सुबह गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर हवाई हमले किए। इस हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इसराइल ने उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में भी बमबारी तेज कर दी है। इसराइल सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिज्बुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। इसराइल ने कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है।



### ईरानी मिसाइल हमले का जवाब देना इसराइल का कर्तव्य: नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के हमले का जवाब देना इसराइल का अधिकार और कर्तव्य है और वह ऐसा करेगा। नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि ईरान ने इतिहास में सबसे बड़े बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में से एक को अंजाम देते हुए हमारे क्षेत्र और हमारे शहरों पर दो बार सैकड़ों मिसाइलें दागीं।

## भारत होगा दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब : वैष्णव

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है।

वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है। केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपए के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी कंपनी 2025 की शुरुआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है।



## हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा: भागवत

**एजेंसी, कोटा**



**भारत** को हिंदू राष्ट्र बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। हम यहां प्राचीन काल से रह रहे हैं, भले ही हिंदू शब्द बाद में आया। हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि आचरण में अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक गुण हैं।




भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मनाएगी। इससे पहले रविवार को चेन्नई के मरीना बीच पर एयर शो हुआ। इसमें राफेल, सूर्यकिरण और सारंग समेत 72 एयरक्राफ्ट्स ने करतब दिखाए। शो का सबसे बड़ा अट्रैक्शन प्वॉइंट प्रथम विश्व युद्ध में इस्तेमाल हार्वर्डअ-6 जी टैक्सन एयरक्राफ्ट रहा। भारतीय वायुसेना ने 1974 तक हार्वर्ड को इंटरमीडिएट ट्रेनर के रूप में इस्तेमाल किया था।

### यति नरसिंहानंद के बयान पर तनाव

## डासना मंदिर की बढ़ाई सुरक्षा भारी संख्या में पुलिस तैनात

**एजेंसी, गाजियाबाद**

**जूना** अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना के देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाषण दिया था। इसमें उन्होंने मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला जलाने को गलत बताया। इसके बाद मौहम्मद साहब पर टिप्पणी कर दी। इस पर महंत के खिलाफ एआईएमआईएम, जमीयत उलमा-ए-हिंद, मुस्लिम युवा मंच और कई अन्य मुस्लिम संगठन महंत की गिरफ्तारी की मांग लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में डासना मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



## आरजी कर मामला : संदीप घोष के 10 विश्वासपात्र डॉक्टर निष्कासित

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारियों ने अधिसूचना जारी कर 10 डॉक्टरों को निष्कासित करने का फैसला लिया है। इसमें इंटर्न, हाउस स्टाफ और सीनियर रेजिडेंट शामिल हैं। ये सभी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के अत्यंत करीबी और विश्वासपात्र थे, जिनके खिलाफ सीबीआई दो मामले में जांच कर रही है।

पहला मामला जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या का है और दूसरा मामला गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का है। निष्कासित 10 लोगों में हाउस स्टाफ आशीष पांडे भी शामिल है, जो वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कथित तौर पर संलिप्त होने के कारण सीबीआई हिरासत में है। आयुषी थापा, निष्कासित 10 डॉक्टरों की टीम में एकमात्र महिला डॉक्टर है।

### ममता सरकार के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का अनशन जारी, बोले- हम झुकने वाले नहीं



**कोलकाता।** कोलकाता में छह जूनियर डॉक्टरों का पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ आमरण अनशन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ये डॉक्टर सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे हैं। आमरण अनशन पर बैठे छह जूनियर डॉक्टरों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष हैं। वहीं उनके सहकर्मी अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मरीजों की सेवा करने के लिए ड्यूटी पर लौट आए हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवंस में रजत पदक जीता



**मुंबई।** भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्राफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया। शिखा यादव की अगुवाई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। लीग दौर में भारत ने श्रीलंका को 29-10 और इंडोनेशिया को 17-10 से शिकस्त दी थी। टीम के रजत पदक पर फक्र महसूस करते हुए भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने कोच वैसाले सेरेवी और सहयोगी स्टाफ का भी शुक्रिया किया।

### सचिन अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग के स्वामित्व ग्रुप में शामिल

**ह्यूस्टन/वॉशिंगटन।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) के स्वामित्व ग्रुप में शामिल हो गए हैं और इस कदम से आगामी वर्षों में अमेरिका में खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनसीएल के तेंदुलकर के जुड़ने की घोषणा के बाद इस महान बल्लेबाज ने कहा, ''क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ी यात्रा रही है और मैं अमेरिका में खेल के लिए ऐसे रोमांचक समय में नेशनल क्रिकेट लीग में शामिल होकर खुश हूं।'' तेंदुलकर ने कहा, ''एनसीएल का उद्देश्य विश्व स्तरीय क्रिकेट के लिए एक मंच तैयार करना है और साथ ही प्रशंसकों की नई पीढ़ी को जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। मैं इस नई पहल का हिस्सा बनने और अमेरिका में क्रिकेट के विकास को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए उत्सुक हूं।''



### दीक्षा कट से चूकीं, अरामको सीरीज में टीम 12वें स्थान पर रही



**शेनजेन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर यहां चार ओवर 77 के एक और निराशाजनक कार्ड से अरामको टीम सीरीज में कट हासिल करने से चूक गईं। पहले दौर में दीक्षा ने 76 का कार्ड खेला था और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें इससे कम का कार्ड खेलने की जरूरत थी, लेकिन वह एक बर्डी ही लगा सकीं जबकि पांच बोगी कर बैठीं। दीक्षा की टीम 12वें स्थान पर रही जिसमें उनकी साथी मोआ फोल्के, जिन्यु काओ और डिंग हैं।

### इरम की खुबसूरती के लोग कायल

**नई दिल्ली ।** इरम जावेद को पाकिस्तान की सबसे क्यूट महिला क्रिकेटरों में से एक माना जाता है। वह बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी से भी टीम में अपनी उपयोगिता साबित करती रहती हैं। उन्हें 2022 क्रिकेट विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में रिजर्व के रूप में शामिल किया गया था। उनकी खुबसूरती के लाखों लोग कायल थे।



### कार्तिक सिंह संयुक्त 18वें स्थान के साथ एएसी में सर्वश्रेष्ठ भारतीय

**गोटेम्बा (जापान)।** युवा गोल्फर कार्तिक सिंह रविवार को यहां 'एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) 2024' में 18वें स्थान पर शीर्ष भारतीय बनकर उभरे। 14 साल के कार्तिक पिछले साल एएसी में कट हासिल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चार दौर में 71, 67, 72 और 70 के कार्ड के साथ कुल पार 280 का स्कोर किया। कट हासिल करने वाले अन्य दो भारतीयों ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णव निखिल चोपड़ा ने तीन अंडर 67 जबकि रक्षित दहिया ने इवन पार 70 का कार्ड खेला। यह दोनों एक समान छह ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 37वें स्थान पर रहे।

### दिल्ली और बंगाल ने अंतिम दौर के मैच जीते, लेकिन क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंचे

**रांची।** दिल्ली और बंगाल ने 14वीं जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में जीत दर्ज की लेकिन यह उन्हें क्वार्टरफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश का सामना उत्तर प्रदेश से, झारखंड की भिड़ंत महाराष्ट्र से, हरियाणा का मुकाबला पंजाब से होगा जबकि छत्तीसगढ़ की टीम ओड़िशा के सामने होगी। दिल्ली ने पूल डी मैच में पुडुचेरी को 2-1 से मात दी जबकि पूल-ई में बंगाल ने बिहार को 9-1 से पराजित किया।

**महिला टी-20 विश्व कप** पाकिस्तान को लीग मैच में छह विकेट से दी शिकस्त

# भारत की विश्व कप में पहली जीत

**एजेंसी, दुबई**

अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर की उम्दा बल्लेबाजी से भारत ने महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को छह विकेट से शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 105 रन बनाए। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में बड़ी हार झेलने के बाद भारतीय टीम को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस मैच को 11.2 ओवर में जीतना था, लेकिन टीम बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करती दिखी। दो मैचों में पहली जीत से भारतीय टीम ग्रुप तालिका में 5वें से चौथे स्थान पर आ गयी। पाकिस्तान हार के बावजूद तीसरे स्थान पर है।

शेफाली वर्मा ने 35 गेंद की पारी में तीन चौके की मदद से 32 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने गर्दन में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 24 गेंद में एक चौके की मदद से 29 रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्स ने 28 गेंद में 23 रन बनाए। हरमनप्रीत चोट के कारण मैच के बाद होने वाले पुरस्कार समारोह में भी नहीं आई। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना 23 रन देकर दो विकेट लिए।

इससे पहले श्रेयंका और अरुंधति ने किफायती गेंदबाजी की। प्लेयर ऑफ द मैच अरुंधति ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा को एक-एक सफलता मिली। पाकिस्तान के लिए अनुभवी निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान ने 34 गेंद की अपनी पारी में एक चौका जड़ा। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने 26 गेंद में दो चौके की मदद से 17 जबकि निचले क्रम में सैयदा अरूब शाह ने 17 गेंद में नाबाद 14 रन बनाए।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाती भारतीय खिलाड़ी।

### भारत की महिला टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान पर 8 मैचों में छठी जीत

**स्कोर बोर्ड**

| पाकिस्तान (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मुनीबा क. रिचा ब. श्रेयंका | 17 | 26 | 2/0 |
| फिरोजा ब. रेणुका | 00 | 04 | 0/0 |
| सिदरा ब. दीप्ति | 08 | 11 | 1/0 |
| सोहेल क. शेफाली ब. अरुंधति | 03 | 06 | 0/0 |
| निदा ब. अरुंधति | 28 | 34 | 1/0 |
| रियाज पगबधा ब. अरुंधति | 04 | 09 | 0/0 |
| फातिमा क. रिचा ब. आशा | 13 | 08 | 2/0 |
| तुबा क. शेफाली ब. श्रेयंका | 00 | 03 | 0/0 |
| शाह (नाबाद) | 14 | 17 | 1/0 |
| नशरा (नाबाद) | 06 | 02 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 12 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 105/8 | | |

**विकेट पतन** : 1-1, 2-25, 3-33, 4-41, 5-52, 6-70, 7-71, 8-99.
**गेंदबाजी** : रेणुका 4-0-23-1, दीप्ति 4-0-24-1, अरुंधति 4-0-19-3, श्रेयंका 4-1-12-2, आशा 4-0-24-1.

| भारत (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली क. रियाज ब. सोहेल | 32 | 35 | 3/0 |
| मंधाना क. तुबा ब. सादिया | 07 | 16 | 0/0 |
| जेमिमा क. मुनीबा ब. फातिमा | 25 | 28 | 0/0 |
| हरमनप्रीत (रिटायर्ड हर्ट) | 29 | 24 | 1/0 |
| रिचा क. मुनीबा ब. फातिमा | 00 | 01 | 0/0 |
| दीप्ति (नाबाद) | 07 | 08 | 1/0 |
| सजना (नाबाद) | 04 | 01 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 06 | | |
| कुल : (18.5 ओवर) | 108/4 | | |

**विकेट पतन** : 1-18, 2-61, 3-80, 4-80.
**गेंदबाजी** : फातिमा 4-0-23-2, सादिया4-0-23-1, निदा1.5-0-10-0, सोहेल 3-0-17-1, नशरा 4-0-21-0, तुब 2-0-14-0.

### भारतीय सेना ने एरेना पोलो मैच में अमेरिकी सेना की टीम को हराया

**एजेंसी, सेक्रामेंटो ( अमेरिका )**

भारतीय सेना की एरेना पोलो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में अमेरिकी सेना की टीम को हरा दिया। भारतीय सेना की टीम 2019 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रही थी।

पृथ्वी सिंह, यतिंदर कुमार, मृत्युंजय सिंह और आरके गौतम की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने यहां लेकसाइड पोलो क्लब में 13-10 से जीत दर्ज की। एरेना पोलो मुकाबला आउटडोर मुकाबले की तरह ही होता है, लेकिन यह 300 फीट गुणा 150 फीट के मैदान पर खेला जाता है, जिसके चारों तरफ चार फीट या इससे अधिक ऊंची दीवार होती है। नियमित पोलो मैच 10 एकड़ के मैदान पर खेला जाता है, जिसमें सिर्फ सीमा रेखा होती है और कोई दीवार नहीं होती।

सामान्य पोलो मैच में साढ़े सात मिनट के चार चकर्स होते हैं। एरेना मुकाबला मिट्टी की सतह पर खेला जाता है जहां असमान सतह पर गेंद उछलती है और साथ ही दीवार से टकराकर भी मैदान में आती है।

### पहला टी-20 : भारत ने बांग्लादेश को सस्ते में रोका

**ग्वालियर।** बांग्लादेश ने भारत को पहले टी-20 में 128 रन का टारगेट दिया है। ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश 19.5 ओवर में 127 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। भारत से वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह ने 3-3 विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन मिराज ने 35 और नजमुल हुसैन शांतो ने 27 रन बनाए। टीम के 6 बल्लेबाज 10 रन आंकड़ा भी नहीं छू सके।



पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### फुटबॉल : वियतनाम के खिलाफ मैत्री मैच 12 अक्तूबर को

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने वियतनाम के खिलाफ आगामी मैत्री मैच के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और टीम के मुख्य कोच मानोलो मार्केज का मानना है कि उनके खिलाड़ी सितंबर की तुलना में शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में हैं।



भारतीय टीम शनिवार को कोलकाता में एकत्रित हुई और रविवार सुबह से ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। यह मैत्री मैच 12 अक्तूबर को होना है।

मानोलो ने कहा, ''निश्चित रूप से शारीरिक रूप से हम सत्र से पहले की तुलना में बेहतर हैं। अब भी कुछ खिलाड़ी हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन वे यहां नहीं हैं। हम अब भी सत्र की शुरुआत में हैं। मैं उन लोगों के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता जो यहां नहीं हैं।''

उन्होंने कहा, ''अगर आप 20 लोगों से बात करेंगे तो वे सभी आपको एक अलग सूची देंगे। हमने इन खिलाड़ियों को बुलाया क्योंकि हमें लगता है कि वे वियतनाम के खिलाफ खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं।''

फारुख चौधरी ने तीन साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। इस फारवर्ड ने 2018 में पदार्पण किया और 14 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 2021 में नेपाल के खिलाफ एक दोस्ताना मैच में एक बार गोल किया। इसी साल फारुख मालदीव में सैफ चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

जहां तक वियतनाम मैच का संबंध है तो दो दिन पहले ही रणनीति में बदलाव करना पड़ा क्योंकि लेबनान ने त्रिकोणीय मैत्री टूर्नामेंट से हटने की घोषणा कर दी। भारत अब एकमात्र मैत्री मैच में 116 रैंकिंग वाली मेजबान टीम से भिड़ेगा।

कोच ने कहा, ''एक तरह से यह काफी खराब है क्योंकि आप केवल एक ही मैच खेलोगे। पर दूसरी तरह यह बेहतर है क्योंकि आपके पास तैयारी के लिए थोड़ा और समय है। अगर हमें नौ अक्टूबर को खेलना होता तो व्यावहारिक रूप से मैच से पहले हमारे पास ट्रेनिंग के लिए सिर्फ दो सत्र होते।''

### आडवाणी ने सिंगापुर ओपन का खिताब जीता



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को स्थानीय दावेदार जेडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर में प्रतिष्ठित सोंगही सिंगापुर ओपन का खिताब जीता।

आडवाणी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान क्वार्टर फाइनल में पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूर चैंपियन थाईलैंड के देचावत पूमजाएंग को 4-3 से हराया था।

ओंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन आडवाणी ने शुरुआती दोनों फ्रेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीते और 2-0 की बढ़त बनाई।

ओंग ने तीसरा फ्रेम जीता लेकिन आडवाणी ने अगले दोनों फ्रेम जीतकर मुकाबला जीत लिया।

### भारतीय हॉकी प्लेयर रानी रामपाल का एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटा सूटकेस

**एजेंसी, हैदराबाद**

भारतीय हॉकी स्टार रानी रामपाल ने रविवार सुबह अपने बैगेज के साथ की गई गलत हरकतों के लिए एयर इंडिया को आड़े हाथों लिया। भारतीय एथलीट हाल ही में अमेरिका और कनाडा की छुट्टियों पर गई थीं। उन्होंने अपनी छुट्टियों में खूब मौज-मस्ती की, लेकिन इस छुट्टी में उन्हें तब बुरा लगा जब बैगेज बेल्ट से बैग उठाते समय उन्हें अपना बैग टूटा हुआ मिला। रानी ने 'एक्स' पर व्यंग्यात्मक तरीके से एयर इंडिया की आलोचना की।

उनके पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'इस शानदार सरप्राइज के लिए एयर इंडिया का शुक्रिया। आपके कर्मचारी हमारे बैग के साथ ऐसा ही व्यवहार करते हैं। आज दोपहर कनाडा से भारत वापस आते समय दिल्ली में उतरने के बाद मैंने पाया कि मेरा बैग टूटा हुआ है।'

एयर इंडिया ने तुरंत जवाब देते हुए असुविधा के लिए माफी मांगी। साथ ही, उन्होंने टिकट विवरण और बैग टैग नंबर सहित विवरण मांगा. रानी ने फिर उम्मीद जताई कि इस समस्या को हल करने के लिए सही उपाय किए जाएंगे। कई अन्य उपयोगकर्ताओं ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एयर इंडिया के बारे में यही शिकायत की।





रानी भारतीय महिला हॉकी टीम की एक महत्वपूर्ण हस्ती हैं और अक्सर राष्ट्रीय टीम में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाने में कप्तानी की थी और समापन समारोह में देश की ध्वजवाहक भी रहीं। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारत की कप्तान के रूप में सबसे सफल कार्यकाल निभाया था, जब टीम पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंची थी।

**शतरंज** आनंद की अगुवाई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने हार का सिलसिला तोड़ा

# अलास्का नाइट्स की अजेय लय जारी

**एजेंसी, लंदन**

पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने अपनी अजेय लय जारी रखी जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग (जीएलसी) के तीसरे दिन अपनी पहली जीत हासिल की। पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स पर 12-3 की शानदार जीत के साथ अपनी बढ़त में इजाफा किया।

उसने लगातार चार जीत का रिकॉर्ड बनाए रखते हुए 12 मैच अंक और 49 गेम अंक हासिल किए। गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने शनिवार को दो मैच खेले। पहले मैच में अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 15-3 से जीत दर्ज की, जिसमें अलीरेजा फिरोजा ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी, लेकिन दूसरे मैच में गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स से मामूली अंतर से हार गई।




त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स छह मैच अंक और 43 गेम अंक के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है जो शीर्ष से सिर्फ छह अंक पीछे है।

अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने भी अपग्रैड मुंबा मास्टर्स को 12-4 से हराकर प्रभावित किया। वे अब छह मैच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। तीन मैच में 27 गेम अंक से वह त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स से पीछे है। चौथे स्थान पर मौजूद अपग्रैड मुंबा मास्टर्स के पास पाइपर्स से हारने के बाद चार मैचों में महज एक जीत और 29 गेम अंक हैं। दिन के अंतिम मैच में बड़ा उलटफेर देखने को मिला जिसमें पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने त्रिवेणी पर 10-8 की जीत से आखिरकार अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया। इससे टीम चार मैच में एक जीत और 24 गेम अंक के साथ 5वें स्थान पर हैं।

हिकारू नाकामुरा की अमेरिकन गैम्बिट्स अंतिम स्थान पर है जिसने केवल एक मैच जीता है और उसके तीन मैच में 16 गेम अंक हैं। उसे त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने 15-3 से हराया।

### सुल्तान जोहोर कप में भारतीय जूनियर टीम की कमान संभालेंगे आमिर अली

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आमिर अली को 19 अक्तूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है और रोहित उप-कप्तान होंगे जबकि महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्तूबर को जापान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम का सामना ब्रिटेन (20 अक्तूबर), मेजबान मलेशिया (22 अक्तूबर), ऑस्ट्रेलिया (23 अक्तूबर) और न्यूजीलैंड (25 अक्तूबर) से होगा। शीष-2 टीमें 26 अक्तूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे, जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था।

कप्तान अली ने कहा, ''सुल्तान जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए परीक्षा के तौर पर काम करेगा।'' उन्होंने कहा, ''सभी खिलाड़ी मलेशिया में बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।''



**भारतीय हॉकी टीम**

**गोलकीपर:** बिक्रमजीत सिंह, अली खान।
**डिफेंडर :** आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उप कप्तान)।
**मिडफील्डर:** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव।
**फॉरवर्ड:** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद कोनैन डैड।